
# हरिभूमि

छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी


खजाने के ताले आखिरी बार 1978 में खुले थे



- नवीन पटनायक सरकार और बीजेपी में इसे लेकर चला था विवाद
- भाजपा ने खजाने से रत्न गायब होने का लगाया था आरोप
- भाजपा ने ताला खोलने की थी मांग



*आखिरकार इंतजार खत्म हो गया है। ओडिशा के पुरी में मौजूद जगन्नाथ मंदिर का रत्न भंडार रविवार दोपहर 1.28 बजे खोल दिया गया है। इस दौरान भंडार गृह में सरकार के प्रतिनिधि, एएसआई के अधिकारी, श्री गजपति महाराज के प्रतिनिधि समेत 11 लोग मौजूद हैं। मंदिर का खजाना आखिरी बार 46 साल पहले 1978 में खोला गया था। ओडिशा सरकार ने भंडार खोलने के प्रस्ताव को मंजूरी दे दी थी।*

**टाइम लाइन**

- **12 बजे दोपहर** राज्य सरकार की बनाई कमेटी के 11 सदस्य मंदिर पहुंचे और अनुष्ठान किया
- **1.28 बजे दोपहर** रत्न भंडार का पहला दरवाजा खोला गया। यह समय एक बैठक में तय किया गया था
- **5.20 बजे शाम** रत्न भंडार में गई टीम और अन्य सदस्य बाहर आए

# जगन्नाथ मंदिर रत्न भंडार के 46 साल बाद खुले ताले

## सांपों के खौफ में अंदर जाने से हिचके अफसर

एजेंसी ▸▸ पुरी

पुरी के जिलाधिकारी सिद्धार्थ शंकर स्वैन ने कहा, रविवार को रत्न भंडार को फिर से खोला गया। श्री जगन्नाथ मंदिर अधिनियम के अनुसार सरकार के जारी मानक संचालन प्रक्रियाओं का सख्ती से पालन किया गया। ओडिशा हाई कोर्ट के रिटायर्ड जस्टिस विश्वनाथ रथ की अध्यक्षता वाली विशेष समिति के सदस्य ▸▸ शेष पेज 7 पर

### 5-6 दिन बाद खुलेगा आंतरिक भंडार

जस्टिस रथ ने बताया कि वे लोग 5 घंटे तक वहां रहे। समय कम था, इसलिए नए ताले लगाकर रत्न भंडार को दोबारा सील किया और चाबियां जिम्मेदारों को सौंप दीं। 5-6 दिन के बाद आंतरिक भंडार खोला जाएगा। सामान शिफ्ट करने के बाद, इसे एएसआई के लोगों के लिए खाली छोड़ दिया जाएगा।

### आरबीआई के अफसर रहे मौजूद

सूची बनाने का काम भारतीय रिजर्व बैंक के प्रतिनिधि की मौजूदगी में शुरू हुआ। गिनती पूरी होने के बाद एक डिजिटल सूची बनाई जाएगी। जस्टिस ने बताया कि हमने इसमें भारतीय रिजर्व बैंक को ▸▸ शेष पेज 7 पर






## खबर संक्षेप

### पीएम मोदी के 'एक्स' 10 करोड़ फॉलोअर



**नई दिल्ली।** सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के फॉलोअर की संख्या रविवार को 10 करोड़ के आंकड़े को पार कर गई। पिछले तीन साल में उनके फॉलोअर की संख्या में तीन करोड़ की वृद्धि हुई है। वैश्विक स्तर पर वह पहले से ही इस सोशल मीडिया मंच पर सबसे ज्यादा फॉलो किए जाने वाले सरकार प्रमुख हैं।

### कार्लोस अल्काराज ने जीता चौथा ग्रैंड स्लैम



**लंदन।** टेनिस ग्रैंड स्लैम टूर्नामेंट विंबलडन 2024 का पुरुष एकल मुकाबला रविवार को सर्बिया के स्टार टेनिस खिलाड़ी नोवाक जोकोविच और स्पेन के कार्लोस अल्काराज के बीच खेला गया। इस मुकाबले में अल्काराज ने सर्बियाई स्टार को सीधे सेटों में हरा दिया। उन्होंने अपने करियर का चौथा ग्रैंड स्लैम खिताब जीता।

### 19 जुलाई को फिर से होगी सीयूईटी-यूजी



**नई दिल्ली।** एनटीए ने सीयूईटी-यूजी के 1000 से अधिक अभ्यर्थियों के लिए 19 जुलाई को दोबारा परीक्षा आयोजित करने का फैसला किया है। सीयूईटी-यूजी 2024 की अस्थायी उत्तर कुंजी जारी की थी। घोषणा की थी कि यदि परीक्षा के संचालन के बारे में छात्रों द्वारा उठायी गई कोई शिकायत सही पायी जाती है तो वह 15 से 19 जुलाई के बीच सीयूईटी-यूजी अभ्यर्थियों के लिए फिर से परीक्षा आयोजित करेगा।

### ईडी ने रायपुर समेत देश में नियुक्त किए अफसर




**नई दिल्ली।** ईडी ने रायपुर, भोपाल समेत देश भर में स्थित अपने कार्यालयों में विभिन्न पदों पर 24 से अधिक नवनियुक्त और हाल ही में पदोन्नत हुए अधिकारियों को तैनात किया है। कैडर के अधिकारियों को भुवनेश्वर, रायपुर, भोपाल, चेन्नई, गुवाहाटी स्थित ईडी के क्षेत्रीय कार्यालयों और दिल्ली स्थित मुख्यालय में संयुक्त निदेशक के पद पर तैनात किया गया है।

## ट्रंप पर हमले के बाद एजेंसियां अलर्ट, पीएम मोदी ने भी जताई चिंता

# अमेरिका के पूर्व राष्ट्रपति ट्रंप पर हमला, कान छेदते निकली गोली

- चुनावी रैली के दौरान की गई फायरिंग
- सुरक्षाबलों ने हमलावर को मार गिराया



*अमेरिका के पूर्व राष्ट्रपति एवं रिपब्लिकन पार्टी से राष्ट्रपति पद के उम्मीदवार डोनाल्ड ट्रंप पर पेनसिल्वेनिया में शनिवार को एक चुनावी रैली में हमला किया गया। गोली उनके कान को छेदते निकल गई। घटना के बाद ट्रंप को अमेरिकी सीक्रेट सर्विस एजेंट तुरंत मंच से बाहर ले गए। रिपोर्ट के अनुसार, ट्रम्प की रैली में गोलीबारी के बाद शूटर को मार गिराया गया। ट्रंप के हमले को लेकर पीएम नरेंद्र मोदी समेत दुनियाभर के नेताओं ने चिंता जताई है।*



एजेंसी ▸▸ वाशिंगटन


यूएस सीक्रेट सर्विस के अनुसार शाम करीब 6.15 बजे एक संदिग्ध हमलावर ने पेनसिल्वेनिया के बटलर में रैली स्थल के बाहर एक ऊंचे स्थान से मंच की ओर कई गोलियां चलाईं। इसके बाद संघीय एजेंसी के कर्मियों ने ट्रंप को तत्काल वहां से बाहर निकाल कर सुरक्षित स्थान पर पहुंचाया। ट्रंप (78) के प्रवक्ता स्टीवन चेउंग ने एक बयान में कहा, वह ठीक हैं और स्थानीय चिकित्सा केन्द्र में उनकी जांच ▸▸ शेष पेज 7 पर

### बंदूकधारी समेत दो की मौत

घटना के बाद एक बयान में ट्रम्प के प्रवक्ता ने कहा कि वह ठीक हैं और एक स्थानीय चिकित्सा सुविधा में उनकी जांच की जा रही है। प्रवक्ता स्टीवन चेउंग ने कहा कि राष्ट्रपति ट्रम्प ने इस गोलीबारी के दौरान त्वरित कार्रवाई के लिए धन्यवाद दिया हैं। रिपोर्ट के अनुसार, रैली में गोलीबारी के बाद कम से कम एक इसमें उपस्थित एक व्यक्ति और बंदूकधारी की मौत हो गई।

### देशवासियों को किया संबोधित

#### बाइडन बोले-कोई धारणा न बनाएं



इधर, राष्ट्रपति जो बाइडन ने देशवासियों से 'एक राष्ट्र के रूप में एकजुट' होने की अपील की। उन्होंने कहा कि वह स्वतंत्र सुरक्षा समीक्षा का आदेश दे रहे हैं। इसकी जांच एफबीआई कर रही है। उन्होंने हमलावर के इरादे या किसी संबद्धता के बारे में कोई 'धारणा' नहीं बनाने की अपील की।

### पीएम मोदी ने कहा-लोकतंत्र में हिंसा के लिए कोई जगह नहीं



प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने पूर्व अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप पर हुए हमले की निंदा की और उनके शीघ्र स्वस्थ होने की कामना की। प्रधानमंत्री मोदी ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर पोस्ट कर लिखा कि अपने मित्र, पूर्व राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप पर हुए हमले से बहुत चिंतित हूं। घटना की कड़ी निंदा करता हूं। राजनीति और लोकतंत्र में हिंसा के लिए कोई जगह नहीं है।

### ट्रंप पर हमले के बाद फिर दहला अमेरिका

#### 7 की मौत



डोनाल्ड ट्रंप की रैली में फायरिंग के बाद अमेरिका में गोलीबारी का एक नया मामला सामने आया है। शनिवार देर रात को बर्मिंघम के एक नाइट क्लब में हुई गोलीबारी में चार लोगों की मौत हो गई। इसके अलावा एक अन्य फायरिंग मामले में एक बच्चे समेत तीन लोगों की जान चली गई है। बर्मिंघम पुलिस विभाग के अधिकारी ट्रूमैन फिट्जगेराल्ड ने एक वीडियो में जानकारी दी है कि अधिकारियों ने 27वीं स्ट्रीट नॉर्थ के 3400 ब्लॉक पर एक नाइट क्लब के बाहर कई लोगों को गोली मारे जाने की सूचना पर रात 11 बजे के बाद तुरंत कार्रवाई की। बर्मिंघम फायर एंड रेस्क्यू कर्मियों को नाइट क्लब के पास एक फुटपाथ पर एक व्यक्ति और क्लब के अंदर दो महिलाओं की लाशें मिलीं।

### सशस्त्र समूह ने किया हमला

## मणिपुर में उग्रवादियों के हमले में जवान शहीद



एजेंसी ▸▸ इंफाल

मणिपुर के जिरीबाम जिले के मोंगबुंग गांव में रविवार सुबह संदिग्ध उग्रवादियों के हमले में सीआरपीएफ का एक जवान शहीद हो गया। पुलिस ने बताया कि हमले में एक पुलिसकर्मी भी घायल हुआ है, जिसे अस्पताल में भर्ती कराया गया है। मृतक की पहचान बिहार के 43 वर्षीय अजय कुमार झा के रूप में की गई है। पुलिस के एक अधिकारी ने कहा, जवान के सिर में गोली लगी थी और अस्पताल ले जाने पर उसे मृत घोषित कर दिया गया। मुख्यमंत्री एन बीरेन सिंह ने हमले की निंदा की और घायलों के शीघ्र स्वस्थ होने की प्रार्थना की। मैं आज जिरीबाम जिले में एक सशस्त्र समूह के हमले और उसमें सीआरपीएफ के एक जवान की हत्या की कड़ी निंदा करता हूं।

### इधर, कश्मीर में मार गिराए तीन आतंकी

जम्मू-कश्मीर में आतंकी अपने नापाक मंसूबों को कायम करने की फिराक में हैं। इसी के मद्देनजर रविवार को भारत-पाकिस्तान सीमा से सटे कुपवाड़ा के केरन सेक्टर में नियंत्रण रेखा पर घुसपैठ की कोशिश की गई। सुरक्षबलों ने इस कोशिश को नाकाम करते हुए तीन आतंकियों को मार गिराया। इनके पास से हथियार और अन्य युद्ध सामग्री बरामद की गई है। फिलहाल ऑपरेशन जारी है। इससे पहले जम्मू के सीमावर्ती क्षेत्र के अखनूर सेक्टर में चिनाब नदी के पास गुडा पाटन गांव में संदिग्ध दिखे थे। इसके बाद सुरक्षा बलों का शिकंजा कसता देख आतंकी मौके से फरार होने में कामयाब रहे थे।

### कांग्रेस ने कहा- मोदी अपनी दुनिया में मस्त

मणिपुर की हिंसा को लेकर कांग्रेस ने दुख जताया है। पार्टी की ओर से एक्स पर पोस्ट जारी की गई। इसमें लिखा, 1 साल से ज्यादा हो गए, मणिपुर आज भी हिंसा की आग में झुलस रहा है, लेकिन प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को इससे फर्क नहीं पड़ता। वो अपनी दुनिया में मस्त हैं।

### कोल कारोबारी के आफिस के बाहर फायरिंग का मामला

## स्टेशन से दिल्ली रूट की ट्रेन से भागे शूटर्स, तीन राज्यों में तलाश करने टीमें रवाना



वसूली गैंग का दुस्साहस...

कारोबारी पर दिनदहाड़े फायरिंग, शूटरों ने खौफ पैदा करने चलाईं गोलियां, थर्राया रायपुर शहर



हरिभूमि न्यूज ▸▸ रायपुर

**हरिभूमि फॉलोअप**

राजधानी के तेलीबांधा थाना क्षेत्र के रिंगरोड पर दो दिन पूर्व अज्ञात बदमाशों द्वारा कारोबारी की कार पर फायरिंग की घटना को अंजाम देने वाले बदमाशों के बारे में पुलिस को अब तक कोई ठोस सुराग हाथ नहीं लगे हैं। पुलिस को श्याम नगर में शूटर्स की बाइक मिलने के साथ ही स्टेशन रोड के पास बदमाशों का अंतिम फुटेज मिला है। बदमाशों को दबोचने पुलिस की तीन अलग-अलग टीम झारखंड, राजस्थान तथा मध्यप्रदेश के लिए रवाना हुई है। इसके साथ ही क्राइम ब्रांच की टीम बदमाशों के बारे में स्थानीय स्तर पर पतासाजी करने में जुटी हुई है। ▸▸ शेष पेज 7 पर

### अमन मेरे लिए भगवान से बढ़कर

मलेशिया में बैठे छद्म नाम रखे गैंगस्टर मयंक सिंह ने सोशल मीडिया में एक बयान जारी कर कहा कि उसके लिए झारखंड जेल में बंद अमन साव भगवान से बढ़कर है। साथ ही मयंक ने दावा किया कि अमन की अनुपस्थिति में वह गैंग का सारा काम देखता है। मयंक ने शूटआउट को छोटी-मोटी घटना बताते हुए कहा कि ऐसे काम उसका बॉस नहीं देखता, उसे वह स्वयं हैंडल करता है। मयंक ने झारखंड जेल में बंद अमन को प्रताड़ित करने का आरोप लगाया है, साथ ही प्रताड़ित करने वालों को सजा देने की बात कहते हुए अपने गुरु अमन को गुरुदक्षिणा देने की बात का सोशल मीडिया में उल्लेख किया है।

### बाइक की जांच में जुटी पुलिस

बदमाश झारखंड पासिंग की बाइक में घटना को अंजाम देने के लिए पहुंचे थे। नंबर के आधार पर पुलिस बाइक मालिक के बारे में जानकारी जुटाने की कोशिश कर रही है। साथ ही पुलिस इस बात की भी जानकारी जुटाने की कोशिश कर रही है कि बाइक में जो नंबर प्लेट लगी है, वह फर्जी तो नहीं या बाइक चोरी की तो नहीं है? किसी लोकल बदमाशों ने शूटर्स को बाइक तो उपलब्ध नहीं कराई है।

## दर्द से तड़पती प्रसूता के रक्षक बने पुलिस जवान-मितानिन



- 3 किमी कांवर में उठाकर पहुंचाया अस्पताल
- 112 के वाहन तक पहुंचाया मां-बच्चे दोनों स्वस्थ





*रायगढ़। जिले के थाना कापू क्षेत्र अंतर्गत पहाड जंगल के बीच ग्राम पारेमेर घुटरूपारा बसा है, बरसात के दिनों में गांव के एक ओर चार पहिया वाहन का पहुंचना मुश्किल है। ऐसे में घुटरूपारा में एक गर्भवती महिला का दर्द उठना परिवार के लिए मुसीबत बन गया। परिवार ने गर्भवती सुष्मिता (28 साल) को अस्पताल तक पहुंचाने डायल 112 को मदद के लिए काल किया गया। मेडिकल इमरजेंसी का कॉल थाना कापू राईनो को प्राप्त हुआ। कालर ने महिला को प्रसव पीड़ा होने की जानकारी* ▸▸ शेष पेज 7 पर

### भारत ने जिम्बाब्वे से जीती टी20 सीरीज



**हरारे।** भारतीय टीम ने रविवार को हरारे स्पोर्ट्स में जिम्बाब्वे को 42 रनों से हरा दिया। इसके साथ ही शुभमन गिल की कप्तानी में भारतीय टीम ने सीरीज 4-1 से जीत ली। मुकाबले में टॉस हारकर पहले बैटिंग करते हुए भारतीय टीम ने 168 रनों का टारगेट दिया। जवाब में जिम्बाब्वे की टीम 18.3 ओवर में 125 रन ही बना सकी और मुकाबला गंवा दिया।


### हर मेहमान को मिला खास तोहफा, रिसेप्शन में पहुंचे दिग्गज

# अनंत-राधिका की शादी में 'स्पेशल-25' को 50 करोड़ के गिफ्ट!

एजेंसी ▸▸ मुंबई

अनंत अंबानी और राधिका मर्चेंट की शादी की सुर्खियां देश ही नहीं विदेशों में भी हो रही हैं। शादी के हर फंक्शन को भव्य और शानदार बनाने में रिलायंस इंडस्ट्री के चीफ मुकेश अंबानी और नीता अंबानी ने कोई कसर नहीं छोड़ी है। इतना ही नहीं, अंबानी परिवार ने शादी में पहुंचे सभी मेहमानों को शानदार और महंगे रिटर्न गिफ्ट देकर उनका सम्मान किया। अनंत अंबानी ने 25 खास लोगों के लिए 25 घड़ियां दीं। इन लिमिटेड एडिशन घड़ियों की कीमत करीब 2-2 करोड़ रुपए है। शाहरुख से रणवीर सिंह तक ने गिफ्ट में मिली घड़ियों को फ्लॉन्ट किया। इन ▸▸ शेष पेज 7 पर





### शाहरुख, सलमान समेत 25 दोस्त

रिपोर्ट के अनुसार अनंत अंबानी और राधिका मर्चेंट की शादी में दूल्हे के दोस्तों यानि ग्रूम स्क्वॉड में शाहरुख खान, सलमान खान, रणवीर सिंह, वीर पहाड़िया, मिजान जाफरी, शिखर पहाड़िया समेत 25 करीबी दोस्त शामिल थे, जिन्हें अनंत अंबानी ने लग्जरी घड़ी तोहफे में दी है। बता दें इस लग्जरी घड़ी की कीमत करीब 2 करोड़ रुपए की है।

### रिसेप्शन में पहुंचे बंगाली भोजपुरी, गुजराती अभिनेता

मुकेश अंबानी के छोटे बेटे अनंत और राधिका का वेडिंग रिसेप्शन रविवार को हुआ। इसे मंगल उत्सव का नाम दिया गया है। ये फंक्शन मुंबई के बीकेसी स्थित जियो वर्ल्ड सेंटर में हुआ। अनंत-राधिका की शादी 12 जुलाई को हुई थी। इसके बाद 13 जुलाई को दोनों की आशीर्वाद सेरेमनी हुई। रिसेप्शन पार्टी में बंगाली, भोजपुरी, गुजराती अभिनेता के साथ कई दिग्गज पहुंचे। बंगाली एक्ट्रेस और पूर्व सांसद नुसरत जहां ने भी शिरकत की। भोजपुरी स्टार खेसारी लाल यादव सबसे पहले पहुंचे।

### जबरदस्ती घुसने की कोशिश, केस दर्ज

मुंबई में कड़ी सुरक्षा के बीच बिजनेसमैन मुकेश अंबानी और नीता अंबानी के छोटे बेटे अनंत अंबानी की शादी का जश्न चल रहा था। इस बीच दो लोगों ने सेंध मारने की कोशिश की। इसमें से एक यूट्यूबर है और एक बिजनेसमैन। दोनों इस शादी में शामिल होने आंध्र प्रदेश से आए थे। हालांकि समय रहते दोनों ही पकड़े गए। पुलिस ने दोनों के खिलाफ मामला दर्ज कर हिरासत में लिया और बाद में रिहा कर दिया।

VIP CITY
A City in The City

# PROPERTY DOUBLE INCOME FEST

13th -21st July 2024

Ready possession
SHOP'S & OFFICE'S
Also Available
Plots & Bungalow

HURRY UP
9.99 Lakh
Only 01 Shop Availble

11 Thousands
Per Month Rental
Income
Only for 3 shop's




Follow us on :
@VIPCITYRPR

812 000 8290

Member of : CREDAI CHHATTISGARH

RERA REGISTERED PROJECT :
(PRIME-2) RERA NO. - PCGRERA130422001395
(SECTOR-5A) RERA NO. - PCGRERA141118000845
(VIP VILLAS/SHOP) RERA NO. : PCGRERA130223001603
www.rera.cgstate.gov.in

RCP Infratech, VIP City
Saddu-Urkura Road, Ring Road No. 3, Raipur (C.G.)
Email : rcpinfratech.vip@gmail.com, Website : www.rcpinfra.co.in

Scan this QR code to find us Google Maps

फायनेंस उपलब्ध
SBI
kotak Kotak Mahindra Bank
HDFC HOME LOANS
सेन्ट्रल बैंक ऑफ इंडिया Central Bank of India

रायपुर
सोमवार, 15 जुलाई 2024
आषाढ़ शुक्ल पक्ष अष्टमी
वर्ष : 22, अंक : 357
पृष्ठ : 12+4+4 = 20, मूल्य : 5.00**


# हरिभूमि

छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी

haribhoomi.com


मौसम
अधि. 33.0
न्यून. 25.2

03 पूरी की फिल्म 'देवा' की शूटिंग

विचार पेज
02 प्रगाढ़ होते भारत-बांग्लादेश संबंध


# छत्तीसगढ़ में 117 तालाबों पर कब्जा, एनजीटी में मामला, हटाने के लिए अल्टीमेटम

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर


खास खबर

छत्तीसगढ़ के पांच संभागों के 117 तालाबों पर कब्जे हैं। यह तथ्य नेशनल ग्रीन ट्रिब्युनल( एनजीटी) की एक सुनवाई के दौरान सामने आया है। ये कब्जे प्रदेश के सभी पांच संभागों के नगरीय निकाय क्षेत्रों में स्थित तालाबों पर हैं। निकायों ने खुद ही एनजीटी को इस बारे में जानकारी दी है। अब इन कब्जों के हटाने के लिए अल्टीमेटम दिया गया है। निकायों ने समय सीमा भी तय कर ली है कि कब तक इन 117 तालाबों को कब्जा मुक्त किया जाएगा। राज्य के नगरीय निकायों ने खुद ही जानकारी दी ▶▶|शेष पेज 7 पर

### सामाजिक कार्यकर्ता की याचिका पर हो रही है सुनवाई

बताया गया है कि तालाबों पर हुए कब्जों के मामले को लेकर बलौदा जिला जांजगीर के सामाजिक कार्यकर्ता जगदीश प्रसाद देवगन ने एनजीटी के समक्ष एक याचिका प्रस्तुत की है। उन्होंने अपने क्षेत्र के तालाबों पर हुए कब्जों को लेकर यह याचिका लगाई थी, लेकिन सुनवाई के दौरान पूरे छत्तीसगढ़ में तालाबों पर कब्जे की स्थिति पर संज्ञान लिया गया है। उनका कहना है कि अवैध रूप से और अनाधिकृत रूप से विभिन्न ▶▶|शेष पेज 7 पर

### रायपुर, बिलासपुर संभाग में सबसे अधिक कब्जे, जिला कलेक्टरों से भी मांगी गई रिपोर्ट



### एनजीटी ने दिया है ये आदेश

इस मामले को लेकर एनजीटी ने वरिष्ठ अधिकारियों की समिति बनाने का आदेश दिया है। आदेश में कहा गया है कि समिति के सदस्यों को निर्देशित किया जाता है कि वे छत्तीसगढ़ राज्य के अंतर्गत तालाबों एवं जल निकायों की कुल संख्या का संकलन करें एवं राजस्व अभिलेखों में दर्ज तालाबों एवं क्षेत्रों, वर्तमान स्थिति के संबंध में सभी जिलाधिकारियों से स्थिति रिपोर्ट मंगाएं। अतिक्रमण एवं अतिक्रमण हटाने के लिए कार्यवाही करें। इन दिशा-निर्देशों के दृष्टिगत सभी जिलाधिकारियों से अपेक्षा की गई है कि वे आदेशों का अनुपालन कर रिपोर्ट छह सप्ताह में दें।

### नगरीय प्रशासन ने जारी किया आदेश

इस मामले को लेकर एनजीटी का आदेश पारित होने के बाद नगरीय प्रशासन एवं विकास विभाग ने प्रदेश के नगर निगम आयुक्त, सभी मुख्य नगर पालिका अधिकारी नगर पालिका परिषद, और नगर पंचायतों को एक पत्र भेजा है। इस पत्र में एनजीटी के आदेश के हवाले से कहा गया है कि निकाय क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले तालाबों( वॉटर बॉडीज) एव जल स्रोतों को सुरक्षित रखने के उद्देश्य से जल निकायों तथा आसपास के क्षेत्र को अतिक्रमण से रोकन अतिआवश्यक है। जिन निकायों ने अपने क्षेत्र में तालाबों पर कब्जों की जानकारी दी है उन निकायों से कब्जे हटाने कहा गया है। संबंधित निकायों ने बताया है कि वे कब तक कब्जे हटाएंगे।


inh 24x7
छत्तीसगढ़ एवं मध्यप्रदेश का सर्वाधिक लोकप्रिय चैनल देखें
TATA PLAY चैनल नं. 1155 | airtel चैनल नं. 366


## बस्तर के कन्या आवासीय विद्यालय पोटाकेबिनों का हाल बेहाल, मैनपुर में भी एक छात्र की मौत

# मलेरिया का कहर, तीन दिन में तीन बच्चों की मौत, दर्जनों बीमार

*बस्तर के भोपालपटनम ब्लॉक के तारलागुड़ा स्थित कन्या आवासीय पोटाकेबिन में अध्ययनरत दूसरी कक्षा की छात्रा दीक्षिका की मलेरिया से मौत को अभी तीस घंटे भी नहीं हुए कि भोपालपटनम ब्लॉक के ही कन्या आवासीय पोटाकेबिन संगमपल्ली की तीसरी कक्षा में पढ़ने वाली एक और छात्रा की मौत मलेरिया से हो गई हैं। इधर, मैनपुर क्षेत्र में मलेरिया से एक छात्र की मौत की खबर है।*

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भोपालपटनम

हरिभूमि सरोकार

कन्या आवासीय विद्यालय पोटाकेबिनों में मलेरिया का कहर बरपा है। तीन दिन में 2 मासूम बच्चियों की मौत हुई है। तारलागुड़ा के बाद संगमपल्ली कन्या पोटाकेबिन की छात्रा शनिवार की रात मलेरिया से पीड़ति वेदिका जव्वा का इलाज जिला अस्पताल में चल रहा था, उपचार के दौरान उसकी मौत हो गई है।

पोटाकेबिन में अध्यनरत छात्रा की रिपोर्ट मलेरिया पॉजिटिव होने के बाद 11 जुलाई को मद्देड़ के प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती किया गया था, जिसके बाद उसकी सेहत में सुधार न होने से उसे शनिवार की देर शाम जिला अस्पताल में भर्ती किया गया, जहां वह बेहोशी के हालत में थी। इलाज के दौरान उसने दम तोड़ दिया। वहीं दर्जनों बच्चों के बीमार होने की जानकारी मिली है। आवासीय विद्यालय के दो बच्चों की मलेरिया से मौत होने से सभी छात्रावासी बच्चों की मलेरिया जांच की जा रही है। 100 से अधिक बच्चों की जांच की गई है। बताया जा रहा ▶▶|शेष पेज 7 पर



- आज बीजापुर जिले के दौरे रहेंगे स्वास्थ्य मंत्री श्यामबिहारी जायसवाल
- कलेक्टर ने एसडीएम भोपालपट्नम को बनाया जांच अधिकारी



संगमपल्ली में तीन और छात्राएं बीमार

बताया गया है कि संगमपल्ली पोटाकेबिन में 3 और छात्रा मलेरिया से ग्रसित हैं। ज्ञात हो कि रविवार को ही बीजापुर कलेक्टर अनुराग पांडेय ने मलेरिया पॉजिटिव छात्रा वैदिका को देखने जिला अस्पताल पहुंचे रहे। डीएमसी एमवी राव ने बताया कि छात्रा संकनपल्ली की रहने वाली थी।

### विधायक बोले- लापरवाही बरती जा रही

विधायक विक्रम मंडावी ने तारलागुड़ा व संगमपल्ली पोटाकेबिन में दो छात्राओं की मौत पर संवेदना व्यक्त करते हुए कहा कि बच्चों की मौत के जिम्मेदारों पर कार्यवाही होनी चाहिए। जिले में आदिवासी बच्चों की मौत दुखद घटना है। जो बच्चे अस्पताल में भर्ती है प्रशासन उन बच्चों को बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध कराएं। जिले में स्वास्थ्य सुविधाएं चरमरा गई है। इन सब मामलों पर विधानसभा में प्रश्न उठाने की बात कही।

## इधर, कमार जनजाति के छात्र की मलेरिया से मौत



**मैनपुर।** क्षेत्र में विशेष पिछड़ी कमार जनजाति के एक छात्र की मलेरिया से मौत हो गई है। स्कूल एवं आसपास के गांव में कई अन्य लागों के पीड़ित होने की जानकारी मिल रही है। ग्राम पंचायत देहारगुडा के आश्रित ग्राम दर्रीपारा निवासी भुवेन्द्र कुमार सोरी पिता पुनित सोरी (07), जो ग्राम रामपारा शासकीय प्राथमिक शाला में कक्षा दूसरी के छात्र है। उसकी सेहत पिछले 3-4 दिनों से खराब चल रही थी। बुखार होने के कारण गांव के मितानिन को बुलाकर परिजनों ने चेक करवाया तो किट में मलेरिया निकला। जिसके बाद परिजनों ने 108 संजीवनी एक्सप्रेस को फोन कर मैनपुर सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र इलाज के लिए छात्र को लाए। मैनपुर सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र में भी जांच में मलेरिया निकलने पर छात्र के इलाज अस्पताल में किया जा रहा था और शाम को छात्र अपने परिजनों के साथ घर लौट गया और रात में उसकी मलेरिया से मौत हो गई। मृतक छात्र के माता बैसाखीन बाई ने बताया की 3-4 दिनों से बुखार से उनके बेटा पीड़ित था।

### दवा दी गई थी

छात्र की इलाज किया जा रहा था और पर्याप्त दवा भी दी गई थी। उसे खून की कमी भी थी। स्वास्थ्य विभाग का अमला कल ही उस गांव व स्कूल में पहुंचकर अन्य ग्रामीणों व बच्चों की स्वास्थ्य परीक्षण करेगा।
- डॉ. गजेन्द्र ध्रुव, मैनपुर विकासखण्ड चिकित्सा अधिकारी

# सरकारी संदिग्ध ई-नोटिस पर जारी किया अलर्ट



हरिभूमि न्यूज ▶▶| नई दिल्ली

केंद्रीय गृह मंत्रालय की साइबर अपराध इकाई ने रविवार को कहा कि ईमेल पर किसी सरकारी कार्यालय से संदिग्ध ई-नोटिस मिलने पर लोगों को इसमें लिखे अधिकारी के नाम की प्रामाणिकता की इंटरनेट पर जांच करनी चाहिए और संबंधित विभाग को फोन करना चाहिए।

- गृह मंत्रालय ने कहा- पहले कर लें जांच

भारतीय साइबर अपराध समन्वय केंद्र (14सी) ने एक एडवाइजरी जारी की है। इसमें कहा कि उपयोगकर्ताओं को किसी सरकारी ई-नोटिस की आड़ में भेजे गए 'फर्जी ईमेल' को लेकर सतर्क रहना चाहिए। विज्ञापन में आगाह किया गया है कि यह कोई ठग हो सकता है जो लोगों को 'साइबर धोखाधड़ी का शिकार' बना सकता है।

### फर्जी ई-मेल का न दें जवाब

गृहमंत्रालय ने कहा कि आम जनता को सूचित किया जाता है कि संलग्नक के साथ ऐसे किसी भी ई-मेल का जवाब नहीं दिया जाना चाहिए। ऐसे मामलों की सूचना निकटतम पुलिस थाने- साइबर पुलिस थाने को दी जा सकती है। गृह मंत्रालय और 14सी के मामले में कहा गया है कि ऐसे संदिग्ध ईमेल और अन्य प्रकार की साइबर धोखाधड़ी के बारे में तुरंत साइबर अपराध की वेबसाइट पर शिकायत दर्ज कराए या साइबर अपराध के हेल्पलाइन नंबर पर फोन करे।

### बाल पोर्नोग्राफी, यौन शोषण के फर्जी आरोप

चार जुलाई को जारी परामर्श के अनुसार, इन ईमेल के साथ संलग्न पत्र में ईमेल प्राप्तकर्ताओं के खिलाफ बाल पोर्नोग्राफी, बाल यौन शोषण, साइबर पोर्नोग्राफी, अश्लीलता के आरोप लगाए जाते हैं। इसमें कहा गया है कि ठग ऐसे फर्जी ईमेल भेजने के लिए अलग-अलग ईमेल पते का इस्तेमाल करते हैं। इसमें कहा गया है, ऐसे किसी भी ईमेल के प्राप्तकर्ता को इस धोखाधड़ी के प्रयास के बारे में पता होना चाहिए।

## खबर संक्षेप

### सरकारी प्राथमिक स्कूलों में 'बैग फ्री डे'

**चंडीगढ़।** पंजाब में फाजिल्का जिला प्रशासन ने रचनात्मकता को बढ़ावा देने और छात्रों को सीखने का तनाव रहित अनुभव प्रदान करने के लिए सरकारी प्राथमिक विद्यालयों में बैग-फ्री डे पहल शुरू की है। इस पहल के तहत छात्रों को हर महीने के आखिरी शनिवार को स्कूल बैग लाने की जरूरत नहीं है।



### 7200 रुपए की जालीमुद्रा बरामद, दो गिरफ्तार

**संभल।** संभल जिले के हयातनगर थाना क्षेत्र में पुलिस ने 7,200 रुपए मूल्य की जाली भारतीय मुद्रा जब्त कर दो अभियुक्तों को गिरफ्तार किया है। हयातनगर थाना क्षेत्र में पुलिस ने दो अभियुक्तों दानिश और जमील को गिरफ्तार कर उनके कब्जे से सौ-सौ रुपये के 72 नकली नोट बरामद किए हैं।




### सड़क दुर्घटनाओं में तीन की मौत, सात घायल

**भिंड/जबलपुर।** भिंड और जबलपुर जिलों में रविवार को दो अलग-अलग सड़क दुर्घटनाओं में तीन लोगों की मौत हो गई। हादसों में सात अन्य घायल हो गए। मजदूरों को लेकर ग्वालियर की ओर जा रही एक वैन की भिंड जिले में बरहाद गांव में विपरीत दिशा से आ रहे एक ट्रक से रविवार तड़के करीब पांच बजे टक्कर हो गई।




### तेंदुए के हमले में बच्ची की मौत

**बिजनौर।** यूपी के बिजनौर जिले के धामपुर इलाके में आठ साल की बच्ची की तेंदुए के हमले में मौत हो गई। नहटौर के गांव मंडौरी की सुनीता अपनी आठ वर्षीय पुत्री को लेकर जंगल गयी थी। सुनीता घास काट रही थी और उसकी बेटी वहीं खेल रही थी तभी अचानक तेंदुए ने बच्ची पर हमला कर दिया।



### नायक प्रेस एसोसिएशन के पुनः अध्यक्ष

**नई दिल्ली।** वरिष्ठ पत्रकार सी. के. नायक 'प्रेस एसोसिएशन' के अध्यक्ष के तौर पर निर्विरोध पुनः चुन गए हैं। 'प्रेस एसोसिएशन' देश के मान्यता प्राप्त पत्रकारों की एक प्रतिनिधि संस्था है। 'प्रेस एसोसिएशन' में चुनाव में 'प्रेस ट्रस्ट ऑफ इंडिया' के दो पत्रकार सागर कुलकर्णी और लक्ष्मी देवी को क्रमशः उपाध्यक्ष और महासचिव चुना गया है। वरिष्ठ पत्रकार ज्ञानेश्वर दयाल और जे सी वर्मा को क्रमशः संयुक्त सचिव और कोषाध्यक्ष बनाया गया है।

केंद्रीय कर्मचारियों को मिल सकती है सौगात

# पुरानी पेंशन पर सरकार ने बुलाई बैठक, होगी समीक्षा




### सहमति बनने के आसार

15 जुलाई को सरकार द्वारा एक बैठक बुलाई गई है। ऐसा में माना जा रहा है कि इस बैठक में ओपीएस को लेकर कोई सहमति बन सकती है। वही ओपीएस को लेकर वित्त मंत्रालय द्वारा गठित की गई कमेटी की रिपोर्ट बजट सत्र के दौरान आ सकती है, इसमें ओपीएस जैसी कई बातें शामिल हो सकती हैं।

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नई दिल्ली

केंद्रीय कर्मचारियों और पेंशनरों के लिए बड़ी खबर है। 23 जुलाई को पेश होने वाले पूर्ण बजट से पहले वित्त मंत्रालय ने सोमवार को पेंशन की समीक्षा को लेकर एक अहम बैठक बुलाई है। यह बैठक 15 जुलाई को नॉर्थ ब्लॉक में होगी।

- पत्र में 'पुरानी पेंशन बहाली' और 8वें वेतन आयोग' के गठन की घोषणा करने का किया है आग्रह

इस बैठक में वित्त मंत्रालय द्वारा गठित की गई कमेटी के सदस्य और स्टाफ साइड (नेशनल काउंसिल, जेसीएम) के सचिव शिवगोपाल मिश्रा एवं दूसरे कर्मचारी संगठनों के प्रतिनिधि शामिल होंगे। संभावना है कि इस बैठक में पुरानी पेंशन को लेकर कोई बड़ा फैसला हो सकता है। दरअसल, 23 जुलाई को वित्त मंत्री निर्मला सीतारमन मोदी सरकार का बजट 2024-25 करने वाली है, इसके पहले कर्मचारी और पेंशनर्स संघ ने अपनी मांगे सरकार को भेजना शुरू कर दिया है।

### प्रदर्शन की तैयारी में कर्मचारी संगठन

'पुरानी पेंशन' बहाली सहित दूसरी मांगों को कंफेडरेशन ऑफ सेंट्रल गवर्नमेंट एम्प्लाइज एंड वर्कर्स ने केंद्रीय बजट पेश होने से पहले विरोध प्रदर्शन की घोषणा की है। संगठन के महासचिव एसबी यादव का कहना है कि 19 जुलाई को सरकारी कर्मचारी, लंच समय के दौरान अपने कार्यस्थल पर विरोध प्रदर्शन करेंगे। इस बाबत कैबिनेट सचिव को अवगत करा दिया गया है। मांग पत्र और विरोध प्रदर्शन की जानकारी, वित्त मंत्रालय के सचिव को भी दी गई है। कन्फेडरेशन की प्रमुख मांगों में 'आठवें वेतन आयोग का गठन' और एनपीएस की समाप्ति व ओपीएस शामिल है।

# जनता के हित में विकास कार्य होंगे सांय-सांय : विष्णुदेव

- अपनी जीत के लिए मतदाताओं और कार्यकर्ताओं का जताया आभार
- सोकोड़ीपा में यादव समाज के भवन में बाउंड्रीवाल के लिए 15 लाख की घोषणा
- शारदा धाम के लिए जमीन एंबुलेंस और शव वाहन की घोषणा
- दुलदुला में विकास कार्यों की दी सौगात



**रायपुर।** मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय जशपुर जिले के दुलदुला विकासखंड मुख्यालय में आयोजित मतदाता अभिनंदन समारोह में पहुंचे। उन्होंने विधानसभा चुनाव में जीत के लिए कुनकुरी विधानसभा क्षेत्र के सभी मतदाताओं, नागरिकों का आभार जताया। उन्होंने सभी को धन्यवाद ज्ञापित करते हुए कहा ▶▶|शेष पेज 7 पर

### सुशासन हमारी सर्वोच्च प्राथमिकता

मुख्यमंत्री ने कहा कि सुशासन हमारी सर्वोच्च प्राथमिकता है। प्रशासन में पारदर्शिता लाने के लिए काम हो रहा है। कमीशन खोरी पर कार्यवाही की जा रही है।

राजस्थान गोरमघाट रेलवे ट्रैक का मामला

# पुल पर रील बना रहे थे दंपति ट्रेन आई तो खाई में कूद गए

एजेंसी ▶▶| जयपुर

राजस्थान के पाली जिले के गोरमघाट रेलवे ट्रैक को पर रील बनाने को लेकर हैरान करने वाला मामला सामने आया है। यहां एक दंपति ने रील बनाने के चक्कर में अपनी जान जोखिम में डाल दी। रेलवे ट्रैक पर फोटोशूट कर रहे दंपति ने ट्रेन आते देख गहरी खाई में छलांग लगा दी। इससे दोनों गंभीर रूप से घायल हो गए। अब इलाज के लिए दंपति को अस्पताल में भर्ती कराया गया है। बगड़ी के कलाल पिपलिया निवासी ▶▶|शेष पेज 7 पर



### घायल अवस्था में दंपति को निकाला

घटना की जानकारी मिलते ही रेलवे और फॉरेस्ट विभाग को सूचना दी गई। इस पर अधिकारियों ने मौके पर पहुंचकर कड़ी मशक्कत से दंपति को घायल अवस्था में बाहर निकाला और इलाज के लिए सोजत अस्पताल भेजा। राहुल को जोधपुर रेफर कर दिया गया है।

आतंकी खतरों को देखते हुए हुआ निर्णय

# राम मंदिर की सुरक्षा को परखेगी एनएसजी की टीम

एजेंसी ▶▶| अयोध्या

अयोध्या में राष्ट्रीय सुरक्षा गार्ड (एनएसजी) का हब बनाने की तैयारी है। यहां एनएसजी की टुकड़ी स्थायी रूप से तैनात की जाएगी। इसी क्रम में 17 जुलाई को एनएसजी की एक टुकड़ी अयोध्या पहुंच रही है। वह चार दिनों तक अयोध्या में रहकर राम जन्मभूमि व आस-पास की सुरक्षा परखेगी। यह टीम अयोध्या में 20 जुलाई तक रहेगी। अयोध्या में राममंदिर का निर्माण होने के बाद से आतंकी खतरे की आशंका बढ़ी है।

### 17 को अयोध्या पहुंचेगी टीम

एनएसजी की टीम 17 जुलाई को अयोध्या पहुंच रही है। वह पूरे राम जन्मभूमि परिसर की सुरक्षा की समीक्षा करेगी। यदि आतंकी हमले होते हैं तो उससे कैसे निपटा जा सकता है, इसको लेकर अधिकारियों के साथ टीम मंथन करेगी। अयोध्या के आस-पास की सुरक्षा की भी समीक्षा की जाएगी।



### एसएसएफ संभाल रही सुरक्षा की जिम्मेदारी

अभी रामनगरी में रामनवमी, सावन, कार्तिक परिक्रमा मेले में एटीएस की तैनाती की जाती है। राममंदिर की सुरक्षा की जिम्मेदारी अब एसएसएफ संभाल रही है। इसके अलावा सीआरपीएफ व पीएसी को भी लगाया गया है। एसएसएफ के जवानों को एनएसजी की ओर से ही ट्रेनिंग दी गई है। स्पेशल फोर्स के 200 कमांडो अयोध्या में अभी सुरक्षा दे रहे हैं।

### पांच जुलाई 2005 को हुआ था आतंकी हमला

राम मंदिर को हमेशा से ही खतरा रहा है। प्राण प्रतिष्ठा के दौरान भी आतंकी खतरे का अलर्ट आया था। इससे पहले पांच जुलाई 2005 को रामलला जब टेंट में विराजमान थे तब आतंकियों ने हमला भी किया गया। सुरक्षा बलों की मुस्तैदी के वजह से हमले में शामिल सभी पांच आतंकवादी मार गिराये गए थे। इसके बाद राम जन्मभूमि परिसर की सुरक्षा और कड़ी कर दी गई। अब मंदिर बनने के बाद सुरक्षा को लगातार हाईटेक किया जा रहा है।

### नेपाल के नए पीएम ओली आज लेंगे शपथ

**काठमांडू।** नेपाल के राष्ट्रपति कार्यालय ने सीपीएन- यूएमएल के अध्यक्ष केपी शर्मा ओली को अगला प्रधानमंत्री नियुक्त किया है। केपी शर्मा ओली सोमवार सुबह 11 बजे प्रधानमंत्री पद की शपथ लेंगे.वह पुष्प कमल दहल प्रचंड की जगह लेंगे। विश्वास मत साबित नहीं कर पाने के चलते दहल की सरकार शुक्रवार को गिर गई थी। केपी शर्मा ने शुक्रवार को राष्ट्रपति को सौंपे अपने दावे में कहा था कि उन्हें 166 सांसदों का समर्थन हासिल है, जिसमें यूएमएल के 78 और नेपाली कांग्रेस के 88 सांसद शामिल हैं।



## चिंतन

# हिंसाग्रस्त मणिपुर में जल्द शांति बहाली हो

मणिपुर में स्थाई शांति जरूरी है। पूर्वोत्तर का यह राज्य करीब 15 से अधिक महीने से हिंसा की आग में जल रहा है। पिछले साल 3 मई से मणिपुर में हिंसा की शुरूआत हुई, जब इस राज्य के दो प्रमुख समुदाय मैतई (घाटी बहुल) और कुकी जनजाति (पहाड़ी बहुल समुदाय) के बीच हाईकोर्ट की एक सिफारिश के बाद आमने-सामने आ गए। मैतई समुदाय को कुकी की तरह अनुसूचित जनताति का दर्जा दिए जाने की राज्य सरकार से हाईकोर्ट की सिफारिश किए जाने से कुकी समुदाय नाराज हो गए और सड़क पर उतर आए। तबसे मणिपुर में जारी हिंसा में करीब दो सौ लोग मारे गए हैं, ग्यारह सौ से अधिक लोग घायल हुए हैं और करीब 65 हजार लोग विस्थापित हुए हैं। मणिपुर के जिरीबाम में रविवार को सीआरपीएफ और पुलिस टीम के काफिले पर कुकी उग्रवादियों ने हमला कर दिया। इसमें सीआरपीएफ का एक जवान शहीद हो गया। यह पहली बार नहीं है जब कुकी उग्रवादी सुरक्षा बलों पर उग्र हुए हैं। इस साल ही पांच बड़ी घटनाए हो चुकी हैं। 10 जून को मणिपुर के सीएम बीरेन सिंह के काफिले पर हमला हुआ था। 8 जून को कुकी उग्रवादियों ने 2 पुलिस चौकियां व मैतई गांव में 70 घर जलाए। 26 अप्रैल को कुकी उग्रवादियों ने सीआरपीएफ चौकी पर बम फेंका था, जिसमें दो जवान शहीद हो गए। 15 फरवरी को भीड़ ने एसपी ऑफिस पर हमला किया, दो नागरिकों की मौत हो गई। 17 जनवरी को सुरक्षाबलों की गाड़ी पर उग्रवादियों ने हमला किया, 2 जवान सहित 3 की मौत हो गई। वर्ष 2023 की मई से दिसंबर तक अनेक बार हिंसा हुई। दरअसल, 38 लाख जनसंख्या वाले छोटे से पूर्वोत्तर राज्य मणिपुर में तीन प्रमुख समुदाय हैं- मैतेई, नगा और कुकी। मैतई ज्यादातर हिंदू हैं। नगा-कुकी ईसाई धर्म को मानते हैं व अनुसूचित जनजाति वर्ग में आते हैं। मैतेई समुदाय की भी मांग है कि उन्हें जनजाति का दर्जा दिया जाए। समुदाय ने इसके लिए मणिपुर हाईकोर्ट में याचिका दायर की थी। समुदाय की दलील थी कि 1949 में मणिपुर का भारत में विलय हुआ था। उससे पहले उन्हें जनजाति का ही दर्जा मिला हुआ था। इसके बाद हाईकोर्ट ने राज्य सरकार से सिफारिश की कि मैतेई को अनुसूचित जनजाति (एसटी) में शामिल किया जाए। नगा-कुकी जनजाति इसके विरोध में हैं। इनका कहना है कि राज्य की 60 में से 40 विधानसभा सीट पहले से मैतेई बहुल इंफाल घाटी में हैं। ऐसे में एसटी वर्ग में मैतेई को आरक्षण मिलने से उनके अधिकारों का बंटवारा होगा। हाईकोर्ट की सिफारिश के बाद से वहां हिंसक संघर्ष जा रही है। पिछले साल गृहमंत्री अमित शाह ने मणिपुर में शांति की स्थापना के लिए तीन दिवसीय यात्रा की थी, इस दौरान लगा कि शांति बहाल करने में सरकार सफल होगी, लेकिन ऐसा नहीं हो सका है। इस वर्ष लोकसभा चुनाव के दौरान भी विपक्ष ने मणिपुर में हिंसा को मुद्दा बनाया था। पिछले महीने संघ प्रमुख मोहन भागवत ने आम चुनाव के नतीजे के बाद अपनी प्रतिक्रिया में मणिपुर में हिंसा का समाधान न होने पर चिंता जाहिर की थी। चूंकि पूर्वोत्तर के सीमावर्ती राज्यों को अशांत रखने में चीनी भूमिका रहती है, इसलिए केंद्र व राज्य सरकार को चाहिए कि मणिपुर में जल्द से जल्द समाधान हो। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने रूस में कहा है कि जंग व हिंसा से समस्या हल नहीं होगी, तो देश के अंदर केंद्र व राज्य की प्रशासनिक मशीनरी को चाहिए कि मणिपुर में जल्द से जल्द हिंसक संघर्ष खत्म करने के लिए वार्ता का मंच बनाए और शांति बहाल करे। हिंसाग्रस्त राज्य मणिपुर को उसकी नियति पर नहीं छोड़ा जा सकता।



विश्लेषण
डॉ. एल. एस. यादव

# प्रगाढ़ होते भारत-बांग्लादेश संबंध

भारत में नई सरकार गठन के बाद यह किसी विदेशी नेता की पहली द्विपक्षीय राजकीय यात्रा थी। प्रधानमंत्री शेख हसीना की इसी माह में यह दूसरी भारत यात्रा थी। इससे पहले वे प्रधानमंत्री मोदी के शपथ ग्रहण समारोह में शामिल होने के लिए भारत आईं थीं। बांग्लादेश और भारत के प्रधानमंत्रियों ने 22 जून को बैठक करके व्यापक वार्ता की। इस वार्ता में नए क्षेत्रों में आपसी सहयोग बढ़ाने के लिए भविष्य की योजना पर सहमति जताई और समुद्री क्षेत्र सहित अनेक मुख्य क्षेत्रों में संबंधों को बढ़ावा देने के लिए 10 समझौतों पर हस्ताक्षर किए गए। दोनों पक्षों द्वारा प्रमुख समझौतों में डिजिटल, हरित व रक्षा क्षेत्रों में बढ़ावा देने के समझौते शामिल हैं।

बांग्लादेश की प्रधानमंत्री शेख हसीना ने 21 एवं 22 जून की दो दिवसीय भारत यात्रा की। उनकी इस यात्रा का मकसद दोनों देशों के बीच पहले से ही बने घनिष्ठ संबंधों को और आगे बढ़ाना था। भारत में नई सरकार गठन के बाद यह किसी विदेशी नेता की पहली द्विपक्षीय राजकीय यात्रा थी। प्रधानमंत्री शेख हसीना की इसी माह में यह दूसरी भारत यात्रा थी। इससे पहले वे प्रधानमंत्री मोदी के शपथ ग्रहण समारोह में शामिल होने के लिए भारत आईं थीं। इसके बाद वे जुलाई महीने चीन की यात्रा पर जाएंगी। चीन की यात्रा पर जाने से पहले उनका दो बार भारत आना यह दर्शाता है कि चीन यात्रा से उनके भारतीय संबंधों को कोई खतरा नहीं है। इधर भारत सरकार भी बांग्लादेश से अपने मधुर संबंधों को आगे जारी रखना चाहती है।

बांग्लादेश और भारत के प्रधानमंत्रियों ने 22 जून को बैठक करके व्यापक वार्ता की। इस वार्ता में नए क्षेत्रों में आपसी सहयोग बढ़ाने के लिए भविष्य की योजना पर सहमति जताई और समुद्री क्षेत्र सहित अनेक मुख्य क्षेत्रों में संबंधों को बढ़ावा देने के लिए करीब 10 समझौतों पर हस्ताक्षर किए गए। दोनों पक्षों द्वारा हस्ताक्षरित प्रमुख समझौतों में डिजिटल, हरित व रक्षा क्षेत्रों में बढ़ावा देने के समझौते शामिल हैं। इनमें बांग्लादेश के रोगियों के लिए ई-वीजा प्रमुख है। उल्लेखनीय है कि बड़ी संख्या में बांग्लादेश के लोग इलाज कराने के लिए भारत आते हैं। वहां से भारत आने वाले ऐसे लोग 30 प्रतिशत के करीब हैं। ई-वीजा मिलने से ऐसे लोगों को परेशानियों का सामना नहीं करना पड़ेगा।

प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि हमने नए क्षेत्रों में सहयोग के लिए भविष्योन्मुखी विजन तैयार किया है, जिसमें हरित साझेदारी, डिजिटल साझेदारी, अंतरिक्ष एवं ब्लू इकॉनोमी जैसे विभिन्न क्षेत्रों में भारत-बांग्लादेश की बनी सहमति से दोनों देषों के नवयुवकों को काफी लाभ मिलेगा। दोनों देशों की मैत्री भारत-बांग्लादेश संबंधों को नई ऊंचाइयां प्रदान करेगी। उन्होंने कहा कि हम अपनी वरीयता में डिजिटल और ऊर्जा कनेक्टिविटी पर फोकस रखेंगे। हमने पिछले 10 वर्षों में कार्य करते हुए 1965 से पहले की कनेक्टिविटी को बहाल कर दिया है। इससे दोनों देशों की अर्थव्यवस्था गतिशील होगी। उन्होंने यह भी कहा कि बांग्लादेश हमारे लिए एक बड़ा विकास साझीदार है और हम उसके साथ अपने संबंधों को सबसे अधिक प्राथमिकता देते है। उन्होंने दोहराया कि मैं बंगबंधु के स्थिर, समृद्ध और प्रगतिषील बांगलादेश के विजन को साकार रूप प्रदान करने के लिए प्रतिबद्ध हूं। इनमें दूसरा समझौता बांग्लादेश के रंगपुर में भारत का नया सहायक उच्चायोग होगा। बांग्लादेश के उत्तर-पश्चिम क्षेत्र के लोगों के लिए रंगपुर में एक सहायक उच्चायोग खोलने का निर्णय लिया गया है। बांग्लादेश की राजधानी ढाका और कोलकाता के बीच नई रेल सेवा चालू की जाएगी। इसी तरह चटगांव और कोलकाता के बीच नई बस सेवा चालू हो जाएगी। पांचवा समझौता मेदे-दरसाना और हल्दीबाड़ी-चिलाहाटी के बीच दलगांव तक मालगाड़ी सेवाओंकी शुरूआत किए जाने का है। इसके अलावा



अनुदान सहायता के तहत सिराजगंज में अन्तर्देशीय कंटेनर डिपो का निर्माण किया जाएगा। भारतीय ग्रिड से नेपाल से बांग्लादेश को 40 मेगावाट बिजली के निर्यात की शुरूआत की जाएगी। इससे बांग्लादेश को फायदा होगा। 1996 की गंगा जल संधि के नवीनीकरण एक समिति बनाई जाएगी। बांग्लादेशी पुलिस अधिकारियों के प्रशिक्षण में सहयोग किया जाएगा।

रक्षा संबंधों को मजबूत बनानें उद्देश्य से प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और षेख हसीना के बीच चर्चा हुई। इसमें दोनों देशों ने लम्बी अवधि के हितों को ध्यान में रखकर एक रक्षा सहयोग की नीति बनाने का निर्णय लिया है। उल्लेखनीय है कि भारत-बांग्लादेश के बीच सैनिक व रक्षा सहयोग की गति अभी तक काफी धीमी रही है, लेकिन अब किए गए नए समझौते के बाद से भारत जो सहयोग करेगा उससे बांग्लादेश की आर्मी अत्याधुनिक बनेगी। इसके अलावा बांग्लादेश की रक्षा आवश्यकताओं के मुताबिक रक्षा उपकरणों का उत्पादन प्रारम्भ होगा। यह कार्य इस प्रकार का होगा कि बांग्लादेश की रक्षा व यौद्धिक क्षमता काफी बढ़ सके। अभी तक भारत ने इस तरह का रक्षा समझौता किसी पड़ोसी देश के साथ नहीं किया है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और शेख हसीना ने आतंकवाद, कट्टरवाद और सीमा पर षांतिपूर्ण प्रबंधन अपनी सहभागिता को मजबूत करने का भी निर्णय लिया है। इसके अतिरिक्त दोनों देशों के मध्य हिन्द महासागर क्षेत्र के लिए समान दृष्टिकोण अपनाये जाने की बात निश्चित हुई। दोनों देशों ने अन्य क्षेत्रीय एवं अन्तराष्ट्रीय मंचों पर अपना-अपना सहयोग जारी रखने का निर्णय लिया। इसके अलावा भारतीय अंतरिक्ष यान से बांग्लादेश के लिए खासतौर पर निर्मित उपग्रहों को को स्थापित करने की सहमति कायम हुई। दोनों प्रधानमंत्रियों की मुलाकात में भारत ने बांग्लादेश की पुरानी मांग मान ली और बांग्लादेश को भूटान व नेपाल के साथ भारतीय रेलवे के जरिए कारोबार करने की स्वीकृति प्रदान कर दी। इस स्वीकृति से बांग्लादेश को निर्यात बढ़ाने का एक बेहतर अवसर प्राप्त होगा। इस कदम से उत्साहित दोनों देश शीघ्र ही एक विशेष समझौता करने वाले हैं। अब दोनों देशों का यह प्रयास है कि भूटान, नेपाल व बांग्लादेश के बीच एक साझा बाजार तैयार किया जा सके। यदि इस कार्य में सफलता मिल गई तो भविष्य में इस बाजार में अन्य पड़ोसी देशों जैसे श्रीलंका, म्यांमार आदि को शामिल किया जा सकेगा, इसीलिए दोनों दो रेल, सड़क, हवाई मार्ग व समुद्री मार्ग के जरिये आवागमन व माल ढुलाई के लिए कनेक्टविटी को और ज्यादा मजबूत बनाएंगे।

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और बांग्लादेश की पीएम शेख हसीना के बीच बैठक में इस बात की भी सहमति बनी कि तीस्ता नदी जल प्रबंधन पर वार्ता के लिए भारत की एक तकनीकी टीम ढाका का दौरा करेगी। यह टीम तीस्ता नदी की गाद को साफ करने तथा नदी को पुराने स्वरूप में लौटाने के लिए एक रोडमैप तैयार करेगी। बांग्लादेश में तीस्ता नदी के संरक्षण पर बातचीत के लिए एक भारतीय दल भेजने का निर्णय इसलिए महत्वपूर्ण है क्योंकि भारत की आपत्तियों के बावजूद एक अरब अमेरिकी डॉलर की इस परियोजना पर चीन की नजर थी। दरअसल चीन ने यह संकेत दिए थे कि वह तीस्ता नदी की सफाई के लिए भारी भरकम धनराशि की मदद देने को तैयार है। यह मुद्दा भारत के लिए अत्यन्त संवेदनशील है क्योंकि चीन की कंपनियों को ठेका मिलने का मतलब है कि उन्हें तीस्ता नदी से संबंधित सारा डाटा हासिल हो जाएगा, इसलिए भारत का यही प्रयास था कि चीन का इसमें प्रवेश न हो। इस आश्वासन के बाद अपने देश पहुंचकर शेख हसीना ने कहा कि उनकी भारत यात्रा सार्थक रही। निश्चित है कि उपर्युक्त समझौतों के बाद भारत तथा बांग्लादेश के आपसी संबंध और अधिक मधुरता की ओर बढ़ेंगे।

(लेखक सैन्य विज्ञान के प्राध्यापक रहे हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

लेख पर अपनी प्रतिक्रिया **edit@haribhoomi.com** पर दे सकते हैं।

## मुद्दा
डॉ. रमेश ठाकुर



# बाढ़-प्रलय से हुई जनहानि का जिम्मेदार कौन?

आपदाएं अपने पीछे ऐसा दर्दनाक मंजर छोड़ जाती हैं जिसे इंसान वर्षों सहता है। मौजूदा बाढ़-बारिश से जनजीवन भयभीत हुआ है। हिंदुस्तान के विभिन्न हिस्सों में प्रलयकारी बाढ़ से अब तक अनुमानित 600 करोड़ रुपये के नुकसान का हुआ है। आर्थिक नुकसान के अलावा जानमाल की भी क्षति लगातार हो रही है। करीब 300 से अधिक मौतें हो चुकी हैं। बाढ़ की विभिषिका से निपटने के लिए समाज आगे आया हुआ है, लेकिन बाढ़ से मचे हाहाकार को देखकर भारतीय आपदा प्रबंधन ने पूरी तरह से पत्ते डाले हुए हैं। उनकी कोशिशें और राहत-बचाव के प्रयास घटना स्थलों पर हांफ रहे हैं। भयंकर बाढ़ की भयाभता ने चारों ओर कहर बरपाया हुआ है। आपदा प्रबंधन से तो कहीं अच्छा कार्य इस वक्त स्थानीय प्रशासन जैसे एसडीएम, तहसीलदार, जिला कर्मचारियों के अलावा ग्राम प्रधान और राजनीतिक कार्यकर्ता करते दिख रहे हैं। आपदा प्रबंधन की हमेशा की तरह इस बार भी मानसून की पहली बारिश ने पोल खोली है। विभागीय अधिकारी-कर्मचारी तैयारियां कितनी करते हैं और कितनी गंभीरता से करते हैं? उसकी तस्वीर बाढ़ आने पर दिखती हैं। भारतीय आपदा प्रबंधन को अच्छे से ज्ञात होता है कि हिंदुस्तान अपनी अनूठी भू-जलवायु स्थितियों के कारण प्राकृतिक आपदाओं के प्रति संवेदनशील है। बाढ़, सूखा, चक्रवात, भूकंप और भूस्खलन बार-बार होने वाली घटनाएं स्वाभाविक होती हैं। लगभग 60 फीसदी भ-ूभाग विभिन्न तीव्रता के भूकंपों के लिए है, 40 मिलियन हेक्टेयर से अधिक क्षेत्र बाढ़ के लिए है, 8 फीसदी चक्रवातों के लिए और 68 प्रतिशत क्षेत्र सूखे के लिए अतिसंवेदनशील माना जाता है। ऐसे में इन जगहों पर पूर्व में की जाने वाले तैयारियां विकट समस्याओं में विफल क्यों होती हैं? इसका जवाब आपदा प्रबंधन को ऐसे वक्त देना चाहिए। इसमें कोई दो राय नहीं, कि मानसून के दो-ढाई महीने ऐसे होते हैं जो आपदा प्रबंधन के लिए किसी चुनौती से कम नहीं होते हैं। मानसून से पूर्व करीब 10 महीनों का पर्याप्त समय उनके पास तैयारियों का होता है। चाहे केंद्र सरकार हो, या राज्यों की हुकूमतें, प्रबंधन विभाग को धन से लेकर जरूरत की तमाम वस्तुएं मुहैया करवाने में कोई कोर-कसर नहीं छोड़ती, ताकि बाढ़ आपदा से उनका आपदा प्रबंधन विंग अच्छे से निपट सके। पर, अफसोस विभाग उम्मीदों पर खरा नहीं उतर पाता। आपदा प्रबंधन को सरकारें मुंह मांगा बजट आवंटित करती हैं। लेकिन इसके बावजूद बाढ़ से प्रभावित लोगों को बचाने के लिए सेना, एयरफोर्स, सीआरपीफए की टुकड़ियां लगानी पड़ती हैं। सरकार के अन्य विभागों के कर्मचारियों को मोर्चा संभावना पड़ता है। आपदा प्रबधंन को रिफार्म करने की दरकार है। विभाग को आधुनिक करके नई तकनीकों को अपनाना होगा। करीब 33 लाख वर्ग किमी क्षेत्र के भौगोलिक विस्तार एवं 140 से ज्यादा आबादी वाले भारत में शायद ही इस वक्त कोई ऐसा भाग बचा हो जहां बाढ़ या बारिश आपदा की स्थिति न उत्पन्न हुई हो। नेपाल ने बारिश का अपना सारा पानी भारत की ओर मोड़ दिया है, जिससे भारत का तराई क्षेत्र और आसपास सटे जिले और गांव-कस्बे पानी से लबालब भरे हैं। उनसे निपटना जल आपदा प्रबंधन के बस का नहीं? पूर्वी बिहार में बहने वाली कोसी नदी उफान पर है। दर्जनभर जिलों को सड़क मार्ग पूरी तरह से कट गया है। बाढ़ पीड़ित लोग बमुश्किल सुरक्षित जगहों पर पनाह ले पा रहे हैं। तराई क्षेत्र के जिले पीलीभीत, लखीमपुर, बलरामपुर, बहराईच आदि जिलों के लोग जहां-तहां भाग रहे हैं। पीलीभीत में अभी हाल में बिछाया गया नया रेल ट्रैक भी पानी से बह गया। इस बार मानसून अच्छा है। बाढ़ से निपटने के लिए आपदा प्रबंधन की कमजोर तैयारियों निश्चित रूप से सोचने पर मजबूर करती हैं। असम, उत्तराखंड, पूर्वी उत्तर प्रदेश, हिमालच, पश्चिम बंगाल, बिहार जैसे 9 राज्य ऐसे हैं जो ज्यादा प्रभावित हैं। इन समस्याओं से निपटने की पहली जिम्मेदारी आपदा प्रबंधन पर होती है, लेकिन ऐसे में वहां सिर्फ कमियां ही दिख रही हैं। उनमें आपसी समन्वय में कमी, अपर्याप्त फंडिंग का रोना, सीमित सार्वजनिक भागीदारी और अपर्याप्त संसाधनों की दुहाई दे रहे हैं। आपदा एक अचानक, विपत्ति पूर्ण घटना है, जो जीवन और संपत्ति को भारी क्षति, हानि, विनाश और तबाही में बदलती है। आपदाओं से होने वाला नुकसान सामाजिक स्थिति को भी प्रभावित करता है। अफसोस इस बात का है कि बाढ़ जैसी समस्यायों से निपटने में हम अभी भी अक्षम हैं। केंद्रीय हुकूमत को गंभीरता इस मसले पर मंथन करना होगा। ताकि, भविष्य में ऐसे समस्याओं से सफल मुकाबला किया जा सके।

(लेखक वरिष्ठ पत्रकार हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

# जीवन का प्रथम अनुबंध किसको माना है?



संकलित
## दर्शन

अनुबंध चतुष्टय में 'अधिकारी' को प्रथम अनुबंध स्वीकार किया गया है। मानव की आध्यात्मिक और लौकिक यात्रा के निर्विघ्न संचालन में इसकी महत्वपूर्ण भूमिका रहती है। लोक में इसके लिए योग्यता या पात्रता पद का प्रयोग होता है, जिसका तात्पर्य है, किसी कार्य के निष्पादनार्थ पात्रता प्राप्त करना। सामान्यतः प्रत्येक कार्य के लिए प्रत्येक व्यक्ति पात्र नहीं होता। इसलिए अनधिकारी व्यक्ति द्वारा किया गया कार्य सफल और लोकमंगलकारी हो, यह आवश्यक नहीं, परंतु अधिकारी (पात्र) व्यक्ति द्वारा किया गया प्रत्येक कार्य सफल भी होता है और लोकमंगलकारी भी। इसलिए अधिकारी आत्मिक और जागतिक कल्याण का मार्ग प्रशस्त करने वाला मानव जीवन का प्रथम अनुबंध है। इसीलिए इसे शास्त्रों में विशेष महत्व दिया गया है। वेदांत में अधिकारी को परिभाषित करते हुए कहा गया-जिसने विधिवत ज्ञान प्राप्त कर काम्य एवं निषिद्ध कर्मों का परित्याग कर दिया है। नित्य, नैमित्तिक और उपासनादि कर्म करने से जिसकी बुद्धि परिष्कृत और अंतःकरण निर्मल हो चुका है, ऐसा पापरहित व्यक्ति ही विशिष्ट ज्ञान का अधिकारी है। विश्वामित्र आदि ऋषियों ने अधिकारी समझकर ही राम को विविध आयुध प्रदान किए, जिससे उनका दुरुपयोग न हो सके। उसी प्रकार अधिकारी को प्रदान की गईं शक्तियां समाज, देश और मानवता की रक्षा के लिए होती हैं। इतिहास साक्षी है कि जब भी अनधिकारी को शक्तियां प्रदान की गई हैं, उनका दुरुपयोग ही हुआ है।

# जीवन में गुरु की आवश्यकता क्यों?



संकलित
## प्रेरणा

एक गाय घास चरने के लिए एक जंगल में चली गई। शाम ढलने के करीब थी। उसने देखा कि एक बाघ उसकी तरफ दबे पांव बढ़ रहा है। वह डर के मारे इधर-उधर भागने लगी। दौड़ते हुए गाय को सामने एक तालाब दिखाई दिया। घबराई हुई गाय उस तालाब के अंदर घुस गई। वह बाघ भी उसका पीछा करते हुए तालाब के अंदर घुस गया। उसमें पानी कम था और वह कीचड़ से भरा हुआ था। उन दोनों के बीच की दूरी काफी कम हुई थी। लेकिन अब वह कुछ नहीं कर पा रहे थे। वह गाय उस कीचड़ के अंदर धीरे-धीरे धंसने लगी। बाघ भीधीरे-धीरे कीचड़ के अंदर धंसने लगा। दोनों भी करीब करीब गले तक उस कीचड़ के अंदर फस गए। दोनों हिल भी नहीं पा रहे थे। गाय के करीब होने के बावजूद वह बाघ उसे पकड़ नहीं पा रहा था। थोड़ी देर बाद गाय ने उस बाघ से पूछा, क्या तुम्हारा कोई गुरु या मालिक है? बाघ ने गुर्राते हुए कहा, मैं तो जंगल का राजा हूं। मेरा कोई मालिक नहीं। मैं खुद ही जंगल का मालिक हूं। गाय ने कहा, लेकिन तुम्हारे उस शक्ति का यहां पर क्या उपयोग है? उस बाघ ने कहा, तुम भी तो फस गई हो और मरने के करीब हो। तुम्हारी भी तो हालत मेरे जैसी है। गाय ने मुस्कुराते हुए कहा, बिलकुल नहीं। मेरा मालिक जब शाम को घर आएगा और मुझे वहां पर नहीं पाएगा तो वह ढूंढते हुए यहां जरूर आएगा और मुझे इस कीचड़ से निकाल कर अपने घर ले जाएगा। तुम्हें कौन ले जाएगा? थोड़ी ही देर में सच में ही एक आदमी वहां पर आया और गाय को कीचड़ से निकालकर अपने घर ले गया।

## अंतर्मन




## आज की पाती

### भारत में मजबूत है लोकतंत्र

हमारा देश दुनिया का सबसे बड़ा लोकतंत्र है और अभी भी यहां के लोगों को लोकतंत्र पर विश्वास है। अगर यहां लोकतंत्र पर लोगों को विश्वास नहीं होता तो लोग लंबी-लंबी कतारों में लगकर अपने कीमती मत का प्रयोग कर सरकारें न चुनते और न ही अपनी मांगों के लिए धरने-प्रदर्शन कर पाते। हाल ही में अमरीकी थिंक टैंक की एक रिपोर्ट में यह बताया गया है कि कितने लोग अपने यहां के लोकतंत्र से खुश या संतुष्ट हैं। इसमें हमारा देश एशिया का दूसरा और विश्व का तीसरा देश है। यहां लगभग 77 फीसदी नागरिक लोकतांत्रिक व्यवस्था से खुश या संतुष्ट हैं। हमारे देश के लोकतंत्र पर उंगली उठाने वाले देशों में जर्मनी, ब्रिटेन, ऑस्ट्रेलिया, अमरीका आदि के लोग अपने लोकतंत्र से उतने संतुष्ट नहीं हैं।

*- राजेश गुप्ता, रायगढ़*

## ट्रेंड

### ट्रंप पर हमले से चिंतित हूं



मेरे मित्र, पूर्व राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप पर हुए हमले से बेहद चिंतित हूं। घटना की कड़ी निंदा करता हूं. राजनीति और लोकतंत्र में हिंसा का कोई स्थान नहीं है। उनके शीघ्र स्वस्थ होने की कामना करता हूं। हमारी संवेदनाएं और प्रार्थनाएं मृतकों के परिवार, घायलों और अमेरिकी लोगों के साथ हैं।

-नरेंद्र मोदी, प्रधानमंत्री

### हिंसा के लिए जगह नहीं



हमारे लोकतंत्र में राजनीतिक हिंसा के लिए बिल्कुल भी जगह नहीं है। हालांकि हम अभी तक नहीं जानते कि वास्तव में क्या हुआ था, यह राहत की बात है कि ट्रंप को गंभीर चोट नहीं आई। हमें खुद को प्रतिबद्ध करने के लिए करना चाहिए।

-बराक ओबामा, पूर्व अमेरिकी राष्ट्रपति

### झूठ का मायाजाल



कल आप मुंबई में नौकरियां देने पर झूठ का मायाजाल बुन रहे थे। मैं आपको पुनः याद दिलाना चाहता हूं कि आपने एनआरए की घोषणा करते हुए क्या कहा था। एनआरए करोड़ों युवाओं के लिए वरदान साबित होगी। यह समय के साथ संसाधनों की भी बचत करेगा।

-मल्लिकार्जुन खड़गे, कांग्रेस अध्यक्ष

### मुफ्त की राजनीति का लेबल नहीं



यदि आप प्रत्येक नागरिक के लिए 'सम्मान जनक जीवन के अधिकार' में विश्वास करते हैं, तो आप मुफ्त की राजनीति का लेबल नहीं देंगे। मैंने कैंब्रिज इंडिया कॉन्फ्रेंस में आप द्वारा शुरू की गई कल्याणकारी योजनाओं के महत्व के बारे में बात की।

-राघव चड्ढा, आप सांसद

### अपने विचार

**हरिभूमि कार्यालय**

टिकरापारा, रायपुर में पत्र के माध्यम से या फैक्स : 0771-4242222, 23 पर या सीधे मेल से **hbcgpati@gmail.com** पर भेज सकते हैं।

## करंट अफेयर

# चीन की अर्थव्यवस्था में भारी गिरावट : राजा कृष्णमूर्ति



अमेरिका के एक प्रभावशाली सांसद ने कहा कि चीन की अर्थव्यवस्था में भारी सुस्ती आई है और बीजिंग के सामने दो रास्ते हैं-या तो वह अपने पड़ोसियों के खिलाफ आक्रामकता जारी रखे या फिर आक्रामकता कम करे और अपनी अर्थव्यवस्था में सुधार लाए। भारतीय-अमेरिकी सांसद राजा कृष्णमूर्ति ने कहा, 'वास्तव में चीन अपनी अर्थव्यवस्था में इस कदर सुस्ती का सामना कर रहा है कि कुछ क्षेत्रों में अपस्फीति (वस्तुओं और सेवाओं के सामान्य मूल्य के स्तर में गिरावट) की स्थिति उत्पन्न हो सकती है। उपभोक्ता विश्वास खत्म हो गया है। आप दशकों तक एक-संतान नीति पर अमल करने वाले देश में 25 प्रतिशत से अधिक युवा बेरोजगारी देख रहे हैं। यह बहुत ही खराब आंकड़ा है।' कृष्णमूर्ति ने कहा, 'इससे खास तौर पर प्रांतीय और स्थानीय स्तर पर कर्ज बढ़ गया है? साथ ही लोगों की कुल संपत्ति में काफी गिरावट आई है। ऐसे में शी चिनफिंग देश को गंभीर आर्थिक संकट में घिरा पा रहे हैं।' उन्होंने कहा कि चिनफिंग के पास दो विकल्प हैं, 'या तो वह वर्तमान रुख पर कायम रहें जो आर्थिक आक्रामकता को बढ़ावा दे रहा है, पड़ोसियों के प्रति तकनीकी और सैन्य आक्रामकता को बढ़ावा दे रहा है।

## ऑफ बीट


# जैल मैनीक्योर व ऐक्रेलिक नाखून लगते हैं सुंदर



काइली जेनर और रिहाना से लेकर एरियाना ग्रांडे और कार्डी बी तक, मशहूर हस्तियां अपनी शैली की अभिव्यक्ति के रूप में लंबे, एक्रेलिक - अक्सर नेल आर्ट से अत्यधिक अलंकृत - नाखून रखती हैं। नेल फैशन अब एक उभरता हुआ उद्योग है जिसमें जैल मैनीक्योर और ऐक्रेलिक नाखून सबसे लोकप्रिय वर्तमान रुझानों में से एक हैं। जबकि मैनीक्योर खुद की देखभाल की तरह लग सकता है, वे स्वस्थ प्राकृतिक नाखूनों को बर्बाद कर सकते हैं - और इन्हें करवाने वाले लोगों के नाखूनो में अप्रत्याशित स्वास्थ्य समस्याएं भी पैदा कर सकते हैं। उदाहरण के लिए, ऐक्रेलिक को प्राकृतिक नाखून से जोड़ने के लिए इस्तेमाल किया जाने वाला नेल गोंद आमतौर पर अल्कोहल, साइनोएक्रिलेट और फोटो-बॉन्ड मेथैक्रिलेट का मिश्रण होता है, जिसमें फॉर्मेल्डिहाइड सहित अन्य तत्व होते हैं, जो एक ज्ञात कैंसर कारक है। नाखून चिपकने वाले पदार्थों में मौजूद रसायन त्वचा में जलन और सूजन का कारण बन सकते हैं। नेल ग्लू के जलने की भी व्यापक रूप से सूचना मिलती है। कुछ मामलों में, कपड़ों पर गिरा हुआ नेल गोंद जलने से त्वचा को भी जला देता है, जिसमें बाद में संक्रमण हो सकता है।

## जापान में तहलका मचाएगी 'सलारः पार्ट 1-सीजफायर'

**मुंबई।** फिल्म 'सलारः पार्ट 1-सीजफायर' अपनी रिलीज के बाद से पॉपुलर हो गई है। प्रशांत नील द्वारा निर्देशित इस फिल्म ने न सिर्फ ऑडियंस का दिल जीता है बल्कि यह बॉक्स ऑफिस पर कलेक्शन के मामले में भी अपना दम दिखा रही है। फिल्म ने 700 करोड़ की वर्ल्ड वाइड कमाई करके रिकॉर्ड सेट किया है, जिसके बाद अब फिल्म जापान में अपनी रिलीज के साथ जादू चलाने के लिए तैयार है।




'सलारः पार्ट 1-सीजफायर' के मेकर्स ने अपने सोशल मीडिया पर प्रभास के साथ फिल्म का एक दिलचस्प पोस्टर शेयर किया है। प्रभास को एक के बाद एक बड़ी सफलता मिल रही है। हाल ही में रिलीज हुई उनकी फिल्में बॉक्स ऑफिस पर अच्छी कमाई कर रही हैं। सलारः पार्ट 1 - सीजफायर और लेटेस्ट हिट कल्कि की बड़ी सफलता के साथ, प्रभास ने दुनिया भर के दर्शकों के लिए अपनी वर्सेटिलिटी और मजबूत अपील दिखाई है। बता दें कि फिल्म एक सरप्राइज पर जाकर खत्म हुई, जिसके साथ वह अपने सीक्वल ''सलार पार्ट 2: शौर्यंगा पर्वम की स्टेज सेट किए हुए है।

# पूरी की फिल्म 'देवा' की शूटिंग



एजेंसी ▶▶ मुंबई

बॉलीवुड अभिनेत्री पूजा हेगड़े ने अपनी आने वाली एक्शन-थ्रिलर फिल्म 'देवा' की शूटिंग पूरी कर ली है। पैन इंडिया स्टार पूजा हेगड़े, जिनका 2024 का कैलेंडर काफी रोमांचक और व्यस्त है। पूजा हेगड़ ने अपनी बहुप्रतीक्षित एक्शन-थ्रिलर 'देवा' की शूटिंग पूरी कर ली है। रॉय कपूर फिल्म्स और ज़ी स्टूडियो द्वारा निर्मित इस फिल्म में पूजा हेगड़े के साथ शाहिद कपूर भी हैं। शूटिंग पूरी होने के बाद पूजा ने निर्देशक रोशन एंड्रयूज और निर्माता सिद्धार्थ रॉय कपूर तथा क्रू के साथ मिलकर केक काटकर इस उपलब्धि का जश्न मनाया। इससे पहले, पूजा ने फिल्म 'सूर्या 44' के लिए सुंदर अंडमान और निकोबार द्वीप समूह में एक शूटिंग शेड्यूल भी पूरा किया था, जिसमें वह प्रसिद्ध अभिनेता सूर्या के साथ अभिनय कर रही हैं।

## तृप्ति धनुष के साथ करेंगी रोमांस...

**मुंबई।** अभिनेत्री तृप्ति डिमरी के पास फिल्मों की लाइन लगी हैं। तृप्ति हर निर्माता-निर्देशक की पहली पसंद बनी हुई हैं। अब खबर है उन्हें धनुष संग काम करने का मौका मिल गया है। आनंद राय की अगली फिल्म में दोनों साथ दिखने वाले हैं। रिपोर्ट के मुताबिक, आनंद ने अपनी अगली फिल्म 'तेरे इश्क में' के लिए तृप्ति को कास्ट कर लिया है। धनुष फिल्म में एक एंग्री यंगमैन की भूमिका में होंगे। ऐसे में उनके साथ लीड हीरोइन के लिए आनंद की पहली पसंद तृप्ति हैं।






## 'हाउसफुल-5' से जुड़े संजय दत्त

**मुंबई।** संजय दत्त का नाम बॉलीवुड के उन अभिनेताओं में शुमार हैं, जिनकी दीवानगी प्रशंसकों के सिर चढ़कर बोलती है। बता दें कि 'हाउसफुल' फ्रैंचाइजी के 5वें भाग 'हाउसफुल 5' से जुड़ गए हैं। फिल्म के निर्माता साजिद नाडियाडवाला ने संजू के साथ अपनी एक तस्वीर साझा कर लिखा, 'हम यह घोषणा करते हुए बेहद उत्साहित हैं कि संजय 'हाउसफुल' के परिवार में शामिल हो गए हैं। पागलपन से भरी एक रोमांचक यात्रा के लिए तैयार हो जाएं।' कोई शक नहीं कि संजय अपनी शानदार कॉमेडी से फिल्म को एक अलग ही स्तर पर ले जाएंगे। संजय का नाम फिल्म से जुड़ते ही 'हाउसफुल 5' को लेकर लोगों का उत्साह दोगुना हो गया है। सोशल मीडिया पर इसकी झलक साफ दिख रही है। 'हाउसफुल' और 'हाउसफुल 2' का निर्देशन साजिद खान ने किया था।

## *प्रियंका ने मुंबई में सेलिब्रेट किया भाई का बर्थडे*

***मुंबई।** प्रियंका चोपड़ा बीते दिन अनंत अंबानी और राधिका मर्चेंट की शादी अटेंड करने के लिए पति निक जोनस के साथ भारत आई थीं। बीते दिन प्रियंका चोपड़ा ने अपने पति के साथ मिलकर भाई सिद्धार्थ चोपड़ा का बर्थडे सेलिब्रेट किया है। एक्ट्रेस के भाई ने एक प्राइवेट बर्थडे पार्टी ऑर्गेनाइज की थी। इस पार्टी में उनके भाई-बहन और दोस्त खूब धूम मचाते दिखे। प्रियंका के साथ निक जोनस और मनारा चोपड़ा भी नजर आए हैं। बता दें कि सिद्धार्थ चोपड़ा 35 साल के हो गए हैं। उनकी बहन व जीजा सिद्धार्थ के बर्थडे में शामिल हुए थे। वायरल हो रही फोटोज में सिद्धार्थ की मंगेतर नीलम उपाध्याय भी नजर आ रहीं हैं। इस दौरान सिद्धार्थ ब्लैक कलर के कपड़ों में नजर आए, वहीं मन्नारा और नीलम दोनों ने ब्लैक ड्रेस कैरी की थी। प्रियंका चोपड़ा ने अपने इंस्टाग्राम अकाउंट पर कुछ फोटोज शेयर की हैं। इन फोटोज में गेट टुगेदर में सभी नजर आ रहे हैं। प्रियंका चोपड़ा एक फोटो में ब्लू कलर की ड्रेस में नजर आ रही हैं। जिसे उनके फैशन डिजाइनर राहुल मिश्रा के द्वारा डिजाइन किया गया है।*





## शिमला की पृष्ठभूमि पर बनी है 'अमर कालोनी'




**मुंबई।** हिमाचल प्रदेश के शिमला के रहने वाले फिल्म निर्देशक सिद्धार्थ चौहान की 'अमर कॉलोनी' शिमला की पृष्ठभूमि की थीम पर बनी फिल्म है। 'अमर कालोनी' के निर्देशक सिद्धार्थ चौहान बताते हैं कि छह साल पहले, मैं एक ऐसी जगह की तलाश में था, जहां मैं अपनी लघु फिल्म के लिए एक सेट बना सकूं। तभी मुझे शिमला में ब्रिटिश काल की एक शानदार विरासत वाली इमारत का एक निर्जन ताला लगा हुआ हिस्सा मिला। यह कभी 1905-06 में दिल्ली और लंदन बैंक का हिस्सा हुआ करता था। सीढ़ियां, ऊंचे गलियारे, बड़ी खिड़कियां, पुरानी लकड़ी के प्रयोग सहित निर्माण की हर शैली ने मुझे आकर्षित किया। चाहे फिल्म में दुर्गा का किरदार निभाने वाली ऊषा हों या उनके पति की भूमिका निभाने वाले दीपक। ईशान आजाद को समझाना थोड़ा चुनौतीपूर्ण था, लेकिन उनकी भूमिका भी काफी चुनौतीपूर्ण थी। सिद्धार्थ ने कहा कि फिल्म के कुल कलाकारों में से 75 फीसदी किरदारों का संबंध शिमला से ही था।

**टीवी मसाला**

## आशिफ ने निभाए 300 कैरेक्टर गिनीज बुक में दर्ज है नाम...

**मुंबई।** ऐसा कहा जाता है कि इंसान की लाइफ में एक बार ऐसा मौका आता है जरूर आता है जब उन्हें वो सबकुछ मिलता है जिसकी उन्हें चाहत होती है। कुछ ऐसा ही आशिफ शेख के साथ हुआ उन्होंने सोचा था फिल्मों में काम करके फेमस हो जाएं, उन्हें प्रसिद्धि मिली लेकिन फिल्मों नहीं टीवी सीरियल से जिसका नाम है 'भाबी जी घर पर हैं। आशिफ शेख ने इस सीरियल में लगभग 300 किरदार निभाए हैं और इसके लिए उनका नाम गिनीज वर्ल्ड बुक में दर्ज है। हिंदी टेलीविजन के आशिफ शेख इकलौते ऐसे एक्टर हैं जिन्होंने एक सीरियल में अलग-अलग इतने सारे किरदार निभाए। 2 मार्च 2015 को 'भाभी जी घर पर हैं' का पहला एपिसोड आया था। शो में दिखाया गया है कि दो पड़ोसी एक-दूसरे की वाइफ को पसंद करते हैं और हेल्दी फ्लर्ट भी करते हैं। इस शो में दोनों भाबियों का किरदार अलग-अलग एक्ट्रेसेस ने निभाया लेकिन आशिफ शेख और रोहिताश्व गौर लगभग 9 सालों से टिके हुए हैं। आशिफ शेख इस शो के मेन कलाकार हैं जिन्हें दर्शक देखना पसंद करते हैं। साल 2015 से लेकर 2021 तक आशिफ शेख ने स्क्रिप्ट की डिमांड के अनुसार, इस सीरियल में 300 से ज्यादा किरदार बदले हैं। इसके लिए उन्हें सम्मानित भी किया गया।






# अमेरिका में लिंकन, केनेडी समेत 4 राष्ट्रपतियों की हुई हत्या, ट्रम्प से पहले नेताओं पर हो चुके 15 बार अटैक

*पेंसिल्वेनिया। अमेरिका में प्रेसिडेंशियल इलेक्शन कैंपेन में पूर्व राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प पर शनिवार को जानलेवा हमला हुआ। राष्ट्रपति चुनाव में डोनाल्ड ट्रंप रिपब्लिकन उम्मीदवार हैं। पेंसिल्वेनिया में आयोजित ट्रम्प की चुनावी रैली में एक बंदूकधारी ने गोलीबारी की, जिसमें डोनाल्ड ट्रम्प घायल हो गए, एक गोली उनके दाएं कान को छूकर निकल गई। रैली के मंच पर ट्रम्प के कान और चेहरे पर खून नजर आया। इस हमले ने दुनिया के महाशक्ति देश में राजनीतिक हिंसा की चिंताओं को बढ़ा दिया है। ताजा रिपोर्ट के अनुसार, पूर्व राष्ट्रपति बराक ओबामा, ट्रम्प और राष्ट्रपति बिडेन पर भी हमले की कोशिश हो चुकी है। ज्ञात हो कि यूएस में अब तक कई प्रेसिडेंट्स और कैंडिडेट्स पर हमले हुए, हत्या या हत्या की कोशिश की गई। यह हमला राष्ट्रपति चुनाव से पहले तनाव बढ़ा सकता है। बटलर काउंटी के जिला अटॉर्नी ने बताया कि रैली में हमलावर समेत दो लोग मारे गए और दो जख्मी हैं।*

### राष्ट्रपति अब्राहम लिंकन बने पहला शिकार

अमेरिका में राष्ट्रपति की हत्या का पहला सफल मामला 16वें राष्ट्रपति अब्राहम लिंकन का है, जिन्हें अप्रैल 1865 में निशाना बनाया गया। गृहयुद्ध खत्म होने के बाद वाशिंगटन डी.सी. के फोर्ड थिएटर में एक प्रस्तुति के दौरान नाटक के अभिनेता और जॉन विल्क्स बूथ ने अब्राहम लिंकन के सिर में गोली मारी। गोली लगने के 12 घंटे के भीतर ही लिंकन ने दम तोड़ दिया। हत्यारा उस समय घटनास्थल से भागने में सफल तो हो गया लेकिन उसे वर्जीनिया में पकड़ लिया गया।



**विलियम मैकिनले बने तीसरा शिकार** : अमेरिका के 25वें राष्ट्रपति विलियम मैककिनले को उनके दूसरे कार्यकाल के छह महीने बाद सितंबर 1901 में निशाना बनाया गया। एक पब्लिक एग्जिबिशन में लोगों से मिलते समय विलियम मैकिनले को गोली मारी गई। एक सप्ताह बाद ही उनकी मौत हो गई।

### जेम्स गारफील्ड पर किया वार

अमेरिका के 20वें राष्ट्रपति जेम्स गारफील्ड को साल 1881 में वाशिंगटन डी.सी. के एक रेलवे स्टेशन पर गोली मारी गई। गोली लगने से वो बुरी तरह घायल हो गए। कुछ महीनों बाद उनकी न्यू जर्सी में मौत हो गई। रिपोर्ट्स की मानें तो जेम्स गारफील्ड को उनके ही एक पूर्व समर्थक चार्ल्स गुइटो ने गोली मारी। गुइटो की नाराजगी का कारण गारफील्ड के प्रशासन में नौकरी नहीं मिलने को बताया जाता है। बाद में गुइटो को फांसी दे दी गई।

### जॉन एफ. कैनेडी की हत्या

*अमेरिका के 35वें राष्ट्रपति जॉन एफ. कैनेडी को साल 1963 एक पूर्व नौसैनिक ली हार्वे ओसवाल्ड ने गोली मारी। नवंबर 1963 में डलास में एक पब्लिक कार रैली के वक्त ओसवाल्ड ने कार में सवार कैनेडी को छठी मंजिल से निशाना बनाया। सोवियत समर्थक ओसवाल्ड को हमले के कुछ दिनों बाद गिरफ्तार किया गया।*

### पिछले 9 राष्ट्रपति में 7 पर हो चुके अटैक

*पिछले 9 राष्ट्रपति में से कम से कम 7 पर अटैक, हमले या हत्या की कोशिश हुई। कांग्रेसनल रिसर्च सर्विस रिपोर्ट के अनुसार, हमले में बचने वाले राष्ट्रपतियों में गेराल्ड आर. फोर्ड (1975 में दो बार), रोनाल्ड डब्ल्यू. रीगन (1981 में जानलेवा गोलीबारी), बिल क्लिंटन (1994 में व्हाइट हाउस पर गोलीबारी हुई), और जॉर्ज डब्ल्यू. बुश (2005 में हमलावर ने ग्रेनेड फेंका जो फटा नहीं) शामिल हैं। ताजा रिपोर्ट के अनुसार, पूर्व राष्ट्रपति बराक ओबामा, ट्रम्प और राष्ट्रपति बिडेन पर भी हमले की कोशिश हो चुकी है।*

## खबर संक्षेप

### ताजमहल के ऊपर मंडराया ड्रोन, जांच करेगी समिति

**आगरा।** उत्तर प्रदेश के आगरा में सुरक्षा के लिहाज से बेहद



संवेदनशील ताजमहल के ऊपर एक ड्रोन के उड़ने का वीडियो सोशल मीडिया में वायरल हो गया। ताजमहल के 500 मीटर के आसपास का इलाका उड़ान निषिद्ध क्षेत्र (नो फ्लाइंग जोन) है। वीडियो रविवार सुबह छह बजे का बताया जा रहा है। इस मामले की जांच करने के लिए ताजमहल की सुरक्षा में तैनात सीआईएसएफ और पुलिस अधिकारियों की एक संयुक्त जांच टीम का गठन किया गया है।

### हर की पौड़ी में बस पुल से गिरी, 28 लोग घायल

**हरिद्वार।** उत्तराखंड के हरिद्वार में हर्की पौड़ी के पास रविवार को एक बस के पुल से नीचे गिरने से 28 से अधिक यात्री घायल हो गए। रोड़ी बेलवाला पुलिस चौकी के प्रभारी यशवीर सिंह ने बताया कि घायलों को जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है जिनमें से चार की हालत गंभीर बतायी जा रही है। उन्होंने बताया कि देहरादून से आ रही उत्तर प्रदेश परिवहन निगम की मुरादाबाद डिपो की एक बस यहां दीनदयाल पार्किंग के पास पुल से नीचे गिर गई। बस के गिरने से पार्किंग में खड़ी कुछ कारें भी क्षतिग्रस्त हो गयीं। उन्होंने बताया कि हादसे के कारणों की जांच की जा रही है। सिंह ने बताया कि सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और बचाव एवं राहत कार्य शुरू किया गया।

### केजरीवाल की स्वास्थ्य स्थिति चिंताजनकः आप

नई दिल्ली। आम आदमी पार्टी ने रविवार को आरोप लगाया कि



न्यायिक हिरासत में दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल के स्वास्थ्य को 'गंभीर' खतरा है। दिल्ली की कैबिनेट मंत्री आतिशी ने यहां संवाददाता सम्मेलन को संबोधित करते हुए कहा कि मधुमेह से पीड़ित केजरीवाल का शुगर लेवल खतरनाक रूप से कम हो गया है। आतिशी ने कहा, ''भाजपा ने केजरीवाल को फर्जी मामले में जेल में डालने की साजिश रची। उनके स्वास्थ्य को गंभीर खतरा है। उनका वजन 8.5 किलोग्राम कम हो गया है।

### बिहार में सड़क दुर्घटना में पांच की मौत, 7 घायल

**किशनगंज।** बिहार के किशनगंज जिले के पेटभरी गांव के निकट रविवार को एक जीप और ट्रक के बीच टक्कर हो गई, जिसमें दो बच्चों सहित कम से कम पांच लोगों की मौत हो गई तथा सात अन्य जख्मी हो गए। हादसा सुबह करीब 11 बजे हुआ और मृतकों की पहचान अब तक नहीं हो पाई है। घटना में हताहत हुए लोग जीप में सवार थे। पुलिस के एक बयान में कहा गया, "दो बच्चों समेत पांच लोगों की मौके पर ही मौत हो गई। सभी सात घायलों को नजदीकी सरकारी अस्पताल में भर्ती कराया गया है।"उन्होंने बताया कि दुर्घटना में जीप के चालक की भी मौत हो गई।

---

देश के कई हिस्सों में आफत बना पानी, बाढ़ व आसमानी बिजली बरपा रही कहर

# उत्तर से दक्षिण व पूरब से पश्चिम तक बारिश का तांडव, अब तक 205 की मौत

*देश के कई राज्यों में इन दिनों बारिश आफत बनकर बरस रही है। बारिश के कारण असम, बिहार, यूपी सहित कई राज्यों में बाढ़ जैसे हालात बने हुए हैं। बारिश, बाढ व आसमानी बिजली गिरने सहित अन्य कारणों से अब तक 205 से ज्यादा लोगों की मौत हो चुकी है।*

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नई दिल्ली

आईएमडी के वैज्ञानिक डॉ. नरेश कुमार ने बताया कि आने वाले दिनों में अगले 24 घंटों के दौरान, कोंकण और गोवा, कोंकण और गोवा, तटीय कर्नाटक और केरल में मध्यम से भारी बारिश संभव है। वहीं उत्तराखंड, असम, मेघालय, अरुणाचल प्रदेश, मध्य प्रदेश, मध्य महाराष्ट्र, दक्षिण गुजरात, विदर्भ, तेलंगाना के कुछ हिस्सों और अंडमान और निकोबार द्वीप समूह में हल्की से मध्यम बारिश के साथ कुछ स्थानों पर भारी बारिश हो सकती है। तटीय कर्नाटक, केरल, कोंकण और गोवा में भारी बारिश का रेड अलर्ट जारी किया गया है और करीब 20 सेमी बारिश होने की संभावना जताई गई है. वहीं दिल्ली-एनसीआर में हल्की बारिश होने की उम्मीद और कोई भी अलर्ट जारी नहीं किया गया है।

### उत्तराखंड से कर्नाटक बरसेंगे बादल

मौसम पूर्वानुमान एजेंसी स्काईमेट के मुताबिक, अगले 24 घंटों के दौरान, कोंकण और गोवा, कोंकण और गोवा, तटीय कर्नाटक और केरल में मध्यम से भारी बारिश संभव है। वहीं उत्तराखंड, असम, मेघालय, अरुणाचल प्रदेश, मध्य प्रदेश, मध्य महाराष्ट्र, दक्षिण गुजरात, विदर्भ, तेलंगाना के कुछ हिस्सों और अंडमान और निकोबार द्वीप समूह में हल्की से मध्यम बारिश के साथ कुछ स्थानों पर भारी बारिश हो सकती है।



### इन राज्यों में हल्की व मध्यम बारिश

लक्षद्वीप, हिमाचल प्रदेश, हरियाणा, पंजाब, उत्तर प्रदेश, बिहार, झारखंड, मराठवाड़ा, पश्चिम बंगाल, ओडिशा, आंध्र प्रदेश, तमिलनाडु और लक्षद्वीप में हल्की से मध्यम बारिश हो सकती है. लद्दाख, जम्मू कश्मीर, पश्चिम बंगाल के गंगीय क्षेत्र, सौराष्ट्र और कच्छ, रायलसीमा, आंतरिक कर्नाटक, तमिलनाडु, मणिपुर, मिजोरम, त्रिपुरा, राजस्थान और दिल्ली में हल्की बारिश संभव है।

**बिहार के कई जिले बाढ़ की चपेट में**

नेपाल से सटे बिहार और यूपी के कई जिले बाढ़ की चपेट में हैं। बिहार के बगहा में गंडक नदी के बढ़ते जलस्तर से बाढ़ की स्थिति बनी हुई है। 7 नदियां (घाघरा, गंडक, बागमती, कमला बलान, कोसी, महानंदा और परमान नदी) खतरे के निशान से ऊपर हैं। यहां पिछले 48 घंटे में 25 लोगों की मौत बिजली गिरने से हुई है।

**यूपी में 20 लाख लोग प्रभावित**

उधर, यूपी में सबसे ज्यादा खराब स्थिति पीलीभीत, लखीमपुर खीरी और शाहजहांपुर की है। यहां 20 लाख लोग बाढ़ से प्रभावित हैं। इटावा में कई निचले इलाकों में पानी भरा हुआ है। यहां रविवार 14 जुलाई को रोडवेज बस आधी डूब गई है। 2 घंटे तक यात्री बस में फंसे रहे। बाद में बस को रेस्क्यू कर बाहर निकाला गया।

### असम, बंगाल में बाढ़ जैसे हालात, नदियां उफान पर

असम में बाढ़ की स्थिति बनी हुई है. वहीं पश्चिम बंगाल के उप-हिमालयी क्षेत्र के कई निचले इलाकों में बाढ़ जैसे हालात उत्पन्न हो गए हैं। ब्रह्मपुत्र और बराक समेत कई स्थानों पर कई नदियों का जलस्तर खतरे के निशान से ऊपर पहुंच गया है। असम में 29 जिले भीषण बाढ़ से प्रभावित हैं। यहां 150 से ज्यादा लोगों की मौत हो गई वहीं लगभग 24 लाख लोग बाढ़ से प्रभावित हैं।

**हरिद्वार में आवाजाही पुल क्षतिग्रस्त**

दो दिन तक हुई तेज बारिश से हरिद्वार में पथरी रौह नदी पर बना रपटा क्षतिग्रस्त हो गया है। सुकरासा गांव के पास बना ये रपटा दर्जनों गांवों को आपस में जोड़ता है। खतरे को देखते हुए लोक निर्माण विभाग ने पुल के दोनों ओर चेतावनी बोर्ड लगा दिए हैं। स्थानीय लोगों का कहना है कि पिछले 6 साल से पथरी रौह नदी पर बना ये सुकरासा पुल क्षतिग्रस्त हालत में पड़ा हुआ है।

**बादल फटने से खेत तबाह**

उत्तरकाशी के आराकोट बंगाण क्षेत्र की ग्रामपंचायत सरास के ग्राम सल्ला में दो दिन पहले मध्य रात्रि को बाढ़ और बादल फटने के कारण खेती की जमीन को बड़ा नुकसान हुआ है। गांव में मत्स्य विभाग द्वारा बनवाया गया मछली पालन तालाब और पेयजल विभाग द्वारा बनवाई गई पानी की लाइन भी तबाह हो गई है।

---

# कांग्रेस ने गौरव गोगोई को बनाया डिप्टी लीडर के.सुरेश को दिया अहम पद

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

लोकसभा में कांग्रेस पार्टी ने इस बार सांसद राहुल गांधी को नेता विपक्ष की कुर्सी देकर एक बड़ा दांव चला है। अब पार्टी ने यह राहुल गांधी के दोस्त और असम से आने वाले सांसद गौरव गोगोई को लोकसभा में पार्टी का डिप्टी लीडर नियुक्त किया है। इतना ही नहीं, केरल से आने वाले जिन के. सुरेश को पार्टी ने प्रोटेम स्पीकर से लेकर स्पीकर चुनाव तक में आगे किया था, उन्हें ही लोकसभा में पार्टी का चीफ व्हिप भी नियुक्त कर दिया है।

दरअसल, ऑल इंडिया कांग्रेस कमेटी के संगठन महासचिव और लोकसभा सांसद केसी वेणुगोपाल ने सोशल मीडिया पर एक पोस्ट में बताया है कि कांग्रेस की संसदीय दल की अध्यक्ष सोनिया गांधी ने लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला को पत्र लिखकर कांग्रेस पार्टी के लोकसभा के नेताओं की नियुक्ति के बारे में जानकारी दी है।



### सुरेश-टैगौर व जावेद को मिली जिम्मेदारी

सांसद केसी वेणुगोपाल द्वारा दी गई जानकारी के मुताबिक कांग्रेस संसदीय दल की प्रमुख और राज्यसभा सांसद सोनिया गांधी ने कांग्रेस के उपनेता के तौर पर गौरव गोगोई के नाम पर मुहर लगाई है। इसके अलावा सांसद के. सुरेश को चीफ व्हिप नियुक्त किया है। पार्टी ने इसके अलावा अन्य दो व्हिप के लिए सांसद मणिकम टैगोर और मोहम्मद जावेद को नियुक्त किया है।

### कौन है गौरव गोगोई

बता दें कि गौरव गोगोई असम के पूर्व सीएम तरुण गोगोई के बेटे हैं और लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी की युवा टीम के अहम सदस्य माने जाते हैं। गौरव गोगोई असम की जोरहाट सीट से लोकसभा सांसद हैं। गौरव गोगोई कई बार कांग्रेस की तरफ से संसद में पार्टी की तरफ से बहसों में शामिल होते हैं।

### कौन हैं के. सुरेश



लोकसभा में कांग्रेस पार्टी के चीफ व्हिप नियुक्त किए गए के. सुरेश केरल की मावेलिक्कारा लोकसभा सीट से 2024 का चुनाव जीत कर संसद पहुंचे हैं। लोकसभा स्पीकर के पद के लिए हुए चुनाव में इंडिया गठबंधन के प्रत्याशी के तौर पर भी के.सुरेश का नाम आगे किया था।

---

# बसपा प्रदेशाध्यक्ष आर्मस्ट्रांग की हत्या का एक आरोपी का एनकाउंटर

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

तमिलनाडु में बहुजन समाज पार्टी के प्रदेशाध्यक्ष के आर्मस्ट्रांग की हत्या के मामले में तमिलनाडु पुलिस को बड़ी सफलता मिली है। पुलिस ने शनिवार रात को एक मुठभेड़ में हत्या में शामिल आरोपियों में एक को मार गिराया है। पुलिस ने उसके शव को अस्पताल की मोर्चरी में रखवा दिया है। इसी तरह अब अन्य आरोपियों की तलाश भी शुरू कर दी है। बता दें कि



आर्मस्ट्रांग की हत्या के बाद प्रदेश की राजनीति गरमाई हुई है। पुलिस ने इस मामले में 11 संदिग्धों को भी गिरफ्तार किया है जिनसे पूछताछ जारी है।

### माधवरम के पास हुई थी मुठभेड़

पुलिस ने बताया कि मृतक आरोपी हिस्ट्रीशीटर थिरुवेंगदम है। वह ऑर्मस्ट्रांग की हत्या में शामिल था। पुलिस को रात को उसके माधवरम में होने की सूचना मिली थी। इसके बाद पुलिस ने घेराबंदी कर दी। इसको देखकर थिरुवेंगदम और उसके साथियों ने गोलीबारी शुरू कर दी। पुलिस की जवाबी कार्रवाई में गोली लगने से थिरुवेंगदम की मौत हो गई।

### 5 जुलाई को हुई थी आर्मस्ट्रांग की हत्या

बता दें कि 5 जुलाई की शाम करीब 7 आर्मस्ट्रांग चेन्नई स्थित सेम्बियम इलाके के वेणुगोपाल मार्ग पर अपने दोस्त से बातचीत कर रहे थे। उसी दौरान 2 बाइक पर सवार 6 लोग आए और उन पर चाकू-तलवारों से हमला कर भाग गए। लोगों ने आर्मस्ट्रांग गंभीर हालत में अपोलो अस्पताल पहुंचाया, जहां डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। जांच में पता चला कि 6 में से 4 हमलावरों ने फूड डिलीवरी कंपनी की टीशर्ट पहन रखी थी।

---

चुनाव प्रक्रिया 1 अगस्त से होगी प्रारंभ

# नड्डा की जगह भाजपा को दिसंबर में मिलेगा नया राष्ट्रीय अध्यक्ष

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

भाजपा को जल्द ही नया राष्ट्रीय अध्यक्ष मिलने वाला है। जेपी नड्डा का कार्यकाल समाप्त हो गया है। हालांकि, उनका कार्यकाल जून 2024 तक बढ़ा दिया गया था, लेकिन अब उन्हें सरकार में महत्वपूर्ण जिम्मेदारियां सौंपी गई हैं। नतीजतन, भाजपा अब नए अध्यक्ष की तलाश में है। भाजपा का लक्ष्य इस साल दिसंबर तक नए राष्ट्रीय अध्यक्ष की नियुक्ति करना है। जिसके लिए अब हलचल तेज हो गई है। भाजपा राष्ट्रीय अध्यक्ष के चुनाव की प्रक्रिया 1 अगस्त से प्रारंभ होगी। तमाम प्रक्रियाओं के बाद 1 दिसंबर से राष्ट्रीय अध्यक्ष के चुनाव की आधिकारिक प्रक्रिया शुरू होगी।

### नड्डा को सौंपी गईं हैं ये भी जिम्मेदारियां



गौरतलब है कि नड्डा को राज्यसभा में सदन का नेता नियुक्त किया गया है। नड्डा गुजरात से राज्यसभा सांसद चुने गए और 2024 के लोकसभा चुनावों के बाद मोदी 3.0 कैबिनेट में स्वास्थ्य, रसायन और उर्वरक विभाग संभाल रहे हैं। राष्ट्रीय अध्यक्ष का ये आगामी चुनाव भाजपा के लिए काफी महत्वपूर्ण है, क्योंकि यह भविष्य की राजनीतिक चुनौतियों और अवसरों के लिए तैयारी कर रही है।

### सदस्यता अभियान से प्रारंभ होगी प्रक्रिया

भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष पद के लिए चुनाव प्रक्रिया 1 अगस्त से शुरू होगी। राष्ट्रीय अध्यक्ष के चुनाव से पहले जिला और राज्य इकाइयों को मजबूत करने के साथ-साथ व्यापक सदस्यता अभियान चलाया जाएगा, जो 15 सितंबर तक चलेगा। इसके बाद 16 सितंबर से 30 सितंबर तक सक्रिय सदस्यता अभियान चलेगा।

### 1 दिसंबर से शुरू होगा प्रदेश अध्यक्षों का चयन

भाजपा के सूत्रों से पता चलता है कि मंडल और जिला अध्यक्ष चुनाव के बाद राज्य परिषद और केंद्रीय परिषद के सदस्यों का चुनाव होगा। इन चुनावों के बाद ही प्रदेश अध्यक्षों के चयन की प्रक्रिया शुरू होगी। प्रदेश अध्यक्षों के लिए चुनाव प्रक्रिया 1 दिसंबर से शुरू होगी।

### अध्यक्ष पद की रेस में कौन-कौन हैं?

अध्यक्ष पद के लिए अमित शाह के करीबी अन्य पिछड़ा वर्ग के विनोद तावड़े का नाम सबसे ज्यादा चर्चा में है। महाराष्ट्र से आने वाले तावड़े राज्य स्तर पर मंत्री रह चुके हैं। भाजपा के संगठन महासचिव बीएल संतोष भी अध्यक्ष पद के दावेदार हैं। एक और नाम पीएम मोदी के करीबी राजस्थान से ओम प्रकाश माथुर का है। वे छत्तीसगढ़ विधानसभा चुनाव में प्रभारी नियुक्त किए गए थे। इसके अलावा चर्चाएं हैं कि भाजपा किसी महिला को अध्यक्ष बनाकर चौंका सकती है।

---

अपने आप हो जाएगा लॉक लेकिन नहीं होगा बंद

# अब चोर नहीं छीन कर भाग पाएगा फोन गूगल ला रहा थेफ्ट डिटेक्शन लॉक फीचर

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

फोन चोरी या लूट होने की घटनाएं आए दिन सामने आती रहती हैं। फोन कर रहे किसी का बाइक से फोन छीनकर भाग जाना, चोरी होना, या चलती ट्रेन में से हाथ मारकर फोन छीन लेना जैसी घटनाएं होती रहती हैं। बाइक या घरों में होने वाली चोरी पर पुलिस अधिकतर मामलों में चोर और सामान दोनों को पकड़ लेती है लेकिन फोन चोरी होने पर ज्यादातर फोन न मिलता है और न ही चोर। ऐसी घटनाओं ध्यान में रखकर गूगल स्मार्टफोन में जल्द ही एक नया फीचर थेफ्ट डिटेक्शन लॉक लाने वाला है जिसके जरिए अगर कोई आपका फोन छीनकर भागा या चोरी कर लिया तो फोन अपने आप लॉक हो और बंद नहीं होगा जिससे लोकेशन के आधार पर चोर पकड़ने में आसानी होगी।



**गूगल एंड्रॉयड 15 ऑपरेटिंग सिस्टम को करेगा अपडेट**

फोन चोरी या झपटमारी की बढ़ती घटनाओं को ध्यान में रखते हुए गूगल ने हाल ही में एंड्रॉयड 15 ओएस लॉन्च किया था। जिसे फिलहाल सेमसंग के फोन के लिए रोल आउट किया गया है। इस ऑपरेटिंग सिस्टम के यूजर्स को कई बेहतरीन फीचर्स मिलने वाले हैं लेकिन अब गूगल एंड्रॉयड 15 ऑपरेटिंग सिस्टम का एक अपडेट वर्जन पेश करने जा रही है जिसमें थेफ्ट डिटेक्शन लॉक फीचर मिलेगा।

### कैसे काम करेगा ये नया फीचर?

गूगल ने इस फीचर को मोशन सेंसर के आधार पर डेवलप किया है, जैसे कि मान लीजिए अगर कोई आपका फ़ोन एक झटके में आपके हाथ से छीन ले या फिर टेबल से उठा ले तो यह फीचर खुद ही फोन की स्क्रीन लॉक कर देगा। इतना ही नहीं अगर किसी ने इंटरनेट को बंद करने की भी कोशिश की तब भी फ़ोन लॉक हो जाएगा, क्योंकि चोर की सबसे पहली कोशिश फ़ोन का इंटरनेट बंद करने की होती है, क्योंकि गूगल के ही फाइंड माय डिवाइस वाले फीचर से कहीं वो फोन ट्रैक न हो जाए।

**गूगल ने कई प्राइवेसी फीचर्स भी किए लॉन्च**

अब फोन आपका फोन आसानी से ट्रेस हो जाएगा क्योंकि चोर फोन को बंद नहीं कर पाएगा। गूगल ने इसी के साथ कई नए प्राइवेसी फीचर्स भी लॉन्च किए हैं जैसे 'प्राइवेट स्पेसेस यहां यूजर्स कुछ एप्स पर पासवर्ड लगाकर अपने डेटा को ज्यादा सुरक्षित रख पाएंगे। इसी के साथ फोन रिसेट करते समय पिन का इस्तेमाल करना पड़ेगा। स्क्रीन शेयर करते समय अब आपको ओटीपी जैसी कोई जानकारी नहीं दिखेगी।

---

सुप्रीम कोर्ट के फैसले का विरोध

# मुस्लिम महिलाओं का गुजारा भत्ता मंजूर नहीं...पर्सनल लॉ बोर्ड का बागी रुख



एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

तलाकशुदा मुस्लिम महिलाओं को लेकर सुप्रीम कोर्ट ने 10 जुलाई को अपने आदेश में कहा था कि मुस्लिम महिलाओं को भी गुजारा भत्ता पाने का उतना ही अधिकार है, जितना अन्य धर्म की महिलाओं को है। तलाक के बाद मुस्लिम महिलाएं भी गुजारा भत्ता पाने के लिए याचिका दायर कर सकती है। सर्वोच्च न्यायालय के इस फैसले के विरोध में मुस्लिम पर्सनल लॉ बोर्ड की वर्किंग कमेटी की बैठक रविवार को दिल्ली में हुई। इस वर्किंग कमेटी में 51 सदस्य हैं जिसमें 5 महिलाएं भी शामिल हैं। इस बैठक में 8 प्रस्ताव पास किए गए। कमेटी ने कहा कि कोर्ट का फैसला शरीयत से अलग है और मुसलमान शरीयत से अलग नहीं सोच सकता है। हम शरीयत के पाबंद हैं। हम इससे अलग नहीं सोच सकते हैं।

### संविधान का दिया हवाला

पर्सनल लॉ बोर्ड वर्किंग कमेटी ने कहा कि संविधान हमें हक देता है कि हम अपने धार्मिक भावनाओं और मान्यताओं के हिसाब से जी सकते हैं। उत्तराखंड यूसीसी पर बोर्ड ने कहा कि यह सांस्कृतिक विरासत खत्म करने की साजिश है और इसे हम अदालत में चुनौती देंगे।




विष्णु के सुशासन से
सँवर रहा छत्तीसगढ़



श्री नरेन्द्र मोदी
माननीय प्रधानमंत्री

# प्रधानमंत्री आवास योजना

## 18 लाख

से अधिक गरीब परिवारों को
निःशुल्क आवास

मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय से जुड़ने के लिए यह क्यूआर कोड स्कैन करें ...



श्री विष्णुदेव साय
मुख्यमंत्री, छत्तीसगढ़

हमने बनाया है, हम ही सँवारेंगे

Visit us : ChhattisgarhCMO ChhattisgarhCMO ChhattisgarhCMO ChhattisgarhCMO DPRChhattisgarh DPRChhattisgarh www.dprcg.gov.in छत्तीसगढ़ जनसंपर्क

# छग में कंवर आदिवासी नेताओं को दी जाए पीसीसी की कमान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नई दिल्ली

**खास बातें**

- वीरप्पा मोइली समिति की रिपोर्ट शीर्ष नेतृत्व को
- संसद के बजट सत्र के बाद कई प्रदेश अध्यक्षों को बदलने की तैयारी

राहुल गांधी के स्वदेश वापसी के बाद संसद का बजट सत्र शुरू होना है, इसीलिए बतौर विपक्ष के नेता वे विधायी कार्यों को अंजाम देने में जुटेंगे। सांगठनिक बैठकों का सिलसिला बजट सत्र के बाद शुरू होना है। लोकसभा में कांग्रेस पार्टी की हार की समीक्षा के लिए बनाई गई तमाम कमेटियों ने अपनी रिपोर्ट पार्टी अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे को सौंप दी है। उसमें छत्तीसगढ़, मप्र समेत आधा दर्जन राज्यों के प्रदेश अध्यक्ष को बदले जाने की सिफारिश की गई है। पहली बार होगा कि प्रदेश अध्यक्ष के साथ समूचे पीसीसी के ओवरहॉलिंग की अनुशंसा भी गई है।

छत्तीसगढ लोकसभा चुनाव में हुई हार की मीमांसा के लिए वीरप्पा मोइली की अध्यक्षता वाली दो सदस्यीय समिति ने इस बार गोंड आदिवासी की बजाय कंवर आदिवासी समुदाय से पीसीसी अध्यक्ष बनाए जाने की अनुशंसा की है। ऐसी अनुशंसा आमतौर पर नहीं की जाती। केवल प्रदेश अध्यक्ष बदले जाने की बात ही होती है, लेकिन मोइली ने वरिष्ठता के आधार शीर्ष नेतृत्व को अतिरिक्त सुझाव दिया है। सूत्रों ने बताया कि मोइली ने इस बात का खास जिक्र किया है कि गोंड समुदाय के आदिवासियों की बहुतायत संख्या को कांग्रेस पार्टी ने बार बार नेतृत्व दिया मगर सफलता अपेक्षाकृत कम मिली। पहले कांकेर जिला से मोहन मरकाम प्रदेश अध्यक्ष थे। उन्हें हटाया गया तो बस्तर के दीपक बैज को कमान दिया गया। दोनों ही प्रयोग असफल रहा। असफल रहने के भी तमाम कारण मोइली ने बैठकों के आधार पर गिनाये हैं।

## ज्यादातर कंवर आदिवासी नेता

*सूत्रों ने बताया कि मोइली समिति ने इस बात की सिफारिश की है कि कंवर आदिवासियों को आखिर भाजपा ने क्यों आगे बढाया जब कि उन्हें भी पता था कि कंवर की संख्या गोंड आदिवासी से कम है। पूर्व प्रदेश अध्यक्ष रहे नंद कुमार साय रहे हों या फिर कद्दावर नेता ननकीराम कंवर हों, वर्तमान मुख्यमंत्री विष्णु देव साय हों या फिर अन्य प्रमुख नेताओं की कतार हो। ज्यादातर कंवर आदिवासी रहे। वीरप्पा मोइली ने सीट वार लोकसभा हार का ब्यौरा तो दिया है मगर उनका ज्यादा जोर लुंजपुंज रहे सांगठनिक आकार प्रकार को लेकर ही है। माना जा रहा है कि संसद के बजट सत्र के बाद तमाम प्रदेश अध्यक्षों को बदलने पर अंतिम निर्णय किया जाएगा।*

## कोंकण रेलवे मार्ग पर भूस्खलन से रेल सेवाएं प्रभावित

**मुंबई।** महाराष्ट्र के रायगढ़ और रत्नागिरी जिलों में रविवार शाम भारी बारिश के बीच भूस्खलन के कारण कोंकण रेलवे मार्ग पर ट्रेन सेवाएं ठप हो गईं। कोंकण रेलवे के प्रवक्ता ने बताया कि भूस्खलन शाम करीब पांच बजे विन्हेरे (रायगढ़) और दीवान खावती (रत्नागिरी) स्टेशनों के बीच एक सुरंग के ठीक बाहर हुआ। उन्होंने कहा, उस समय इस खंड से कोई ट्रेन नहीं गुजर रही थी। अधिकारी ने बताया कि कोंकण मार्ग पर विभिन्न स्टेशनों पर लंबी दूरी की पांच- छह ट्रेन रोक दी गई हैं।

## पत्नी और बेटे को कुल्हाड़ी से काटकर मार डाला

**महाराजगंज।** महाराजगंज जिले के बृजमनगंज क्षेत्र में एक व्यक्ति ने कथित रूप से अपनी पत्नी और बेटे की कुल्हाड़ी से काटकर हत्या कर दी और शवों को कमरे में बंद कर भाग गया।

JHAIGO झाईगो Cream
चेहरे के दागों को कम कर सुंदरता बढ़ाये...
तो फिर क्या.. बस इस बार झाईगो क्रीम उपयोग कर देखें।
क्या आपके... चेहरे पर झाईयां है? आंखो पर काले घेरे हैं?
चेहरे पर मुहाँसे के काले निशान हैं? या जले या चोट के निशान हैं? HMS देखकर खरीदें
असली केंदवा मलहम
ढक्कन पर केंदवा मलहम लिखा देखें। रजि.नं. 573034बी देखकर खरीदें। ओरिजनल का होलोग्राम (हरि) देखकर खरीदें।
दाद, खाज, खुजली, केंदवा के लिये। 94060-21769

हरिभूमि HEALTH CARE
छत्तीसगढ़ के मेडिकल विशेषज्ञ

सभी प्रकार के स्किन एवं बाल संबंधी समस्याओं का निदान, मुंहासे, झांई, झुर्रियों का इलाज, अनचाहे बालों हेतु लेजर ट्रीटमेंट
सिंघानिया स्किन केयर
36, प्रथम तल, गुरूकुल कॉम्प्लेक्स कालीबाड़ी, रायपुर 0771-4053311
Email:bsinghania111@yahoo.co.in
Makeover Skin, Hair & Aesthetic Centre
रानी सती मंदिर के पास, केनाल लिंकिंग रोड, रवीनगर, राजातालाब, रायपुर
मो. 94252-14479 0771-4020411
www.makeoverraipur.com
त्वचा व बाल संबंधी समस्याओं का इलाज

सुविधाएं : पी.एफ.टी. ब्रांकोस्कोपी स्लीप स्टडी
डॉ. राठौर चेस्ट क्लिनिक
दमा, टी.बी., छाती एवं एलर्जी रोग विशेषज्ञ
स्पेशलिस्ट : खासी, श्वॉस, दमा, टी.बी., निमोनिया, एलर्जी फेफड़े का कैंसर, खर्राटे व नींद
गरचा कॉम्प्लेक्स, कचहरी चौक, जेल रोड, रायपुर
मो. 7999450384, 7042974029
समय : दोपहर 2.00 बजे से शाम 7.00 बजे तक (रविवार अवकाश)

कान, नाक, गला, एलर्जी एवं वर्टिगो (चक्कर) कोअब्लेशन एवं लेजर सर्जरी हॉस्पिटल
डॉ. जाऊलकर ई.एन.टी. हॉस्पिटल (ISO 9001-2000 Certified)
सेन्ट्रल एवेन्यू चौबे कालोनी प्रगति कॉलेज रायपुर (छ.ग.)
फोन: 0771-4044551
समय: सुबह 9.30 से 4.30 तक

मनोरोग नशा उन्मूलन एवं यौन रोग विशेषज्ञ
प्रभा मनोचिकित्सा क्लिनिक
मो. 9977247553
नया पता : शॉप नं. 119, प्रथम तल, लालगंगा मिडास, फाफाडीह, रायपुर
समय : सुबह 11.00 से शाम 5.00 बजे तक
सिरदर्द, मिर्गी, मानसिक तनाव, घबराहट, असामान्य व्यवहार, डिप्रेशन, शीर्ध पतन, आदि, हर माह के प्रथम रविवार को कवर्धा में 12.00 से 4.00 एवं 8.30 से 10.30 बेमेतरा में

उपलब्ध विशेषताएं
• लेप्रोस्कोपिक एवं जनरल सर्जरी
• जनरल मेडीसीन • ऑर्थोपेडिक्स
• जोड़ प्रत्यारोपण सर्जरी
• ऑन्कोलॉजी (सर्जिकल)
• गायनेकोलॉजी
अग्रवाल हॉस्पिटल (मल्टीस्पेशियेलिटी सेन्टर)
जी.ईरोड, आर.के.सी. कॉम्पलेक्स के सामने, रायपुर (छ.ग. 492001)
फोन: +91-0771-4088107/108, ईमरजेंसी नंबर 9109187755, डॉ. सजन अग्रवाल - 9329101037
लेप्रोस्कॉपिक सर्जरी में सभी प्रकार की हार्निया, अपेन्डिक्स, पित की थैली, बच्चादानी आदि से संबंधित ऑपरेशन सभी तरह की कैंसर सर्जरी एवं कीमोथेरेपी की सुविधा उपलबध
OPD समय - शाम 4 से 6 बजे

डायबिटीज / शुगर संबंधी सभी समस्याएं, थायराइड, मोटापा, प्रेग्नेंसी डायबिटिस, फुलबॉडी चेकअप, डायबिटिक सेक्स रोग, नसों की सुन्नता।
डायबिटिक क्लीनिक
Dr. Satyajeet Sahu Advance Dibetes & Thyroid care centre
Diabetic Clinic
Appointments No. 7724035770 9329004557 9303724304
17, गुरूकुल कॉम्पलेक्स, कालीबाड़ी रायपुर,
समय - सुबह 10 से 5, शाम 6 से रात 9 बजे तक

अष्टविनायक हॉस्पिटल
बच्चों के सभी ऑपरेशन किये जाते हैं।
* आयुष्मान कार्ड / राशन कार्ड द्वारा ऑपरेशन संभव *
बच्चों के विशेषज्ञ सर्जन डॉ. रितेश रंजन (MCH, पीडियाट्रिक सर्जन)
आमा सिवनी, विधानसभा रोड, रायपुर (छ.ग.) 7987225800, 9301744425

वात, स्पाइन एवं पाइल्स केयर
मेडिक्लेम सुविधा उपलब्ध
राज-राजेश्वरी आयुर्वेदिक वेलनेस सेंटर
मो. 9039050422
मनसा चैम्बर्स, कल्याण हॉस्पिटल के पीछे, बिलासपुर रोड, फाफाडीह रायपुर

मोतियाबिंद
आयुष्मान कार्ड सुविधा
SBH साईं बाबा नेत्र हॉस्पिटल
छोटी लाईन ब्रिज के पास, फाफाडीह, रायपुर 9644099925

वात रोग, स्त्री रोग, किडनी रोग की समस्या का संपूर्ण इलाज आयुर्वेदिक पद्धति द्वारा
श्रीधर औषधालय एवं पंचकर्म केन्द्र
सम्पूर्ण आयुर्वेदिक चिकित्सा केन्द्र
मुनआस रियल्टी के बाजू में, रिंग रोड नं.-1, रायपुरा, रायपुर
76470-97309, 98279-66617

विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 7987119756, 9303508130

epaper : www.haribhoomi.com
हरिभूमि CLASSIFIED
Email : response.haribhoomi@gmail.com
आवश्यकता आपकी सुविधा हमारी
Contact for advertisment booking :
Raipur- 79871-19756
6263818152

एजूकेशन स्पेशल
कोटा पर सर्कल मोनो आवश्य देखें।
कोटा स्टडी सर्कल® भिलाई/रायपुर
स्नेहा मौर्या 537/720



NEET, IIT-JEE PET/PAT
विशेषताएं
कोटा ट्रेन्ड टीचर्स
हिन्दी तथा अंग्रेजी माध्यम के प्रथक प्रथक बैचस
गर्ल्स एवं बॉयस के लिए अलग होस्टल
रायपुर कोटा सेंटर
राजकुमार कॉलेज के सामने जीई रोड रायपुर
9301547784
भिलाई कोटा सेंटर
बिल्डिंग नं. 150 न्यू सिविक सेंटर, भिलाई
9098534927

### Appointment आवश्यकता

### सिक्योरिटीगार्ड

आवश्यकता है- रायपुर लिमिटेड कंपनी में सिक्योरिटी गार्ड,सुपरवाइजर हेतु हाईट 5 फीट 6 इंच, 4 फोटो, आधार कार्ड सहित मिले रहना,खाना,फ्री,वेतन 10000 से 15000 MO. 8109070600, 7869230888.(RO-6278)

### टीचर

आवश्यकता है- इंग्लिश मीडियम स्कूल हेतु शिक्षक/शिक्षका की आवश्यकता है योग्यता- यूजी/ पीजी/ डीएड/ बीएड इच्छुक शीघ्र संपर्क करें:- उदय इंग्लिश मीडियम स्कूल छावनी- भिलाई मो.- 7470984997.(आरो नं 530)

आवश्यकता है- प्रूडेन्ट पब्लिक स्कूल, RDA इन्द्रप्रस्थ कॉलोनी रायपुरा, रायपुर (अंग्रेजी माध्यम ) में शिक्षिकाओं की आवश्यकता है। संपर्क- 7354936509, 7745909680.(RO-1718)

### पेट्रोल पंप कर्मी

आवश्यकता है- पेट्रोल पंप में पुजारी फ्यूल्स राजेंद्र नगर रायपुर छत्तीसगढ़ कार्य करने हेतु लड़के व लड़कियों की आवश्यकता है मोबाइल - 8720050022.(RO-6024)

आवश्यकता है- पेट्रोल पम्प पर कार्य करने हेतु उम्मीद्वार की आवश्यकता है। इच्छुक व्यक्ति अपने समस्त बायोडाटा सहित सम्पर्क करें - डांगा पेट्रोल पम्प फाफाडीह चौक,स्टेंशन रोड रायपुर मो.नं. 8109135400. (RO-02)

### घरेलु/कुक कार्य

आवश्यकता है- वी.आई.पी चौक लाभांडी रायपुर में घर का झाड़ू पोछा, कपड़ा बर्तन, साफ सफाई व शुद्ध शाकाहारी खाना बनाने हेतु पुरुष / महिलाएं चाहिए । पान, गुटका, तंबाकू या किसी भी तरह का नशा न करने वाले व शाकाहारी ही संपर्क करें-: 9300593000. (RO-1222)

### ऑपरेटर/सेल्सकर्मी

आवश्यकता है- अनुभवी एकाउन्टेंट,कंप्यूटर ऑपरेटर, सेल्स मैन सेल्स गर्ल कार, टाटा एस ड्रायवर की आवश्यकता है। संपर्क:- पंडरी एल आई सी बिल्डींग के सामने रायपुर छ:ग मो. 74897-70673, 98261-83500.(RO-995)

### देखरेख

आवश्यकता है- गुड़गांव (हरियाणा) दिल्ली में डेढ़ साल के बालक की देख रेख के लिए एक आया बाई की आवश्यकता है, इच्छुक महिला या लड़की संपर्क करे। 94252 05358. (RO-12)

### बाई

आवश्यकता है- शाकाहारी खाना बनाने हेतु बाई/महाराज की आवश्यकता है। देवेंद्र नगर के आस-पास रहने वाले को प्राथमिकत सम्पर्क. लक्ष्मी सेल्स, न्यू टिम्बर मार्केट, फाफाडीह, रायपुर 9827161397 (RO-1719)

### घरेलू कार्य

आवश्यकता है- घर के काम हेतु एक परिवार पुरूष/ महिला ऑफिस कार्य एवं महिला घर कार्य के लिए चाहिए। या दो महिलाएं घर कार्य हेतु चाहिए। रहने की सुविधा संपर्क करें- 8120699000, 9303099000 (RO-160)

हरिभूमि क्लासीफाईड छोटा विज्ञापन बड़ा लाभ

### ऑफिस कार्य

आवश्यकता है- ऑफिस कार्य हेतु 18 से 28 वर्ष युवतियों, महिलाओं की आवश्यकता है। सैलरी 5,000 से 20,000 कमाने का अवसर पता- खम्हारडीह पुलिस स्टेशन के पास न्यू सेल्स टेक्स कॉलोनी रायपुर संपर्क करें-9343467254, 7470490884 (RO-6031)

### वेटर/कैप्टन

आवश्यकता है- बार में कार्य करने हेतु अनुभवी वेटर व कैप्टन की आवश्यकता है अनुभवी ही सम्पूर्ण वायोडाटा के साथ संपर्क करें- विनार बार एण्ड रेस्टोरेन्ट- लिंक 1 जयस्तम्भ चौक रायपुर Mob. 9713577672. (RO-6021)

### कुक

आवश्यकता है- कुक महिला घरेलू अनुभवी जिसे सभी तरह का अच्छा खाना बनाना आता हो रहने हेतु रूम और परिवार को भी काम मिल सकता है, गार्ड- चौकीदार- 3. टाटीबंध हीरापुर रायपुर में फोन- 6266919193.(RO-2874)

### सेल्सगर्ल/सेल्समैन

आवश्यकता है- ई- रिक्शा शो रूम में कार्य करने हेतु अनुभवी सेल्समैन की आवश्यकता है। वेतन योग्यतानुसार । संपर्क करण मोटर्स, स्टेशन रोड, तेलघानी नाका, गुरुद्वारे के पास, रायपुर। मोबाइल -9826777050. (RO-155)

आवश्यकता है- अनुभवीय सेल्स मेन एवं सेल्सगर्ल्स, एक ड्राइवर, हेल्पर, की आवश्यकता हैं पता- भारत होजियारी हाउस I.G.V.P. पंडरी मार्केट रायपुर मों. नंबर- 9329488899, 0771-4071948 (RO-4438)

हरिभूमि

आवश्यकता है- रेडीमेड गारमेंट्स शॉप ( पंडरी RAIPUR) में बंडल खोलने/ पैक करने के लिए स्टाफ लड़का/ लड़की की आवश्यकता एवं सेल्समैन की आवश्यकता है. मोबाइल - 7067048454. (RO-6027)

### दुकान कार्य

आवश्यकता है- रेडीमेड कपड़े की थोक दुकान में कार्य करने हेतु अनुभवी लड़के एवं लड़कियों की आवश्यकता है संपर्क नंद हो जियारी डिपो जय हिंद हो जिया रे मार्केट पंडरी रायपुर मोबाइल 930018811.(RO-4437)

### एडवोकेट

APPOINTMENT- A Reputed Construction Company required Full time Advocate having experience person for Legal, Land & Criminal case (Male/Female). Suitable candidates may please contact and send their resume to AMAR INFRA-STRUCTURE LTD., Mahesh Nagar, Durg (C.G.) Ph. No. 0788-2210721, E-mail- jobs.amarinfra@gmail.com (आरो नं 238)

### हाऊसकीपिंग

आवश्यकता है- सिविल लाइन रायपुर बंगले मे रसोइया महाराज,रसोइया सहायक एवं हाऊसकीपिंग (पुरुष/महिला) की। बंगले में कार्य किए हुए व्यक्ति को प्राथमिकता दी जाएगी। रहने की सुविधा। संपर्क करें:- 9109117063, 6232936927.(RO-996)

नोट - विज्ञापन प्रकाशन के पहले दिन ही करेक्शन मान्य होगा।

### आवश्यकता

आवश्यकता है- खदान कार्य संचालन हेतु अनुभवी आदमियों की आवश्यकता है संपर्क करें: अमर सिंह ऑफिस- रेलवे स्टेशन के पास सिकंदर फर्नीचर के सामने स्थित है. मोबाइल 95848- 09990. (RO-6030)

### पैकिंग कार्य

आवश्यकता है- पैकिंग कार्य हेतु लडको की आवश्यकता है सैलेरी योग्यतानुसार शीतला एजेंसी रिंग रोड नंबर 1 भांटागांव चौक न्यू बस स्टैंड रायपुर 9300629026, 9300129026. (RO-1720)

### ड्रायवर

आवश्यकता है- ऑटोमेटिक लग्जरी कारें चलाने घरेलू ड्राइवर चाहिए रहने हेतु रूम है आदतन शराबी न हो, पत्नी हेतु भी अच्छा खाना बनाने व घर कार्य है योग्य व्यक्ति तुरंत मिलें टाटीबंध हीरापुर रायपुर मे 8889986669.(RO-2873)

### असिस्टेंट/फिल्ड वर्क

आवश्यकता है- पं. रविशंकर शुक्ल विश्वविद्यालय रायपुर को ICSSR नई दिल्ली द्वारा प्राप्त प्रोजेक्ट कार्य जिसका शीर्षक ₹ समकालीन परिदृश्य में बस्तरिया शिल्पकला एवं शिल्पकारों की दशा का ऐतिहासिक, समाजशास्त्रीय एवं नृजातीय अध्ययन ₹ है । इस हेतु निम्न अस्थायी/ अंशकालिक पदों पर आवेदन आमंत्रित किए जाते हैं - १. रिसर्च एसोसिएट- १ पद (१५ माह) २. रिसर्च असिस्टेंट -१ पद (१७ माह) *. फिल्ड इन्वेस्टीगेटर - ०२ पद (६ माह)अर्हता / योग्यता एवं अन्य विस्तृत जानकारी हेतु www.prsu.ac.in के नोटिस बोर्ड पर देखें। (RO-6028)

हरिभूमि

### बिलिंग/गोडाऊन कार्य

आवश्यकता है- मेडिकल सीएंडएफ (दवाई के होलसेल डिपो) मे आवश्यकता है:- बिलिंग एक्जीक्यूटिव एवं गोडाउन कार्य हेतु मेहनती युवकों / युवतियों की। अनुभवी ही मिले : 9425542077, 9669426111.(RO-286)

### टेक्नीशियन/ऑपरेटर

आवश्यकता है- छत्तीसगढ़ राज्य विद्युत वितरण कंपनी के स्मार्ट मीटर ठेका कार्य में स्मार्ट मीटर लगाने हेतु वर्षा इंटरप्राइजेस को टेक्नीशियन और कंप्यूटर ऑपरेटर (FEMALE / MALE) की आवश्यकता है। मो.- 79742-19683, 90981-80105, 91310-43407.(आरो नं 534)

### ऑफिस कार्य

आवश्यकता है- ऑफिस कार्य हेतु 18 से 28वर्ष के 10वीं, 12वीं पास अविवाहित लड़के चाहिए वेतन 10000+ कमीशन+ बोनस ट्रेनिंग के बाद कमाएं 20000 से 25000 रहना फ्री सम्पर्क करें- 9669725906, 6268044316.(RO-34795)

आवश्यकता है- आगरा में ऑफिस कार्य हेतु 18 से 28वर्ष के 10वीं, 12वीं, स्नातक अविवाहित लड़कों की आवश्यकता है वेतन 10000+ कमीशन+ बोनस, रहना फ्री कोई शुल्क नहीं लगेगा संपर्क करे- 9568800015.(RO-34811)





### अन्य

आवश्यकता है- Fraud कॉल से सावधान Airtel 5G कंपनी मे घरबैठे पार्ट/ फुलटाईम (SMS जॉब ) करके लड़के, लड़कियों , गृहणियां कमाए ( 18000- 55000)/- महिना लैपटॉप +मोबाइल मुफ्त Call/ SMS/ WhatsApp/ करें -07903284986.(RO-291)

आवश्यकता है- एयरपोर्ट (HEAD OFFICE) हेतु (सीधी भर्ती) पक्की परमानेंट नौकरी (लड़के- लड़कियाँ) अनपढ़ 8वी, 10वी, 12वी, ग्रेजुएट (वेतन 28900- 84300/-) ग्राउंड स्टाफ सुपरवाईजर, चेकर, हेल्फर, गार्ड, ड्राईवर (फ्री रहना +खाना +मेडिकल) रायपुर संपर्क:- 8860132534. (RO-2868)

आवश्यकता है- आयुर्वेदिक कंपनी में दवा पैक करने के लिए शिक्षित/ बेरोजगार जरूरतमंद लड़के- लड़कियाँ हाउस वाइफ घरबैठे दवाई पैकिंग करके पार्टटाइम /फुलटाइम 30,500/- से 35,500/- महीना कमाएं (जरूरतमंद लोग WHATSAPP या कॉल करें) +916267324667.(RO-2872)

आवश्यकता है- AIRPORT डायरेक्ट भर्ती अनपढ़ 8th, 10th, 12th, ग्रेजुएट (लड़के- लड़कियां) एयर होस्टेस, सुपरवाईजर, मैनेजर, ग्राउंड स्टाफ, क्लर्क, चेकर, लोडर, गार्ड, इलेक्ट्रीशियन, ड्राइवर, हेल्पर 31500- 82500 मेडिकल, इंश्योरेंस, रहना, खाना फ्री. 7495042110, 7404063544. (RO-2853)

हरिभूमि क्लासीफाईड छोटा विज्ञापन बड़ा लाभ

### Education शिक्षण

प्रवेश प्रारंभ - *फेल विद्यार्थी समय बचाए* :- पत्राचार, ओपन, प्राईवेट, द्वारा 10वी, 12वी निश्चित सफलता के साथ पास करे:- B.ED, B.A, B.COM, B.Sc, BCA, MCA, BBA, M.A, M.COM, M.SC, MBA, MSW, B.LIB, M.LIB, DCA, PGDCA, POLY-TECHNIC, B.Tech, (*अपनी अधूरी पढ़ाई एक साल में पूरी करे*) सभी कोर्सेस मान्यता प्राप्त युनिवर्सिटी द्वारा संपर्क:- *Bharti Education Academy* Sector-6 Bhilai* Mo.- 9826196515, 9826896515.(आरो -6357)

### Astrology ज्योतिष

ज्योतिष - शास्त्रीजी घरबैठे सभी समस्याओं का समाधान प्यार धोखा, वशीकरण, सौतन छुटकारा लवमैरिज, रूठो को मनाना, ग्रहक्तेश, किया कराया, प्रेमी , पती, संतान कहने से बाहर होतो संपर्क करे समस्या केसीभी जड़से खत्म 7347259119.(RO-13135)

### Property प्रापर्टी

### प्लाट

प्लॉट उपलब्ध है- दुर्ग बायपास टोल प्लाजा से लगा हुआ सर्वसुविधायुक्त प्लॉट, जहां पर 30 फीट 40 फीट रोड उपलब्ध है, आप यहां पर तुरंत घर बना सकते हैं यहां पर 90%बैंक फाइनेंस की भी सुविधा उपलब्ध है। संपर्क - 72470-06610, 72470-06609.(आरो-6352)

### जमीन

बेचना है- भिलाई 3, पद्म नगर मेन रोड के पास साई मंदिर से लगी हुई जमीन 32×50 =1600 वर्गफुट बेचना है। सम्पर्क करें- 9302822476, 6264376073.(RO-34796)

विज्ञापन प्रकाशन हेतु संपर्क करें 62638-18152

### आवश्यक सूचना

पाठकों से अनुरोध है कि ये समाचार पत्र में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन के संबंध में किसी भी प्रकार का कदम उठाने (पैसे भेजने, कोई भी खर्च उठाने, चिकित्सकीय सलाह, विवाह संबंधित) या किसी भी वादे-दावे पर अमल करने से पहले अच्छी तरह से जांच पड़ताल कर लें। पाठक पूर्ण जानकारी लेंवे व स्वविवेक से निर्णय लेकर ही लेन देन करें। किसी भी उत्पाद या सेवाओं के संबंध में किए किसी भी विज्ञापनदाता के किसी प्रकार के दावों की हरिभूमि (प्रेस प्रबंधक व कर्मचारी) की कोई जिम्मेदारी नहीं होगी। प्रकाशक, संपादक कर्मचारी और हरिभूमि के स्वामी किसी विज्ञापन के संबंध में उठाए किसी कदम के नतीजे और विज्ञापन दाताओं के अपने वायदों पर खरा न उतरने के लिए जिम्मेदार नहीं होंगे।

क्या आप देना चाहते है... अपने बिजनेस को बेहतर प्रतिसाद
"तलाश की नई सुबह"
तो पढ़ते रहिए हरिभूमि क्लासिफाईड
Space Available for Ad.
62638181 52

## जैकेट के शेष

### जगन्नाथ मंदिर रत्न ....

सौमेंद्र मुदुली ने कहा था, राज्य सरकार की गठित 16 सदस्यीय उच्च स्तरीय समिति ने 14 जुलाई को रत्न भंडार को फिर से खोलने की सिफारिश की है। पारंपरिक पोशाक के साथ हम सबसे पहले मंदिर के अंदर भगवान लोकनाथ की पूजा-अर्चना करेंगे। रत्न भंडार के अंदर एक संरक्षक सांप होने की अफवाहों पर दास महापात्र ने स्पष्ट किया कि ऐसी कोई अड़चन नहीं है। ओडिशा सरकार ने शनिवार को ही चार दशकों से अधिक समय के बाद रत्न भंडार को खोलने की मंजूरी दे दी थी ताकि वहां संग्रहीत आभूषणों सहित कीमती वस्तुओं की सूची बनाई जा सके।

**तीन चरणों में एसओपी लागू :** न्यायमूर्ति रथ ने कहा, 'बैठक में चर्चा और 'पुरोहितों' और 'मुक्ति मंडप' के सुझावों के अनुसार, रत्न भंडार के खुलने का सही समय दोपहर 1:28 बजे तय किया गया। उन्होंने आगे कहा कि सरकार द्वारा जारी किए गए एसओपी को तीन भागों में लागू किया गया। जैसा कि निर्धारित है और जैसा कि सभी जानते हैं, सरकार पहले ही तीन भागों में आवश्यक एसओपी लेकर आ चुकी है उन्होंने कहा, गर्भगृह के अंदर खंडवार और पूर्व-आवंटित कमरों में दोनों 'भंडारों' में कीमती सामान और सामान रखा हुआ है।

**की गईं वीडियो रिकॉर्डिंग :** जस्टिस ने आगे बताया कि यह प्रक्रिया काफी चुनौतीपूर्ण होगी क्योंकि उन्हें अभी भी यह पता नहीं है कि रत्न भंडार 1985 में आखिरी बार कब खुला था और वहां क्या स्थिति थी। ताला खोलने के पहले से दो वीडियो रिकॉर्डिंग शुरू की गईं ताकि प्रमाणीकरण रहे।

### आरबीआई के अफसर ....

शामिल करने का अनुरोध किया था और इसमें भारतीय रिजर्व बैंक के प्रतिनिधि को शामिल किया गया। आभूषणों की गिनती के बाद हम एक डिजिटल सूची बनाएंगे, जिसमें तस्वीरें, उनका वजन और उनकी गुणवत्ता जैसी अन्य चीजें शामिल होंगी। सभी चीजों के साथ एक डिजिटल सूची बनाई जाएगी। डिजिटल सूची एक संदर्भ दस्तावेज होगी। एएसआई 12वीं सदी के मंदिर के रखरखाव का भी काम देखता है। कोषागार आखिरी बार 1978 में खोला गया था।

### अमेरिका के पूर्व ....

जारी है। अमेरिका के पूर्व राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के चुनाव प्रचार अभियान दल ने पेनसिल्वेनिया में एक चुनावी रैली में हुए हमले में ट्रंप के घायल होने के बाद उनकी सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए सुरक्षा प्रोटोकॉल को मजबूत करने की घोषणा की है। ट्रंप पर पेनसिल्वेनिया के बटलर में शनिवार को एक चुनावी रैली में जानलेवा हमला किया गया। हमले में ट्रंप के दाहिने कान के ऊपरी हिस्से में गोली लगी है, हालांकि उनकी हालत ठीक है। अमेरिका के पूर्व राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की पेनसिल्वेनिया में चुनावी रैली में मौजूद दो प्रत्यक्षदर्शियों ने दावा किया है कि उन्होंने हमलावर को देखा था। एक प्रत्यक्षदर्शी ने बताया कि बंदूकधारी एक छत से दूसरी छत पर जा रहा था और शायद वह ट्रंप पर गोली चलाने के लिए उपयुक्त स्थान की तलाश में था। संघीय जांच एजेंसी एफबीआई ने हमलावर की पहचान पेनसिल्वेनिया के बेथेल पार्क निवासी 20 वर्षीय थॉमस मैथ्यू क्रूक्स के रूप में की। उसके पास एक राइफल थी। सीक्रेट सर्विस के कर्मियों ने उसे मार गिराया। चुनाव प्रचार के दौरान ट्रंप पर हुए इस हमले की सभी नेताओं ने निंदा की है। राष्ट्रपति जो बाइडन, उपराष्ट्रपति कमला हैरिस, पूर्व राष्ट्रपति बराक ओबामा, जॉर्ज डब्ल्यू बुश और बिल क्लिंटन ने इस हमले की निंदा की है। 'सीक्रेट सर्विस' के प्रवक्ता एंथनी गुगेइल्मी ने एक बयान में कहा, अमेरिकी सीक्रेट सर्विस के कर्मियों ने हमलावर को मार गिराया। संघीय एजेंसी ने तत्काल सुरक्षात्मक उपाय किए, पूर्व राष्ट्रपति ट्रंप सुरक्षित हैं।

**दाहिने कान के ऊपरी हिस्से में लगी गोली :** ट्रंप ने सोशल मीडिया पोस्ट में कहा कि उन्हें दाहिने कान के ऊपरी हिस्से में गोली लगी है। शूटर के बारे में अभी तक कुछ पता नहीं चला है। ट्रंप का कहना है कि उन्हें एक गोली लगी, जो दाहिने कान के ऊपरी हिस्से को छेदती हुई निकल गई। उन्होंने अपनी ट्रुथ सोशल साइट पर लिखा कि उन्हें तुरंत पता चल गया कि कुछ गड़बड़ है। ट्रंप ने बताया कि उन्होंने घरघराहट की आवाज सुनी, गोली चली और तुरंत महसूस हुआ कि गोली त्वचा को चीर रही है बहुत खून बह रहा था, तब मुझे एहसास हुआ कि क्या हो रहा था।

**डोनाल्ड ट्रम्प सुरक्षित : सीक्रेट सर्विस :** घटना के एक वीडियो में ट्रम्प द्वारा राष्ट्रपति जो बाइडेन और उनके प्रशासन के बारे में बात करते हुए कई धमाके होते हुए दिखाई दे रहे हैं। इसके बाद सीक्रेट सर्विस एजेंटों ने उन्हें तुरंत कवर कर लिया और मंच से बाहर वाहन में ले गए। जब ट्रंप को मंच से बाहर ले जाया गया तो वह मुट्ठी तानते दिखे। उनके मंच छोड़ने के तुरंत बाद सशस्त्र पुलिस मंच पर पहुंच गई. सीक्रेट सर्विस ने एक बयान में कहा कि ट्रंप सुरक्षित हैं और उनकी सुरक्षा के उपाय लागू किए गए हैं। ट्रम्प के मंच छोड़ने के तुरंत बाद पुलिस ने मैदान को खाली कराना शुरू कर दिया।

**सच हुई बाबा वेंगा की भविष्यवाणी :** ट्रंप पर हमले के बाद अब बाबा वेंगा की वह भविष्यवाणी बेहद चर्चा में आ गई है, जिसमें उन्होंने पहले ही ट्रंप पर हमले की बात बता दी थी। बाबा वेंगा ने पूर्व में ही ट्रंप पर हमले की भविष्यवाणी कर दी थी। अब बाबा वेंगा की यह भविष्यवाणी भी 100 फीसदी सच निकली है। इससे पूरी दुनिया हैरान रह गई। बाबा वेंगा ने अपनी भविष्यवाणी में कहा था कि डोनाल्ड ट्रंप की जान खतरे में पड़ जाएगी। बाबा वेंगा बुल्गारिया के अंधे फकीर हैं।

### दर्द से तड़पती ...

दी। डायल 112 ड्यूटी में तैनात आरक्षक विपिन किशोर खलखो और ईआरवी वाहन चालक छोटू दास तुरंत रवाना हुए। गर्भवती महिला का घर नाला, पहाड़ी के उस पार स्थित होने और वाहन आवागमन के लिए रास्ता नहीं होने से आरक्षक प्रबल किशोर और वाहन चालक छोटू दास पैदल ही महिला के घर पहुंचे। गर्भवती महिला की स्थिति को देखकर बिना देरी किए आरक्षक प्रबल किशोर ने कावड़ से प्रसव पीड़ित महिला को वाहन तक ले जाने घरवालों को राजी किया और स्वयं एक युवक के साथ कांवर में महिला को उठाकर डायल 112 वाहन की ओर चल पड़ा। गर्भवती महिला को कांवर में लेकर जवान करीब 3 किमी पहाड़ी, नाला को पार कर डॉयल 112 के वाहन तक पहुंचा और वाहन में बिठाकर अस्पताल ले जा रहा था। रास्ते में गर्भवती को अत्यधिक पीड़ा होने से जवान ने सूझबूझ का परिचय देते हुए वाहन पेड़ की आड़ में खड़ा कराया, जहां मितानिन और महिला के परिजन ने बपर्दा गर्भवती महिला का सुरक्षित प्रसव कराया गया। इसे डायल 112 वाहन से तत्काल नजदीकी शासकीय अस्पताल जमरगा में दाखिल किया गया। जच्चा बच्चा दोनों स्वस्थ हैं। स्थानीय लोगों ने ऐसी स्थिति में डायल 112 के त्वरित प्रतिक्रिया और सहायता के लिए पुलिस की सराहना की है।

### स्टेशन से दिल्ली ...

पुलिस के मुताबिक, घटना को अंजाम देने के बाद बदमाश अपनी बाइक श्याम नगर में लावारिस हालत में छोड़ने के बाद दोपहर 12 से साढ़े 12 बजे के बीच ऑटो से रेलवे स्टेशन पहुंचे। इस दौरान रास्ते में दोनों बदमाशों ने अपने कपड़े बदले। स्टेशन पहुंचने के बाद बदमाश एक नाश्ते की दुकान में पहुंचे, जहां दोनों ने चाय, सिगरेट पी। इसके बाद बदमाश एक मोबाइल शॉप पहुंचे, जहां नया मोबाइल खरीदा। मोबाइल खरीदने के बाद बदमाश स्टेशन के अंदर घुसे, वहां से वे दिल्ली जाने वाली किसी ट्रेन में बैठकर फरार हो गए। बदमाश कहां भागे हैं, इसकी जानकारी फिलहाल पुलिस के पास नहीं है।

**एक दिन पूर्व रेकी करने स्टेशन, घटनास्थल पहुंचे :** घटना के बाद पुलिस ने घटना दिनांक के अलावा उसके दो से तीन दिन पूर्व के सीसीटीवी फूटेज की पड़ताल की है। पड़ताल में पुलिस को पता चला कि बदमाशों ने घटना को अंजाम देने के एक दिन पूर्व रेलवे स्टेशन के अलावा घटनास्थल की रेकी कर भागने का रूटमैप तैयार किया। साथ ही बदमाशों ने घटना के समय ट्रेन की स्थिति के बारे में जानकारी हासिल की। उसके बाद ही वारदात को अंजाम दिया।

**पड़ोसी जिले में पनाह लेने की आशंका :** एक माह पूर्व जो शूटर्स रायपुर आए थे और घटना को अंजाम देने के पूर्व पकड़े गए। इसे ध्यान में रखते हुए बदमाशों द्वारा इस बार अपनी योजना में परिवर्तन करते हुए रायपुर छोड़ किसी पड़ोसी जिले में पनाह लिए जाने की आशंका पुलिस को है। घटना के दूसरे दिन फोरेंसिक एक्सपर्ट की टीम ने घटना स्थल से लेकर भागने के रास्ते, रेलवे स्टेशन तक का क्राइम सीन री-क्रिएट किया।

**स्टेशन पहुंचने दो से तीन ऑटो बदले :** पुलिस ने बदमाशों के भागने के रास्ते पर जिन सीसीटीवी फूटेज की पड़ताल की है। उसमें पुलिस को बदमाशों के श्याम नगर से रेलवे स्टेशन पहुंचने तीन से चार ऑटो बदले जाने की जानकारी मिली है।

पुलिस के अनुसार, बदमाश एक से दो किलीमीटर में ऑटो बदलते हुए स्टेशन पहुंचे। बदमाश एक से दो घंटे के भीतर शहर छोड़ना चाहते थे। इस वजह से बदमाशों को रेलवे के रास्ते भागना ज्यादा उचित लगा।

### अनंत-राधिका की शादी ...

लोगों के फोटोज और वीडियोज वायरल हो रहे हैं। अनंत अंबानी ने जो घड़ियां गिफ्ट की हैं वो फेमस लग्जरी ब्रैंड की हैं। 18 कैरेट रोज गोल्ड से बनी इन घड़ियों में सफायर क्रिस्टल लगे डार्क ब्लू डायल हैं।

**मेहमानों के लिए खास तोहफा :** मेहमानों के लिए कश्मीर, राजकोट और बनारस से खास तोहफा मंगवाया गया। बांधनी दुपट्टे और साड़ियां बनाने वाले विमल मजीठिया को 4 महीने पहले ही तोहफा तैयार करने का ऑर्डर दे दिया गया था।

# राजस्थान में फिर शुरू हुई ट्रेनी थानेदारों की धरपकड़, एसओजी ने 1 को दबोचा, 4 हुए फरार

एजेंसी ▶▶ जयपुर

राजस्थान पुलिस सब इंस्पेक्टर भर्ती परीक्षा पेपर लीक केस 2021 की जांच कर रही एसओजी ने एक बार फिर नकल कर थानेदार बने ट्रेनी एसआई की धरपकड़ शुरू कर दी है। एसओजी ने शनिवार को इस मामले में एक ट्रेनी थानेदार को जयपुर स्थित राजस्थान पुलिस अकादमी से गिरफ्तार कर लिया। आरपीए में एसओजी की छापामारी की भनक लगते ही चार ट्रेनी थानेदार वहां से फरार हो गए। एसओजी उनकी तलाश में जुटी है।

> एसओजी इस मामले में अब तक करीब तीन दर्जन ट्रेनी थानेदारों को पकड़ चुकी है

**गिरफ्तार ट्रेनी का संबंध पेपर लीक गिरोह से :** एसओजी के अनुसार पुलिस ट्रेनिंग सेंटर से एक ट्रेनी थानेदार दिनेश कुमार को पकड़ा गया है। वह बाड़मेर के धोरीमन्ना का रहने वाला है। उसके खिलाफ पेपर लीक माफिया जगदीश बिश्नोई गैंग से पेपर हासिल कर परीक्षा देने के सबूत मिले थे। एसओजी की टीम के आने की सूचना मिलते ही वहां ट्रेनिंग कर रहे चार 4 ट्रेनी थानेदार गायब हो गए।

### फरार हुए ट्रेनी परीक्षा में आए थे अव्वल

बताया गया कि जो ट्रेनी थानेदार फरार हुए हैं इनमें 2 महिला और 2 पुरुष ट्रेनी थानेदार शामिल हैं। आरपीए से फरार हुए ट्रेनी थानेदारों में सांचोर का गोविंद कुमार, बाड़मेर का शंकरलाल, जालोर की प्रियंका और सीकर की मोनिका शामिल है। एसओजी उनकी तलाश में दबिशें दे रही हैं। जांच एजेंसी के अनुसार परीक्षा में अव्वल आने वाले ये चारों ट्रेनी सब इंस्पेक्टर एसओजी की परीक्षा में कम नंबर लाए थे।

### अब तक करीब तीन दर्जन पर कार्रवाई

राजस्थान पुलिस की एसआई भर्ती परीक्षा पेपर लीक केस में एसओजी अब तक करीब तीन दर्जन ट्रेनी थानेदारों को पकड़ चुकी है। दर्जनों ट्रेनी थानेदारों से पूछताछ की जा चुकी है। एसओजी ने नकल कर थानेदार बने इन थानेदारों की जब दुबारा परीक्षा ली तो वे बेहद कम नंबर ला पाए। वहीं कुछ बेहद सामान्य प्रश्नों का भी उत्तर नहीं दे पाए। इस केस में कई पेपर लीक माफिया भी पकड़े जा चुके हैं। बहरहाल एसओजी इस मामले के सभी तार जोड़ने की कोशिश में जुटी है।

# दिल्ली के जीटीबी अस्पताल में मरीज की गोली मारकर हत्या

**नई दिल्ली।** राजधानी दिल्ली से इस वक्त की बड़ी खबर सामने आ रही है। पुलिस के मुताबिक, रियाजजुद्दीन नामक एक शख्स का जीटीबी अस्पताल में इलाज चल रहा था। रविवार शाम करीब 4 बजे एक शख्स अस्पताल के अंदर घुसा और उसने रियाजजुद्दीन को गोली मार दी। पुलिस के मुताबिक, शुरुआती जानकारी के मुताबिक रियाजजुद्दीन नशे का आदी था। रियाजजुद्दीन का कोई पुराना आपराधिक इतिहास नहीं है। पुलिस ने कहा कि मामले की जांच जारी है। हत्या के कारणों का पता लगाने की कोशिश की जा रही है। जीटीबी अस्पताल में फायरिंग पर दिल्ली के स्वास्थ्य मंत्री सौरभ भारद्वाज ने कहा कि लापरवाही बर्दाश्त नहीं होगी। जो भी दोषी उसे बख्शा नहीं जाएगा।

# देशभर में बड़ी संख्या में संघ से जुड़ रही युवा शक्ति

एजेंसी ▶▶ रांची




वर्ष 2024 में आयोजित प्रशिक्षण वर्गों में 24 हजार कार्यकर्ताओं ने लिया प्रशिक्षण

राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के अखिल भारतीय प्रचार प्रमुख सुनील आंबेकर जी ने कहा कि देश की युवा शक्ति काफी संख्या में संघ से जुड़ने की इच्छा व्यक्त कर रही है, और जुड़ भी रहे हैं। संघ ने वर्ष 2012 में ज्वाइन आरएसएस (वेबसाइट के माध्यम से ऑनलाइन) के तहत एक ऑनलाइन माध्यम प्रारंभ किया था. इसके अंतर्गत ऑनलाइन माध्यम से प्रतिवर्ष एक से सवा लाख लोग संघ के साथ विविध गतिविधियों में जुड़ रहे हैं। इस वर्ष भी जून के अंत तक 66529 लोगों ने संपर्क कर संघ से जुड़ने की इच्छा व्यक्त की है।

इस वर्ष से संघ प्रशिक्षण वर्गों की रचना व पाठ्यक्रम में परिवर्तन किया गया है. देशभर में 40 वर्ष से कम आयु के स्वयंसेवकों के लिए इस वर्ष कुल 72 वर्ग (संघ शिक्षा वर्ग - 60, कार्यकर्ता विकास वर्ग प्रथम – 11, कार्यकर्ता विकास वर्ग द्वितीय - 1) आयोजित हुए, इनमें कुल 20615 लोगों ने प्रशिक्षण प्राप्त किया. 40 से 65 वर्ष की आयु के लोगों के लिए आयोजित 18 वर्गों में 3335 शिक्षार्थियों ने भाग लिया. पिछले वर्ष आयोजित प्राथमिक शिक्षा वर्गों में एक लाख नए लोगों ने प्रशिक्षण प्राप्त किया. ऐसे ही नई रचना में सामान्य स्वयंसेवकों के लिए पहली बार प्रारंभिक वर्गों (तीन दिवसीय) का आयोजन देशभर में हो रहा है, जिसमें प्राथमिक से दोगुनी संख्या में युवा सहभागी हो रहे हैं। सुनील आंबेकर जी ने रांची में अखिल भारतीय प्रांत प्रचारक बैठक के अंतिम दिन आयोजित प्रेस वार्ता में बैठक के संबंध में जानकारी प्रदान की. उन्होंने बताया कि बैठक में कुल 227 कार्यकर्ता देशभर से अपेक्षित थे।

### ग्रामीण क्षेत्रों में गौ सेवा और ग्राम विकास

ग्रामीण क्षेत्रों के विकास की दृष्टि से गौ सेवा व ग्राम विकास को मिलाकर विशेष योजना बना रहे हैं. दोनों को लेकर ग्रामीण क्षेत्रों में प्रयास बढ़ाए जा रहे हैं, जिससे गांव की स्थिति बेहतर हो. युवाओं से भी आह्वान है कि 24 घंटे गांव में रहो, यह कार्य देखो व सहभागी बनो। उन्होंने कहा कि संघ के स्वयंसेवक देशभर में सेवा कार्य कर रहे हैं. सेवा के साथ स्वावलंबन पर भी बल दिया जाता है. जिससे सेवा प्राप्त करने वाला स्वावलंबी बने. जहां-जहां भी संघ के स्वयंसेवक हैं, मणिपुर सहित उन सभी स्थानों पर स्वयंसेवक निरंतर सेवा कार्य करते हैं, और कर रहे हैं। पर्यावरण संरक्षण को लेकर संघ की गतिविधियों को भी समाज से अच्छा प्रतिसाद मिल रहा है. पंच परिवर्तन के विषयों को लेकर तैयारी भी चल रही है और समाज में निरंतर संपर्क भी चल रहा है।एक प्रश्न के उत्तर में उन्होंने कहा कि संघ सीधे चुनाव के कार्य में नहीं लगता. संघ लोकमत परिष्कार, लोकमत जागरण का कार्य करता है।

### हरियाणा पुलिस को बड़ी सफलता

# दो लाख के इनामी गैंगस्टर काला खैरमपुरिया को दबोचा

**चंडीगढ़।** हरियाणा पुलिस को रविवार को बड़ी सफलता मिली है। पुलिस की स्पेशल टास्क फोर्स ने 2 लाख रुपये के इनामी गैंगस्टर राकेश उर्फ काला खैरमपुरिया को गिरफ्तार कर लिया है। एसटीएम के उप महानिरीक्षक डीआइजी सिमरदीप सिंह ने खुद प्रेस कॉन्फ्रेंस कर इसकी जानकारी दी है।

गैंगस्टर काला ने हत्या और लूट जैसी 20 से ज्यादा वारदातों को अंजाम दिया है। साल 2015 में हत्या के मामले में राजस्थान की कोर्ट ने उसे आजीवन कारावास की सजा सुनाई थी।

### साल 2020 में पैरोल के बाद हुआ फरार

डीआईजी सिमरदीप ने बताया कि गैंगस्टर काला हरियाणा एसटीएफ की गिरफ्त में आ गया है। वह कई गंभीर और हिंसक अपराधों में वांछित था। 2015 में आजीवन कारावास की सजा मिलने के बाद साल 2020 में उसे पैरोल मिली थी। उसके बाद वह फरार हो गया था।


**कार्यालय नगर पंचायत पवनी, जिला - सारंगढ़ - बिलाईगढ़ (छ.ग.)**
Email ID_cmonppawni@gmail.com

क्र./166/न.पं. / वार्ड परि. / 2024-25 पवनी, दिनांक 15/07/2024

प्रपत्र
(नियम 07 )
नगर पंचायत पवनी क्षेत्र के वार्डों की सीमाओं के अवधारणा संबंधी प्रस्तावों के प्रारंभिक प्रकाशन की सूचना

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि नगर पंचायत पवनी क्षेत्र को 15 वार्डों में विभाजित/परिसीमन करते हुए प्रत्येक वार्ड की सीमा निर्धारण संबंधी प्रस्ताव तैयार किये गये है। जो नगर पंचायत पवनी के कार्यालय में कार्यालयीन समय में निरीक्षण के लिए उपलब्ध है।

उक्त प्रस्तावों के संबंध में कोई आपत्ति या सुझाव की सूचना की तारीख से सात दिवस के भीतर लिखित रूप में अधोहस्ताक्षकर्ता को प्रस्तुत किए जा सकेंगे।

देवराज सिदार
राजस्व अधिकारी (ना. तहसीलदार)
तहसील भटगांव, जिला सारंगढ़-बिलाईगढ़ (छ.ग.)

**कार्यालय नगर पालिका परिषद डोंगरगढ़ जिला - राजनांदगांव (छ.ग.)**
phone no-07823232673, email-cmodongargarh@rediffmail.com

क्रमांक/563/ न.पा.प. / 2024-25 डोंगरगढ़, दिनांक 11/07/2024

निकाय क्षेत्र के वार्ड परिसिमन वर्ष 2024-25
।। संशोधित दावा आपत्ति सूचना ।।

डोंगरगढ़ नगर पालिका निकाय क्षेत्र अन्तर्गत 24 वार्डो का नवीन परिसिमन किया जाना है जिसका नजरी नक्शा का प्रकाशन दिनांक 15/07/2024 से 22/07/2024 तक किया गया है। कार्यालयीन अवधि में दावा आपत्ति आमंत्रित है।

समयावधि पश्चात प्राप्त दावा आपत्ति पर कोई कार्यवाही नहीं की जावेगी।

सूचना जाने

अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व)
तहसील कार्यालय डोंगरगढ़


## पेज एक के शेष

### छत्तीसगढ़ में 117 तालाबों...

है कि उनके निकायों के किन तालाबों में कब्जे हैं। इस जानकारी के आधार पर ये बात सामने आई है कि सबसे अधिक कब्जे रायपुर और बिलासपुर संभाग के निकाय क्षेत्रों में हैं। इनमें रायपुर संभाग में 45, बिलासपुर में 43, दुर्ग संभाग में 25, सरगुजा में 3 और बस्तर संभाग में 2 तालाबों पर कब्जे हैं।

### सामाजिक कार्यकर्ता की...

अतिक्रमण किए गए हैं और बिना किसी अधिकार के विभिन्न निर्माण किए गए हैं। पर्यावरण नियमों के उल्लंघन किया गया है। बलौदा क्षेत्र में एक तालाब पर कब्जे के संबंध में उन्होंने याचिका में कहा है कि बस स्टैंड के पास खसरा नं. 2591, जो कि बलौदा नगर में लगभग 3.46 एकड़ है, में बिना किसी प्रबंधन योजना और सीवरेज के उपचार के प्रावधान के अनुपचारित सीवेज जल को जल निकाय में छोड़ा जा रहा है।

### मलेरिया का कहर...

है कि स्वास्थ्य विभाग ने भी कई गावों में मलेरिया दवाई का छिड़काव नहीं किया है। मच्छरों से फैलता है मलेरियाः चिकित्सकों के अनुसार मलेरिया एक परजीवी के कारण होने वाली बीमारी है। यह परजीवी संक्रमित मच्छरों के काटने से मनुष्यों में फैलता है। मलेरिया से पीड़ित लोगों को आमतौर पर तेज बुखार और कंपकंपी के साथ बहुत बीमार महसूस होता है। जबकि यह बीमारी समशीतोष्ण जलवायु में असामान्य है, मलेरिया अभी भी उष्णकटिबंधीय और उपोष्णकटिबंधीय देशों में आम है।

### पुल पर रील ...

राहुल मेवाड़ा और उनकी पत्नी जानवी को भी ऐसा करना भारी पड़ गया। यह दंपति खाई के ऊपर बने रेलवे ट्रैक को खाली समझकर फोटोशूट करने के लिए ट्रैक पर चल दिए। इसी दौरान कामलीघाट से फुलाद की ओर जा रही ट्रेन आ गई। ट्रेन को देखकर पति-पत्नी के होश उड़ गए आनंद-फानन में राहुल और पत्नी जानवी ने रेलवे पुल से छलांग लगा दी। दंपति रेलवे पुल से 90 फीट गहरी खाई में कूद गए। इससे मौके पर चीख पुकार मच गई। घटना के समय राहुल के साधु और साली भी साथ थे। घटना के बाद वे रेलवे पुल के नीचे आ गए। घायलों को उसी ट्रेन में फुलाद रेलवे स्टेशन लाया गया। इसके बाद एम्बुलेंस के जरिए अस्पताल पहुंचाया गया।

### जनता के हित में...

कि आपके क्षेत्र का बेटा मुख्यमंत्री है और जनहित में जो भी कार्य हैं किए जाएंगे। उन्होंने कहा कि प्रदेश में अब सभी विकास कार्य सांय-सांय होंगे। आप लोगों के विधायक को प्रदेश के नेतृत्व का जिम्मा मिला है। लोकसभा में आपने मोदी को गारंटी पर भरोसा जताया और छत्तीसगढ़ से 10 सीट में जीत मिली। अभी 7 महीने ही सरकार बने हुए हैं। हमारी सरकार ने 18 लाख आवास स्वीकृत करने का निर्णय लिया है। 70 लाख से अधिक महिलाओं के खाते में महतारी वंदन योजना के तहत हर माह 1 हजार राशि दी जा रही है। तेंदूपत्ता संग्राहकों का पारिश्रमिक 4000 रुपए से बढ़ाकर 5500 रुपए कर दिया गया है। विधायक जशपुर श्रीमती रायमुनी भगत ने कहा कि सभी मतदाताओं, कार्यकर्ताओं का अभिनंदन है। पत्थलगांव विधायक श्रीमती गोमती साय ने कहा कि हम सभी कुनकुरी के मतदाताओं के आभारी हैं। कुनकुरी से विधायक बन कर आए विष्णुदेव साय के हाथ में ही प्रदेश का नेतृत्व है। यह हम सबके लिए गर्व की बात है। रायगढ़ के सांसद राधेश्याम राठिया ने कहा कि आपके आशीर्वाद से सिर्फ छत्तीसगढ़ ही नही पूरे भारत में हमारी सरकार बनी है।

## राशिफल

**मेष** — कारोबार में लाभ में वृद्धि होगी। संयत रहें। किसी धार्मिक स्थान की यात्रा पर जा सकते हैं। स्वभाव में चिड़चिड़ापन भी हो सकता है।

**वृष** — मन में उतार-चढ़ाव रहेंगे। परिश्रम अधिक रहेगा। परिवार के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। माता के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। रहन-सहन कष्टमय हो सकता है।

**मिथुन** — संगीत के प्रति रुझान बढ़ सकता है। परिवार का साथ मिलेगा। नौकरी में अफसरों का सहयोग मिलेगा। मन परेशान हो सकता है।

**कर्क** — आय में वृद्धि होगी। आत्मविश्वास में वृद्धि होगी। कला या संगीत में रुचि हो सकती है। व्यर्थ के ववादों से दूर रहने का प्रयास करें।

**सिंह** — क्रोध के अतिरेक से बचें। नौकरी के लिए साक्षात्कार आदि कार्यों में सफलता मिलेगी। सुस्वादु खानपान में रुचि बढ़ सकती है।

**कन्या** — आत्मविश्वास भरपूर रहेगा। दाम्पत्य सुख में वृद्धि होगी। पारिवारिक जीवन सुखमय रहेगा। शैक्षिक कार्यों के लिए विदेश जा सकते हैं।

**तुला** — व्यर्थ के क्रोध से बचें। जीवनसाथी के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। लेखनादि-बौद्धिक कार्यों से धनार्जन के साथ बन सकते हैं।

**वृश्चिक** — भागदौड़ अधिक रहेगी। पिता से धन की प्राप्ति हो सकती है। धार्मिक संगीत के प्रति रुझान बढ़ेगा। नौकरी में तरक्की के मार्ग प्रशस्त होंगे।

**धनु** — स्वास्थ्य के प्रति सचेत रहें। आय में कमी एवं खर्च अधिक की स्थिति हो सकती है। पिता का साथ मिलेगा। जीवनसाथी को स्वास्थ्य विकार हो सकते हैं।

**मकर** — व्यर्थ के क्रोध एवं वाद-विवाद से बचें। पठन-पाठन में रुचि रहेगी। सुस्वादु खानपान के प्रति रुझान बढ़ेगा। तरक्की के योग बन रहे हैं।

**कुंभ** — नौकरी में परिवर्तन के योग बन रहे हैं। कार्यक्षेत्र में बदलाव हो सकते हैं। यात्रा खर्च बढ़ सकते हैं। आशा-निराशा के मिश्रित भाव रहेंगे।

**मीन** — शैक्षिक कार्यों में मन लगेगा। सन्तान के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। परिवार का साथ मिलेगा। रहन-सहन अव्यवस्थित हो सकता है।

# मजदूरों को मिला सोने-चांदी से भरा कंटेनर, हो सकता है सदियों पुराना

**कन्नूर।** केरल के कन्नूर जिले के चेंगलयी में बारिश के लिए गड्ढे खोदते समय महिला मजदूरों को 'खजाना' मिला है। उन्हें गड्ढा खोदते समय एक कंटेनर मिला था, जो सोना और चांदी से भरा था। मजदूरों को लगा कि उस कंटेनर में बम हो सकता है तो उन्होंने इसकी जानकारी स्थानीय पुलिस को दी। पुलिस टीम ने मौके पर पहुंचकर कंटेनर को खोला और अपने कब्जे में ले लिया। मजदूरों को कंटेनर भरे कीमती सामान कन्नूर के एक सरकारी स्कूल के पास खुदाई के दौरान मिला था।

**कंटेनर के अंदर से मिला इतना खजाना :** बरामद वस्तुओं में 17 मोती की माला, 13 सोने के लॉकेट, चार मेडेलियन, पांच



प्राचीन अंगूठियां, झुमकों का एक सेट और कई चांदी के सिक्के शामिल हैं। यह घटना गुरुवार शाम को हुई जब मजदूर बारिश का पानी इकट्ठा करने के लिए एक मीटर गहरा गड्ढा खोद रहे थे। तभी उन्हें जमीन में कुछ गड़े होने का आभास हुआ तो उन्होंने सावधानी से उसे निकाला तो वह कंटेनर था जिसे देखकर महिला मजदूर घबरा गईं और उन्होंन पुलिस को सूचना दी।


**दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे**
ट्रेन नियंत्रण संचार प्रणाली का प्रावधान हेतु निविदा सूचना

क्र. सं. (1) ई-निविदा सूचना संख्या : 159 -एसटी-टेंडर-2024. दिनांक 09.07.2024

कार्य का नाम : "दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे के बिलासपुर मंडल में VoIP आधारित ट्रेन नियंत्रण संचार प्रणाली का प्रावधान।" निविदा मूल्य : ₹ 4,23,16,889.53/- (रुपये चार करोड़ तेईस लाख सोलह हज़ार आठ सौ नवासी और तिरपन पैसे मात्र)। अमानत राशि : ₹ 3,61,600/- (रूपये तीन लाख इकसठ हजार छह सौ मात्र)। निविदा का जमा होना : दिनांक 01.08.2024 के 15:00 बजे तक ।

उपरोक्त ई-निविदा सूचना पूरी जानकारी www.ireps.gov.in वेबसाइट पर उपलब्ध है। उपरोक्त निविदा हेतु ई-टेंडर के अलावा अन्य टेंडर स्वीकार नही की जाएगी ।

मण्डल संकेत एवं दूरसंचार इंजीनियर
सीपीआर/10/140 द.पू.म. रेलवे, बिलासपुर
South East Central Railway @secrail

**पूर्व तट रेलवे**

(1) निविदा सूचना सं. WAT-TRD-73-23-24DT100724

स्थान सहित कार्य का नाम : वाल्टियर मण्डल में विजयनगरम-पलासा सेक्शन के बीच स्वचालित सिग्नलिंग के प्रावधान से संबंधित TRD कार्य।

निविदा मूल्य : ₹ 57,06,970.00, EMD : ₹ 1,14,100/-, कार्य पूरा होने की अवधि: 09 महीने।

(2) निविदा सूचना सं. WAT-TRD-89-23-24DT100724

स्थान सहित कार्य का नाम : वाल्टियर मण्डल के KK लाइन में सुरंग (Tunnel) के कैंटिलीवर (Cantilever) को रूपान्तरित करके एवं सुरंगों की अर्थिंग द्वारा सुरंग के अंदर OHE की विश्वसनीयता में सुधार।

निविदा मूल्य : ₹ 1,33,91,932.45, EMD : ₹ 2,17,000/-, कार्य पूरा होने की अवधि: 10 महीने।

निविदा बंद होने की तिथि व समय : दिनांक 01.08.2024 को 1500 बजे (दोनों निविदा हेतु)।

संपूर्ण विस्तृत विवरण वेबसाइट www.ireps.gov.in में उपलब्ध होंगे।

वरिष्ठ मण्डल विद्युत अभियन्ता (TRD), वाल्टियर
PR-306/P/24-25

सत्यमेव जयते
GOVERNMENT OF INDIA
MINISTRY OF CULTURE

**INVITING APPLICATIONS FOR GRANT-IN-AID UNDER THE SCHEME OF "FINANCIAL ASSISTANCE TO CULTURAL ORGANIZATIONS WITH NATIONAL PRESENCE" FOR THE FINANCIAL YEAR 2024-25.**

The Ministry of Culture, Government of India invites applications / proposals from Cultural Organizations under aforementioned scheme with the objective to provide financial assistance to Cultural Organizations having National Presence to meet the expenditure to be incurred on conducting the cultural programmes / festivals etc.

Details of scheme guidelines, eligibility criteria, prescribed application format, details of required documents etc. are available on the website of Ministry of Culture i.e. **http://www.indiaculture.gov.in/financial-assistance-cultural-organizations-national-presence**


Eligible applicant organizations should submit two copies of applications, complete in all respect **latest by 15th September, 2024 (5.00 PM)** at the following address :

**Director, Eastern Zonal Cultural Centre**
IB-201, Sector 3, Salt Lake City
Bidhannagar, Kolkata-700106, West Bengal

**Incomplete applications and applications received after last date of receipt of applications WILL BE SUMMARILY REJECTED.**

Canvassing by the applicant organizations in any form will lead to disqualification of proposal.



## शब्द पहेली - 5572



**बाएँ से दाएँ**
1.सहयोग की भावना-5
4.अकस्मात,एकाएक-4
7.पराजय-2
8.नाव चलाने वाला-3
9.भीगा हुआ-2
10.अनुवाद-4
11.बेल-2
13.योग्य,सही-3
14.घोड़ा गाड़ी-2
15.काव्य,गजल-3
17.अद्वैतभाव,कुर्बान-2
19.नामकरण-2,3
22.राजा का महल-5
25.प्रेम,ममता-2
26.कपड़े की दीवार-3
28.रास्ता,मार्ग-2
29.सिर,खोपड़ी-3
30.माप-2
32.गुस्सा करना-4
34.व्यंग,चुटीली बात-2
36.नायक,नेता-3
37.एक आंख वाला-2
38.रचनाकार-4
39.कृष्ण का एक नाम-3,2

**ऊपर से नीचे**
1.महोदय (अंग्रेजी-2)
2.डरपोक,भीरू-3
3.व्यंग कसना -5
4.बुद्धि-3
5.झुका हुआ-2
6.कर देने वाला-4
7.चोरी करना,छीनना (मु.-2,3)
10.तहखाना-4
12.एकटक देखना-2
16.वियोग,जुदाई-3
17.आमिर,काजोल की नई फिल्म-2
18.खुजली-2
20.घोटना,मंथन करना-3
21.पत्र,चिट्ठी-2
22.रास्ता-2
23.सुगंधित होना-4
24.बिजली का कौंधना-5
25.कुलीन स्त्री,देवी (उर्दू-5)
26.भगवान,ईश्वर-4
27.पेड़ का मध्य भाग-2
31.पटाखे की बाती,-3
33.अभिव्यक्ति-3
35.नृत्य,डांस-2
37.छोटी सवारी गाड़ी-2

### शब्द पहेली- 5571 का हल



## सूडोकु नवताल - 5583

★☆☆☆☆ सरल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | 6 | 4 | | 5 | 8 | | |
| | | | | | | | | |
| 9 | | | | 1 | | | | 7 |
| 6 | 5 | | | 4 | | | 7 | 1 |
| | 4 | | | | | | 2 | |
| 1 | 2 | | | 6 | | | 9 | 8 |
| 3 | | | | 8 | | | | 9 |
| | | | | | | | | |
| | | 8 | 6 | | 9 | 5 | | |

MANGAL SENACHA, BANGALORE

- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं.
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें.
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते .
- पहेली का केवल एक ही हल है.

### सूडोकु नवताल - 5582 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 2 | 4 | 5 | 6 | 9 | 8 | 1 | 7 | 3 |
| 1 | 7 | 6 | 4 | 3 | 5 | 8 | 2 | 9 |
| 3 | 8 | 9 | 1 | 2 | 7 | 6 | 5 | 4 |
| 9 | 1 | 7 | 3 | 6 | 2 | 4 | 8 | 5 |
| 5 | 6 | 3 | 8 | 7 | 4 | 9 | 1 | 2 |
| 4 | 2 | 8 | 5 | 1 | 9 | 3 | 6 | 7 |
| 7 | 3 | 1 | 9 | 5 | 6 | 2 | 4 | 8 |
| 8 | 9 | 2 | 7 | 4 | 1 | 5 | 3 | 6 |
| 6 | 5 | 4 | 2 | 8 | 3 | 7 | 9 | 1 |

## खबर संक्षेप

### पूंजीकरण में टीसीएस रही सबसे आगे




**नई दिल्ली।** सेंसेक्स की शीर्ष 10 सबसे मूल्यवान कंपनियों में से सात के बाजार पूंजीकरण में बीते सप्ताह सामूहिक रूप से 1,72,225.62 करोड़ रुपये का इजाफा हुआ। सबसे अधिक लाभ में सूचना प्रौद्योगिकी क्षेत्र की कंपनी टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज रही। बीएसई का 30 शेयरों वाला सेंसेक्स 522.74 अंक या 0.65 प्रतिशत के लाभ में रहा।

### इरेडा के शुद्ध लाभ में 30 फीसदी का इजाफा



**नई दिल्ली।** सार्वजनिक क्षेत्र की भारतीय अक्षय ऊर्जा विकास एजेंसी (इरेडा) का शुद्ध लाभ चालू वित्त वर्ष की जून तिमाही में 30 प्रतिशत से अधिक बढ़कर 383.69 करोड़ रुपये रहा। एक साल पहले की समान तिमाही में उसे 294.58 करोड़ रुपये का शुद्ध लाभ हुआ था। जून में बढ़कर 1,501.71 करोड़ रुपये रही जो एक साल पहले इसी तिमाही में 1,143.50 करोड़ रुपये थी।

### एचसीएल टेक का लाभ बढ़कर 4,257 करोड़




**नई दिल्ली।** सूचना प्रौद्योगिकी सेवा कंपनी एचसीएल टेक्नोलॉजीज का एकीकृत शुद्ध लाभ चालू वित्त वर्ष की जून तिमाही में 20.4 प्रतिशत बढ़कर 4,257 करोड़ रुपये रहा। 2024-25 के लिए राजस्व में तीन से पांच प्रतिशत की वृद्धि का अनुमान जताया है। अधिकारियों ने आने वाली तिमाहियों में अच्छी वृद्धि हासिल करने का भरोसा जताया।

### पीसी ज्वेलर की वॉरंट से 2,705 करोड़ रुपए जुटाने की योजना



**नई दिल्ली।** पीसी ज्वेलर लिमिटेड ने प्रवर्तकों और निवेशकों को तरजीही आधार पर वॉरंट जारी करके 2,705 करोड़ रुपये तक जुटाने की योजना बनाई है। कंपनी ने शनिवार को शेयर बाजार को बताया कि जुटाई गई राशि का इस्तेमाल मुख्य रूप से बैंक कर्ज को चुकाने और कार्यशील पूंजी की जरूरतों को पूरा करने के लिए किया जाएगा।

### शाओमी इंडिया का मुनाफा घटकर हुआ 77 फीसदी



**नई दिल्ली।** चीन की स्मार्ट उपकरण विनिर्माता शाओमी टेक्नोलॉजी का भारत में मुनाफा वित्त वर्ष 2022-23 में सालाना आधार पर 77 प्रतिशत घटकर 238.63 करोड़ रुपये रह गया है। कंपनी ने 2021-22 में 1,057.7 करोड़ रुपये का मुनाफा कमाया था। 2022-23 में लगभग 32 प्रतिशत घटकर 26,697 करोड़ रुपये रह गई।

### गेल के पूर्व चेयरमैन प्रसाद का निधन

**नई दिल्ली।** सार्वजनिक क्षेत्र की गैस कंपनी गेल (इंडिया) लिमिटेड के पूर्व चेयरमैन एवं प्रबंध निदेशक (सीएमडी) सी आर प्रसाद का निधन हो गया है। वह 83 वर्ष के थे। गेल ने 'लिंक्डइन' पर पोस्ट में कहा कि प्रसाद का शनिवार को निधन हो गया। हालांकि, उनके निधन की वजह नहीं बताई गई है। इसमें कहा गया है, 'डॉ. सी आर प्रसाद 1994 में निदेशक (योजना) के रूप में गेल में शामिल हुए और 1996 में सीएमडी बने थे।' वह 2001 में अपनी सेवानिवृत्ति तक कंपनी के चेयरमैन और प्रबंध निदेशक (सीएमडी) थे।

# हरिभूमि व आरसीपी इंफ्राटेक के 'प्रॉपर्टी डबल इनकम फेस्ट' को मिल रहा अच्छा रिस्पांस

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

- वीआईपी सिटी में हर तरह की सुविधा

हरिभूमि और आरसीपी इंफ्राटेक की ओर से 13 से 21 जुलाई तक 'प्रॉपर्टी डबल इनकम फेस्ट' का आयोजन सड्डू स्थित वीआईपी सिटी में किया गया है। टाउनशिप में रेजीडेंशियल प्लॉट्स, कमर्शियल प्लॉट्स, विला और शॉप आदि के विकल्प हैं। खास बात यह है कि इस टाउनशिप में शॉप्स और ऑफिसेज रेडी-टू-पजेशन में उपलब्ध है। जिनका सीमित स्टॉक है और बुकिंग पर 11 हजार रुपए प्रतिमाह रेंटल इनकम का सुनहरा अवसर भी प्राप्त होगा।

प्रॉपर्टी डबल इनकम फेस्ट के दूसरे दिन भी बायर्स का अच्छा रिस्पांस रहा। काफी लोगों ने साइट विजिट कर स्पॉट बुकिंग की। इस आयोजन से जुड़ी अधिक जानकारी 8120008290 पर ली जा सकती है।

## शॉप्स और ऑफिसेज रेडी-टू-पजेशन में उपलब्ध

### सड्डू से कई नई सड़कें जुड़ी

सड्डू से कई नई सड़कें जुड़ गई हैं। जिससे पंडरी मार्केट, स्टील मार्केट, बिलासपुर रोड, बलौदाबाजार रोड, नया रायपुर, आरंग रोड और एयरपोर्ट कुछ ही मिनटों पर पहुंचा जा सकता है। बाजार, मॉल, कमर्शियल सेंटर, होटल-रेस्टोरेंट, गेमिंग जोन, स्कूल, हॉस्पिटल और एजुकेशनल हब आदि पर्याप्त दूरी पर है। सड्डू में तीन बड़े अस्पताल भी आ रहे हैं। इसलिए यहां से शहर के सभी प्रमुख जगहों पर पहुंचना आसान हो गया है।





*हर बुकिंग पर एश्योर्ड गिफ्ट्स, कई सुविधाएं भी : प्रॉपर्टी डबल इनकम फेस्ट में हर बुकिंग पर एश्योर्ड गिफ्ट्स दिया जा रहा हैं और विजिटर्स के लिए भी सरप्राइज गिफ्ट्स हैं। साथ ही कई बेहतरीन सुविधाएं दीं गई हैं। कमर्शियल शॉप्स और ऑफिसेस खरीदने के लिए सभी प्रमुख बैंकों से फाइनेंस सुविधा भी उपलब्ध कराई जा रही है।*

*500 से ज्यादा परिवार निवासरत : वीआईपी सिटी में 500 से ज्यादा परिवार रह रहे हैं। 100 से अधिक मकान निर्माणाधीन हैं। भविष्य में टाउनशिप में तीन हजार से अधिक परिवारों की बसाहट होगी।*

### प्लॉट, विला, शॉप के विकल्प समेत कई सुविधाएं

वीआईपी सिटी करीब 300 एकड़ के क्षेत्र में फैली आधुनिक सुविधाओं वाली टाउनशिप है। यहां डेवलप रेसीडेंशियल प्लॉट, कमर्शियल प्लॉट, विला और शॉप आदि है। यह टाउनशिप कॉलोनी-इन- कॉलोनी कॉन्सेप्ट पर है। यहां अलग-अलग 12 सेक्टर्स हैं। कवर्ड कैंपस, मजबूत इंफ्रास्ट्रक्चर, 100 व 80 फीट की मेन रोड, 40 फीट की ब्रांच रोड, तीन साइड इंट्री गेट के अलावा टाउनशिप में मंदिर, गार्डन, क्लब हाउस और कवर्ड प्ले ग्राउंड जैसी सुविधाएं हैं।

## प्रत्यक्ष कर पेशेवरों के एक निकाय ने किया अनुरोध

# आम लोगों पर आयकर का बोझ कम करे सरकार : एआईएफटीपी

- आयकर छूट की सीमा बढ़ाकर पांच लाख करना चाहिए
- कर ढांच को सरल बनाने की आवश्यकता पर जोर
- अधिभार और उपकर को समाप्त करने की वकालत

एजेंसी ⏭ कोलकाता

प्रत्यक्ष कर पेशेवरों के एक निकाय ने सरकार से आगामी बजट में आम लोगों पर आयकर का बोझ कम करने का अनुरोध किया है। ऑल इंडिया फेडरेशन ऑफ टैक्स प्रैक्टिशनर्स (एआईएफटीपी) के अध्यक्ष नारायण जैन ने रविवार को कहा कि सरकार को आयकर छूट की सीमा को बढ़ाकर पांच लाख रुपये करना चाहिए।

अध्यक्ष जैन ने अनुपालन को सुगम बनाने के लिए कर ढांचे को सरल बनाने की आवश्यकता पर भी जोर दिया। उन्होंने कहा वित्त मंत्री दिए अपने ज्ञापन में कहा, 'पांच लाख रुपये से 10 लाख रुपये के बीच की आय पर 10 प्रतिशत, 10 लाख रुपये से 20 लाख रुपये के लिए 20 प्रतिशत और 20 लाख रुपये से अधिक की आय पर 25 प्रतिशत कर लगाया जाए।'

### शिक्षा उपकर का उपयोग कैसे किया जाता है बताए

जैन कलकत्ता सिटीजंस इनिशिएटिव के भी अध्यक्ष हैं। उन्होंने अधिभार और उपकर को समाप्त करने की वकालत करते हुए कहा कि इन्हें जारी रखना उचित नहीं है। उन्होंने कहा कि सरकार पर्याप्त रूप से यह नहीं बताती है कि शिक्षा उपकर का उपयोग कैसे किया जाता है।




### नोटबंदी में बढ़ा उपकर मूल रूप में लौटे

अध्यक्ष ने कहा कि शिक्षा और चिकित्सा सुविधाएं प्रदान करना सरकार का मौलिक कर्तव्य है। ज्ञापन में अस्पष्ट नकद क्रेडिट, ऋण, निवेश और व्यय पर धारा 115बीबीई के तहत कर की दर का भी उल्लेख किया गया है, जिसे नोटबंदी के दौरान बढ़ाकर 75 प्रतिशत और उपकर कर दिया गया था। जैन ने इस दर को मूल 30 प्रतिशत पर वापस लाने की वकालत की है।

### केवल जीवन बीमा कवर ही दे सकती है

*बीमा अधिनियम, 1938 के प्रावधानों के अनुसार, जीवन बीमा कंपनियां केवल जीवन बीमा कवर ही दे सकती हैं, जबकि साधारण बीमा कंपनियां स्वास्थ्य, मोटर, आग लगने जैसे गैर-बीमा उत्पाद दे सकती हैं। इरडा बीमा कंपनियों के लिए समग्र लाइसेंसिंग की अनुमति नहीं देता है। ऐसे में एक बीमा कंपनी एक इकाई के रूप में जीवन और गैर-जीवन, दोनों उत्पाद नहीं दे सकती है।*

*पॉलिसीधारकों के हितों को बढ़ावा मिलेगा : सूत्रों ने बताया कि विधेयक का मसौदा तैयार है और इसे मंजूरी के लिए मंत्रिमंडल के पास भेजा जाना है। उन्होंने कहा कि वित्त मंत्रालय को उम्मीद है कि इसे आगामी सत्र में पेश किया जाएगा। सूत्रों ने बताया कि प्रस्तावित संशोधन मुख्य रूप से पॉलिसीधारकों के हितों को बढ़ावा देने, पॉलिसीधारकों को मिलने वाले प्रतिफल में सुधार करने पर केंद्रित हैं।*

### पेश हो सकता है बीमा कानून संशोधन विधेयक

सरकार '2047 तक सभी के लिए बीमा' के लक्ष्य को हासिल करने के लिए आगामी बजट सत्र के दौरान बीमा अधिनियम, 1938 में संशोधन करने वाला विधेयक पेश कर सकती है। संशोधन विधेयक में शामिल किए जा सकने वाले कुछ प्रावधानों में समग्र लाइसेंस, अंतर पूंजी, सॉल्वेंसी मानदंडों में राहत, कैप्टिव लाइसेंस जारी करना, निवेश नियमों में बदलाव, मध्यवर्तियों के लिए एकमुश्त पंजीकरण और बीमा कंपनियों को अन्य वित्तीय उत्पाद वितरित करने की अनुमति देना शामिल हैं।

### अंडरराइट करने की अनुमति मिलेगी

इस कदम से बैंकिंग क्षेत्र की तरह विभेदित बीमा कंपनियों के प्रवेश की अनुमति दी जा सकती है। बैंकिंग क्षेत्र को इस समय सार्वभौमिक बैंक, लघु वित्त बैंक और भुगतान बैंक के रूप में वर्गीकृत किया गया है। समग्र लाइसेंस के प्रावधान से जीवन बीमा कंपनियों को स्वास्थ्य बीमा या सामान्य बीमा पॉलिसियों को 'अंडरराइट' करने की अनुमति मिलेगी।

# थोक पैकिंग पर अनिवार्य लेबलिंग का प्रस्ताव रखा

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली



- सरकार ने जनता से मांगी राय
- 25 किलो से अधिक वस्तु पैक पर लैबलिंग अनिवार्य

उपभोक्ता मामलों के मंत्रालय ने रविवार को विधिक माप विज्ञान (पैकेज्ड कमोडिटीज) नियम, 2011 में संशोधन का प्रस्ताव रखा है। इसमें खुदरा बाजार में बेची जाने वाली 25 किलोग्राम से अधिक वजन या 25 लीटर से अधिक माप वाली पैक की गई वस्तुओं पर महत्वपूर्ण जानकारी की घोषणा को अनिवार्य करने का प्रस्ताव है। इस कदम का उद्देश्य उस खामी को दूर करना है, जिसके तहत वर्तमान में ऐसी थोक पैकिंग पर अधिकतम खुदरा मूल्य (एमआरपी), समाप्ति तिथि, निर्माता की जानकारी और मूल देश जैसी महत्वपूर्ण जानकारी प्रदर्शित करने से छूट दी जाती है। मंत्रालय ने एक बयान में कहा, 'देखा गया है कि 25 किलोग्राम से अधिक वजन वाली पैकेज्ड वस्तुएं भी खुदरा बिक्री के लिए बाजार में उपलब्ध हैं।'

### 29 जुलाई तक टिप्पणियां आमंत्रित

इससे उद्योग जगत में स्पष्टता आने और उपभोक्ताओं को सूचित विकल्प चुनने में सहायता मिलने की उम्मीद है। मंत्रालय ने प्रस्ताव पर 29 जुलाई तक सार्वजनिक टिप्पणियां आमंत्रित की हैं। यदि नए नियम लागू किए जाते हैं, तो वे औद्योगिक या संस्थागत उपभोक्ताओं के लिए पैकेज्ड वस्तुओं पर लागू नहीं होंगे।

# देश से वाहनों का निर्यात पहली तिमाही में बढ़ा

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली



- सालाना आधार पर 15 .5 प्रतिशत रहा
- तिपहिया को छोड़ सभी वाहनों का निर्यात बढ़ा

देश से वाहनों का निर्यात चालू वित्त वर्ष की जून में समाप्त पहली तिमाही में सालाना आधार पर 15.5 प्रतिशत बढ़ा है। तिपहिया को छोड़कर सभी अन्य वाहनों का निर्यात बढ़ा है। वाहन विनिर्माताओं के संगठन सोसायटी ऑफ इंडियन ऑटोमोबाइल मैन्युफैक्चरर्स (सियाम) के आंकड़ों से यह जानकारी मिली है।

आंकड़ों के अनुसार, चालू वित्त वर्ष की पहली अप्रैल-जून की तिमाही में कुल वाहन निर्यात 11,92,577 इकाई रहा, जो इससे पिछले वित्त वर्ष की समान तिमाही के 10,32,449 इकाई के आंकड़े से 15.5 प्रतिशत अधिक है। पहली तिमाही में यात्री वाहनों का निर्यात 19 प्रतिशत बढ़कर 1,80,483 इकाई रहा। पिछले साल समान तिमाही में यह आंकड़ा 1,52,156 इकाई था। समीक्षाधीन अवधि में 69,962 इकाइयों के निर्यात के साथ देश की प्रमुख वाहन कंपनी मारुति सुजुकी इंडिया सबसे आगे रही। इससे पिछले वित्त वर्ष की समान तिमाही में मारुति ने 62,857 वाहनों का निर्यात किया था। अप्रैल-जून में हुंदै मोटर का निर्यात 42,600 इकाई रहा। पिछले साल की समान अवधि में कंपनी ने 35,100 इकाइयों का निर्यात किया था। तिमाही के दौरान देश से दोपहिया वाहनों का निर्यात 17 प्रतिशत बढ़कर 9,23,148 इकाई पर पहुंच गया, जो एक साल पहले की समान अवधि में 7,91,316 इकाई रहा था।

### उद्योग के लिए अच्छा संकेत

सियाम के अध्यक्ष विनोद अग्रवाल ने कहा कि यह उद्योग के लिए अच्छा संकेत है कि निर्यात का आंकड़ा बेहतर रहा है। उन्होंने कहा, 'मुझे लगता है कि यह एक बहुत अच्छा संकेत है कि निर्यात अपने निचले स्तर से उबर आया है, खासकर वाणिज्यिक वाहन खंड। इस साल पहली तिमाही से वृद्धि दिखनी शुरू हो गई है।

# मैक्रोटेक ने जून तिमाही में मुंबई, पुणे में खरीदी जमीन




**नई दिल्ली।** घरों की मजबूत मांग को देखते हुए रियल्टी कंपनी मैक्रोटेक डेवलपर्स ने अप्रैल-जून तिमाही के दौरान मुंबई क्षेत्र और पुणे में 11,000 करोड़ रुपये से अधिक की बिक्री क्षमता वाली परियोजनाओं को विकसित करने के लिए तीन जमीन के टुकड़े (भूखंड) का अधिग्रहण किया है।लोढ़ा ब्रांड के तहत अपनी संपत्तियों का विपणन करने वाली मुंबई स्थित मैक्रोटेक डेवलपर्स दो तरीकों- प्रत्यक्ष खरीद और भूस्वामियों के साथ साझेदारी से भूमि अधिग्रहण कर रही है। 'हमने एमएमआर और पुणे में तीन परियोजनाएं जोड़ी हैं, जिनका जीडीवी 11,100 करोड़ रुपये है, जो पूरे वर्ष के लक्ष्य 21,000 करोड़ रुपये का 50 प्रतिशत से अधिक है।'नहीं किया है कि उसने सीधे तौर पर जमीन खरीदी है या भूस्वामियों के साथ संयुक्त विकास समझौता (जेडीए) किया है।

# सरकार एमटीएनएल के बांड ब्याज का भुगतान करेगी

- कोई चूक नहीं होगी : सूत्र
- राशि 20 जुलाई से पहले होगी चुकता

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

सरकार महानगर टेलीफोन निगम लिमिटेड (एमटीएनएल) के बांड बकाया का भुगतान करेगी। दूरसंचार विभाग के एक सूत्र ने भरोसा दिया कि कोई चूक नहीं होगी, और यह राशि 20 जुलाई की तय तारीख से पहले चुका दी जाएगी।

यह कदम इसलिए महत्वपूर्ण है क्योंकि इससे एमटीएनएल के सामने खड़ा संकट टल जाएगा। कंपनी ने बढ़ते वित्तीय संकट के बीच इस सप्ताह शेयर बाजार को बताया था कि वह अपर्याप्त कोष के कारण कुछ बॉन्डधारकों को ब्याज का भुगतान करने में असमर्थ है। यह ब्याज 20 जुलाई, 2024 को देय है। दूरसंचार विभाग (डीओटी) के सूत्रों ने कहा कि सरकार कदम उठाएगी और उक्त बकाया का भुगतान करेगी, और जोर देकर कहा कि इसपर कोई चूक नहीं होगी। सूत्रों ने कहा, 'बकाया राशि का भुगतान तय तारीख से पहले किया जाएगा।'

*एस्क्रो खाते में पर्याप्त राशि नहीं : एमटीएनएल, दूरसंचार विभाग और बीकन ट्रस्टीशिप लिमिटेड के बीच हस्ताक्षरित त्रिपक्षीय समझौते (टीपीए) के अनुसार, एमटीएनएल को देय तिथि से 10 दिन पहले एस्क्रो खाते में पर्याप्त राशि के साथ अर्धवार्षिक ब्याज का भुगतान करना होगा। एमटीएनएल ने कहा कि टीपीए के प्रावधानों के मद्देनजर, यह सूचित किया जाता है कि अपर्याप्त कोष के कारण, एमटीएनएल एस्क्रो खाते में पर्याप्त राशि जमा नहीं कर सकी है।*

## केंद्र ने झारखंड से 10 खनिज ब्लॉक नीलामी करने कहा...



**नई दिल्ली।** खान मंत्रालय ने झारखंड सरकार से सोने की एक खदान सहित 10 खनिज ब्लॉक की नीलामी करने को कहा है। साथ ही मंत्रालय ने चेतावनी दी है कि यदि राज्य ऐसा करने में विफल रहा, तो केंद्र इन खानों की नीलामी प्रक्रिया शुरू करेगा। सूत्रों ने यह जानकारी दी। उन्होंने कहा कि ये ब्लॉक खोज के जी2 (सामान्य) और जी3 (प्रारंभिक) स्तर के हैं। सूत्रों ने बताया कि 10 ब्लॉक में एक तांबे की खदान, एक चूना पत्थर की खदान और एक ग्रेफाइट खदान शामिल है। 2021 में खनन नियमों में संशोधन के अनुसार, यदि राज्य सरकार पारस्परिक रूप से सहमत अवधि के भीतर खदानों की नीलामी करने में विफल रहती है, तो केंद्र के पास खनिज ब्लॉक की नीलामी करने का अधिकार है। सूत्रों ने कहा कि जब खनिज ब्लॉकों की नीलामी की बात आती है, तो झारखंड सरकार अन्य राज्यों से पिछड़ रहा है।

# सदी वर्ल्ड का टिकाऊ और किफायती वाटर प्रूफ सॉल्यूशन 'सील होम'

**इंदौर।** प्रत्येक मनुष्य अपनी जिंदगी भर की कमाई एकत्रित कर अपने घर को बनाता है और उसको सजाता है लेकिन बारिश का पानी जब घर में घुसता है तो घर की छत, दीवारें, बाथरूम, साइड वॉल, बालकनी, छज्जे आदि सभी जगह को डैमेज करता है।

साथ ही फर्नीचर को भी खराब करता है। ऐसी स्थिति में बिजली के तारों में भी करंट फैलने की आशंका होती है जिससे गंभीर दुर्घटना भी हो सकती है। इसी आशंका को दूर करने के लिए देश में पहली बार सदी वर्ल्ड द्वारा वाटर प्रूफिंग के लिए ऐसा केमिकल 'सील होम' लांच किया है जिससे तुरंत परिणाम हासिल होते हैं। इसे लगाने का तरीका भी अत्यंत ही आसान है एवं किसी बाहरी व्यक्ति यानी मिस्त्री/ पेंटर पर भी निर्भर नहीं रहना पड़ता । सील होम एक हानि रहित कैमिकल है जो कांक्रीट, मोटर या प्लास्टर की दरारों में जाकर उन्हें पूर्णतया वाटर प्रूफ कर देता है। कंपनी के डायरेक्टर दीपक भंडारी ने बताया कि किसी भी प्रकार का निर्माण चाहे वह नया हो या पुराना दोनों की वाटर प्रूफिंग के लिए यह सर्वोत्तम और मितव्ययी समाधान है। भारत में उपलब्ध अन्य कैमिकल्स की तुलना में यह बिल्कुल अलग है। यह पर्यावरण एवं मानव शरीर को कोई नुकसान नहीं पहुंचाता है। यह जल आधारित एवं पानी में घुलनशील है। यह इको फ्रेंडली और बायोडिग्रेडेबल भी है।

## देश के कोने-कोने तक पहुंचेगा फास्ट इंटरनेट

# टाटा-बीएसएनएल की डील से कटेगा जियो-एयरटेल का पत्ता

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

- दोनों के बीच हुई 15 हजार करोड़ रुपए की डील

प्राइवेट टेलीकॉम कंपनियों एयरटेल और जियो के रिचार्ज प्लान में बढ़ोतरी के बाद लोग बीएसएनएल की ओर बढ़ने लगे हैं। इतना ही नहीं एयरटेल और जियो यूजर्स तेजी से बीएसएनएल में अपना मोबाइल नंबर पोर्ट करा रहे हैं।

साथ ही इसको लेकर सोशल मीडिया पर भी खूब ट्रेंड्स चलाए जा रहे हैं। वहीं खबर यह भी है कि टाटा कंसल्टेंसी सर्विस और बीएसएनएल के बीच 15 हजार करोड़ रुपए की डील हुई है। टीसीएस और बीएसएनएल मिलकर भारत के 1000 गांव तक 4जी इंटरनेट सर्विस को रोलआउट करेंगी, जिससे आने वाले दिनों में लोगों को फास्ट स्पीड इंटरनेट सर्विस मिलेगी।

### जियो-एयरटेल ने रिचार्ज बढ़ोतरी का किया ऐलान

जियो ने पिछले महीने जून में अपने रिचार्ज प्लान में बढ़ोतरी करने का ऐलान किया था। जिसके तुरंत बाद एयरटेल और वीआई ने भी अपने प्लान में बढ़ोतरी का ऐलान कर दिया, जहां जियो और एयरटेल के बढ़े हुए दाम 3 जुलाई से लागू हो गए हैं, तो वहीं वीआई के बढ़े हुए दाम 4 जुलाई से लागू हुए हैं।




सबसे ज्यादा बढ़ोतरी जियो ने की : प्राइस में सबसे ज्यादा बढ़ोतरी जियो ने की है। कंपनी ने एक बार में ही प्राइस में सीधे 12 से 25 प्रतिशत तक का इजाफा कर दिया है। तो वहीं एयरटेल ने दामों में 11 से 21 प्रतिशत तक इजाफा किया है और वीआई ने 10 से 21 फीसदी तक इजाफा कर दिया है। सबसे ज्यादा गुस्सा लोगों का जियो को लेकर सोशल मीडिया पर निकल रहा है। इसी वजह से लोग अब बीएसएनएल की तरफ अपना रुख कर रहे है।

### जियो और एयरटेल की बढ़ेगी टेंशन

मौजूदा समय की बात करें तो अभी 4जी इंटरनेट सर्विस में जियो और एयरटेल का दबदबा बना हुआ है, लेकिन अगर बीएसएनएल मजबूत हो गया तो ये जियो और एयरटेल की टेंशन बढ़ा सकता है। टाटा भारत के करीब चार रीजन में डेटा सेंटर बना रहा है, जो कि भारत के 4जी इंफ्रॉस्ट्राक्चर को बनाने में मदद करेगा। बीएसएनएल की ओर से देशभर में 9000 से ज्यादा 4जी नेटवर्क को लगाया गया है, जिसे एक लाख करने का लक्ष्य है।

# इंडियन ऑयल में रेसिंग कार का ईंधन उत्पादन हुआ शुरू



**नई दिल्ली।** भारत की प्रमुख पेट्रोलियम कंपनी इंडियन ऑयल ने एड्रेनालाइन-पंपिंग मोटर रेसिंग में इस्तेमाल होने वाले ईंधन का उत्पादन शुरू किया है और इसकी पहली खेप भेज दी है। कंपनी ने बयान में कहा कि ओडिशा के पारादीप में उसकी रिफाइनरी ने स्टॉर्म-एक्स का उत्पादन शुरू कर दिया है। यह हाई-ऑक्टेन पेट्रोल विशेष रूप से रेसिंग कारों के लिए तैयार किया गया है। इंडियन ऑयल कॉरपोरेशन (आईओसी) के निदेशक (विपणन) वी सतीश कुमार ने शनिवार को एक कार्यक्रम में स्टॉर्म-एक्स की पहली खेप को रवाना किया। देश की सबसे बड़ी पेट्रोलियम कंपनी आईओसी की ईंधन बाजार में लगभग 40 प्रतिशत हिस्सेदारी है। आईओसी एफ1 रेसिंग में इस्तेमाल होने वाले ईंधन का उत्पादन करने वाली पहली भारतीय कंपनी और वैश्विक स्तर पर चुनिंदा कंपनियों में एक बन गई है। बयान में कहा गया कि यह पेशकश फर्म के नवाचार और उत्कृष्टता की खोज का हिस्सा है।

# विंबलडन पर कार्लोस का 'राज', 24 बार के ग्रैंड स्लैम चैंपियन जोकोविच को हराया

एजेंसी ▶▶| लंदन

स्पेन के कार्लोस अल्काराज ने रविवार को 24 बार के ग्रैंडस्लैम चैंपियन सर्बियाई स्टार नोवाक जोकोविच को 6-2, 6-2, 7-6 से हराकर 21 साल की उम्र में लगातार दूसरा विंबलडन और चौथा ग्रैंड स्लैम खिताब अपने नाम किया। यह ऑल इंग्लैंड क्लब के घसियाले कोर्ट पर पिछले साल के फाइनल मैच का दोहराव था जिसमें अल्काराज ने पांच सेट में जोकोविच को हराया था। सेंटर कोर्ट पर रविवार को खेला गया फाइनल अल्काराज के लिए काफी आसान रहा जिसमें दर्शकों में कैंसर का उपचार करा रही ब्रिटेन की वेल्स की राजकुमारी केट मिडलटन भी मौजूद थीं।



### फाइनल्स में रिकॉर्ड 4-0

अल्काराज सिर्फ तीसरे सेट में 5-4 पर जीत के लिए सर्विस करते समय तीन मैच प्वाइंट बरकरार रखते समय लड़खड़ाए। पर उन्होंने खुद को संभाला और पिछले महीने फ्रेंच ओपन में मिली जीत के बाद लगातार दूसरी ग्रैंडस्लैम ट्रॉफी जीती। स्पेन के इस खिलाड़ी ने 2022 अमेरिकी ओपन में किशोर के तौर पर अपना पहला स्लैम खिताब जीता था। किसी भी खिलाड़ी ने 22 साल का होने से पहले उनसे ज्यादा ग्रैंडस्लैम खिताब नहीं जीते हैं। इससे मेजर फाइनल्स में उनका रिकॉर्ड 4-0 हो गया।

### नोवाक जोकोविच पर हावी रहे अल्काराज

अल्काराज और जोकोविच के बीच खेला गया यह मुकाबला 2.27 घंटे चला। स्पेन के खिलाड़ी ने मैच की शुरुआत से ही दबदबा बनाया। उन्होंने शुरुआती दो सेट अपने नाम किए। इसके बाद तीसरे सेट में जोकोविच ने वापसी की, लेकिन वह मुकाबला अपने नाम नहीं कर पाए। फाइनल मैच का तीसरा सेट काफी रोमांचक रहा। अल्काराज 5-4 से आगे चल रहे थे, तभी जोकोविच ने जोरदार वापसी करते हुए सेट 6-6 से बराबर करते हुए टाई ब्रेक में पहुंचा दिया। हालांकि, एक बार फिर अल्काराज हावी हुए और 7-4 से सेट अपने नाम कर लिया। उन्होंने 7-6 से तीसरा सेट जीता और खिताब अपने नाम कर लिया।



लगातार दूसरे विंबलडन टेनिस टूर्नामेंट में अल्काराज ने नोवाक को हराया

### सबसे ज्यादा ग्रैंड स्लैम

| खिलाड़ी | देश | ग्रैंड स्लैम |
|---|---|---|
| नोवाक जोकोविच | सर्बिया | 24 |
| मार्गरेट कोर्ट | ऑस्ट्रेलिया | 24 |
| सेरेना विलियम्स | अमेरिका | 23 |
| राफेल नडाल | स्पेन | 22 |
| स्टेफी ग्राफ | जर्मनी | 22 |
| रोजर फेडरर | स्विट्जरलैंड | 20 |

## क्रेजिकोवा महिला एकल चैंपियन

विंबलडन 2024 में महिला एकल का खिताब चेक गणराज्य की स्टार टेनिस खिलाड़ी बारबोरा क्रेजिकोवा ने जीता। फाइनल मैच में 31वीं सीड क्रेजिकोवा ने 7वीं सीड इटली की जैस्मीन पाओलिनी को 6-2, 2-6, 6-4 से हराया। बारबोरा अपना दूसरा ग्रैंड स्लैम सिंगल्स फाइनल खेलने उतरी थीं और उन्होंने दूसरी बार ग्रैंड स्लैम टाइटल जीता। इससे पहले, उन्होंने साल 2021 में फ्रेंच ओपन टाइटल जीता था।



## खबर संक्षेप



### सनीथ, तस्नीम ने जीते वीवी नाटू खिताब

**पुणे।** कर्नाटक के सनीथ डीएस और गुजरात की तस्नीम मीर ने रविवार को यहां वीवी नाटू मेमोरियल अखिल भारतीय सीनियर रैंकिंग बैडमिंटन टूर्नामेंट में आसान जीत के साथ क्रमशः पुरुष और महिला एकल खिताब जीते। तीसरे वरीय सनीथ ने पुरुष एकल फाइनल में अपने ही राज्य के क्वालीफायर तुषार सुवीर को 44 मिनट में 21-15, 21-12 से हराकर खिताब जीता। तस्नीम ने बेंगलुरू में पिछला रैंकिंग टूर्नामेंट जीतने वाली देविका को महिला एकल फाइनल में 21-16, 21-13 से हराया।

### लाहिड़ी को स्पेन में चार शॉट की बढ़त



**सोटोग्रांडे।** भारतीय गोल्फर अनिर्बान लाहिड़ी ने बेहतरीन खेल का प्रदर्शन करते हुए दूसरे दौर में पांच अंडर 66 का कार्ड खेलकर यहां लिव गोल्फ एंडालुसिया में चार शॉट की बढ़त हासिल कर ली और इस तरह से लिव गोल्फ सीरीज में अपने पहले खिताब की तरफ मजबूत कदम बढ़ाए। क्रशर टीम के सदस्य लाहिड़ी ने दूसरे दौर के अंतिम 13 होल में छह बर्डी बनाई और इस बीच कोई बोगी नहीं की। इस 37 वर्षीय खिलाड़ी ने पहले दौर में दो अंडर 69 का स्कोर बनाया था। लाहिड़ी का स्कोर दूसरे दौर के बाद सात अंडर पर हैं।

### अनाहत, शौर्य ने चौथे दौर में बनाई जगह



**नई दिल्ली।** भारत की अनाहत सिंह और शौर्य बावा ने ह्यूस्टन में चल रही विश्व जूनियर स्क्वाश चैम्पियनशिप में क्रमशः लड़कियों और लड़कों के वर्ग के चौथे दौर में प्रवेश किया। मौजूदा महिला राष्ट्रीय चैम्पियन अनहत ने तीसरे दौर में अमेरिका की सामंथा जाफे को 11-7, 12-10, 11-6 से मात दी। वहीं बावा ने तीसरे दौर में अमेरिका के रस्टिन विसर को 4-11, 11-7, 12-10, 11-6 से पराजित किया जिससे प्री क्वार्टर फाइनल में उनकी भिड़ंत अर्जेंटीना के सेगुंडो पोर्टाबेल्स से होगी।

### हॉकी सब जूनियर पुरुष चैंपियनशिप झांसी में



**नई दिल्ली।** हॉकी इंडिया की सब जूनियर पुरुष और महिला उत्तर क्षेत्र चैंपियनशिप सोमवार से झांसी में आयोजित की जाएगी, जिसका फाइनल 22 जुलाई को खेला जाएगा। पुरुष वर्ग में पूल ए में हॉकी हरियाणा, हॉकी चंडीगढ़ और हॉकी उत्तराखंड जबकि पूल बी में उत्तर प्रदेश हॉकी, हॉकी पंजाब, दिल्ली हॉकी और हॉकी जम्मू एवं कश्मीर शामिल हैं। महिला वर्ग में हॉकी हरियाणा, हॉकी उत्तर प्रदेश, हॉकी पंजाब, हॉकी हिमाचल, हॉकी चंडीगढ़ और हॉकी उत्तराखंड की टीम शामिल हैं।

## टी20 : वाशिंगटन 8 विकेट लेकर बने प्लेयर ऑफ द सीरीज

# भारत ने जिंबाब्वे में लहराया तिरंगा 4-1 से जीती सीरीज, सुंदर बने हीरो




एजेंसी ▶▶| हरारे

भारत ने रविवार को यहां जिंबाब्वे को पांचवें और अंतिम टी20 अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट मैच में 42 रन से हराकर लगातार चौथी जीत के साथ श्रृंखला 4-1 से अपने नाम की। भारत के 168 रन के लक्ष्य का पीछा करते हुए जिंबाब्वे की टीम मुकेश (चार विकेट) के कॅरियर की सर्वश्रेष्ठ गेंदबाजी के सामने 18.3 ओवर में 125 रन पर सिमट गई।

शिवम दुबे (दो विकेट) ने किफायती गेंदबाजी करते हुए दो विकेट चटकाए जबकि वाशिंगटन सुंदर, अभिषेक शर्मा और तुषार देशपांडे को एक-एक विकेट मिला। जिंबाब्वे की ओर से डियोन मायर्स ने सर्वाधिक 34 रन बनाए जबकि सलामी बल्लेबाज ताडिवनाशे मरुमानी और फराज अकरम ने 27-27 रन का योगदान दिया।

सैमसन ने इससे पहले 45 गेंद में चार छक्कों और एक चौके से 58 रन की पारी खेलने के अलावा रियान पराग (22) के साथ चौथे विकेट के लिए 65 रन जोड़े जिससे भारत ने छह विकेट पर 167 रन का स्कोर खड़ा किया। दुबे ने अंत में 12 गेंद में दो छक्कों और दो चौकों से 26 रन की तेजतर्रार पारी खेली। जिंबाब्वे की ओर से ब्लेसिंग मुजरबानी सबसे सफल गेंदबाज रहे जिन्होंने 19 रन देकर दो विकेट चटकाए।

### दुबे बने मैच के हीरो

*मैच में शिवम दुबे को उनके ऑलराउंड प्रदर्शन के लिए प्लेयर ऑफ द मैच चुना गया। उन्होंने 26 रन बनाए और दो विकेट चटकाए। वहीं, वाशिंगटन सुंदर को प्लेयर ऑफ द सीरीज के अवॉर्ड से नवाजा गया। उन्होंने कुल 28 रन बनाए और आठ विकेट चटकाए।*

### सैमसन की दूसरी फिफ्टी

संजू सैमसन और रियान पराग के बीच चौथे विकेट के लिए 65 रनों की साझेदारी हुई। 15वें ओवर में मावुटा ने पराग को अपना शिकार बनाया। वह 22 रन बनाकर आउट हुए। वहीं, संजू सैमसन 58 रनों की तूफानी पारी खेलकर पवेलियन लौटे। उन्होंने 39 गेंदों में अपने टी20 अंतरराष्ट्रीय करियर का दूसरा अर्धशतक जड़ा।

### 1 गेंद पर ठोके 13 रन



*मैच के पहले ओवर में जिम्बाब्वे के कप्तान सिकंदर रजा बॉलिंग करने आए। उनकी पहली बॉल पर जायसवाल ने सिक्स लगा दिया। ये नो बॉल थी। इसके बाद फ्री हिट पर जायसवाल ने फिर से सिक्स लगाया। इस तरह उन्होंने 1 बॉल पर 13 रन बनाए। इसके बाद इसी ओवर की चौथी बॉल पर रजा ने उन्हें बोल्ड कर दिया।*

### स्कोर बोर्ड

| भारत | रन | गेंद | 4 | 6 |
|---|---|---|---|---|
| यशस्वी जायसवाल बो रजा | 12 | 05 | 0 | 2 |
| गिल का रजा बो नगारवा | 13 | 14 | 2 | 0 |
| अभिषेक का मेडेंडे बो मुजरबानी | 14 | 11 | 1 | 1 |
| संजू का मरुमानी बो मुजरबानी | 58 | 45 | 1 | 4 |
| पराग का नगारवा बो मावुता | 22 | 24 | 0 | 1 |
| शिवम दुबे रन आउट | 26 | 12 | 2 | 2 |
| रिंकू सिंह नाबाद | 11 | 09 | 0 | 1 |
| वाशिंगटन सुंदर नाबाद | 01 | 01 | 0 | 0 |

अतिरिक्त : 10, कुल : 20 ओवर में 167/6
गेंदबाजी : रजा 4-0-37-1, नगारवा 4-0-29-1, अकरम 4-0-39-0, मुजरबानी 4-0-19-2, मावुता 4-0-39-1.

| जिंबाब्वे | रन | गेंद | 4 | 6 |
|---|---|---|---|---|
| वेस्ली माधेवेरे बो मुकेश | 00 | 03 | 0 | 0 |
| मरुमानी पगबाधा बो सुंदर | 27 | 24 | 5 | 0 |
| ब्रायन बेनेट का दुबे बो मुकेश | 10 | 08 | 2 | 0 |
| मायर्स का अभिषेक बो दुबे | 34 | 32 | 4 | 1 |
| सिकंदर रजा रन आउट | 08 | 12 | 0 | 0 |
| कैंपबेल का देशपांडे बो दुबे | 04 | 07 | 0 | 0 |
| मेडेंडे का सैमसन बो अभिषेक | 01 | 04 | 0 | 0 |
| अकरम का सैमसन बो मुकेश | 27 | 13 | 2 | 2 |
| मावुता का एवं बो देशपांडे | 04 | 07 | 0 | 0 |
| ब्लेसिंग मुजरबानी नाबाद | 01 | 02 | 0 | 0 |
| रिचर्ड नगारवा बो मुकेश | 00 | 01 | 0 | 0 |

अतिरिक्त : 09, कुल : 18.3 ओवर में 125/10
गेंदबाजी : मुकेश 3.3-0-22-4, देशपांडे 3-0-25-1, बिश्नोई 3-0-23-0, सुंदर 2-0-7-1, अभिषेक 3-0-20-1, दुबे 4-0-25-2.

## पैटन-हेलियोवारा बने युगल चैंपियन



**लंदन।** हेनरी पैटन और हैरी हेलियोवारा की गैर वरीयता प्राप्त जोड़ी ने दूसरे सेट में तीन मैच प्वाइंट बचाकर विंबलडन टेनिस टूर्नामेंट में पुरुष युगल का खिताब जीता। पैटन और हेलियोवारा ने बेहद संघर्षपूर्ण फाइनल में ऑस्ट्रेलियाई जोड़ी मैक्स पर्सेल और जॉर्डन थॉम्पसन को 6-7 (7), 7-6 (8), 7-6 (11-9) से हराकर अपना पहला ग्रैंडस्लैम खिताब जीता। हेलियोवारा फिनलैंड के पहले ऐसे खिलाड़ी बन गए हैं जिन्होंने विंबलडन में पुरुष युगल का खिताब जीता। मैच जीतने के बाद वह अपने आंसू नहीं रोक पाए। पैटन पेशेवर युग में ऑल इंग्लैंड क्लब में पुरुष युगल जीतने वाले तीसरे ब्रिटिश खिलाड़ी बन गए हैं। उनसे पहले 2012 में जोनाथन मैरे और पिछले साल नील स्कूप्स्की ने यह खिताब जीता था।

## सिनियाकोवा-टाउनसेंड ने जीता खिताब



**लंदन।** कैटरीना सिनियाकोवा और टेलर टाउनसेंड ने सीधे सेटों में जीत दर्ज करके विंबलडन टेनिस टूर्नामेंट में महिला युगल का खिताब जीता। सिनियाकोवा और टाउनसेंड ने शनिवार रात को खेले गए फाइनल में गैब्रिएला डाब्रोवस्की और एरिन रूटलिफ को 7-6 (5), 7-6 (1) से हराया। सिनियाकोवा का विंबलडन में यह तीसरा महिला युगल खिताब है। उन्होंने लंबे समय तक अपनी युगल जोड़ीदार रही बारबोरा क्रेजिकोवा के विंबलडन एकल खिताब जीतने के कुछ देर बाद अपने नाम पर एक और ट्रॉफी जोड़ी। चेक गणराज्य की सिनियाकोवा ने हमवतन क्रेजिकोवा के साथ मिलकर सात ग्रैंडस्लैम महिला युगल खिताब जीते हैं। उन्होंने इस साल फ्रेंच ओपन में कोको गॉफ के साथ जोड़ी बनाकर खिताब जीता था। टाउनसेंड के साथ यह उनका पहला खिताब है। टाउनसेंड का यह पहला ग्रैंडस्लैम खिताब है।

विश्व चैंपियनशिप ऑफ लीजेंड्स

## भारत बना डब्लूसीएल चैंपियन पाकिस्तान को 5 विकेट से रौंदा



हरिभूमि न्यूज ▶▶| नई दिल्ली

विश्व चैंपियनशिप ऑफ लीजेंड्स 2024 के फाइनल मुकाबले में इंडिया चैंपियंस ने पाकिस्तान चैंपियंस को पांच विकेट से हरा दिया। इसी के साथ भारत ने इस टूर्नामेंट का पहला खिताब अपने नाम कर लिया।

ग्रुप स्टेज में भारत को दो मैचों में जीत और तीन में हार मिली थी। हालांकि, बेहतर नेट रनरेट की वजह से युवराज सिंह की टीम ने फाइनल के लिए क्वालीफाई कर लिया। टीम अंक तालिका में चौथे स्थान पर रही। वहीं, पाकिस्तान को ग्रुप स्टेज पर चार मैचों में जीत और एक में हार का सामना करना पड़ा था। बर्मिंघम में खेले गए इस मुकाबले में टॉस जीतकर पाकिस्तान ने पहले बल्लेबाजी का फैसला किया।

पाकिस्तान ने शोएब मलिक की 41 रनों की तूफानी पारी की बदौलत 20 ओवर में छह विकेट पर 156 रन बनाए। जवाब में भारत ने अंबाती रायडू के अर्धशतक की बदौलत 19.1 ओवर में पांच विकेट पर 159 रन बनाए और पांच विकेट व पांच गेंदों के शेष रहते मुकाबला जीत लिया।

### भारतीय पारी का रोमांच

157 रनों के लक्ष्य का पीछा करने उतरी भारतीय टीम की दमदार शुरुआत हुई। रॉबिन उथप्पा और अंबाती रायडू के बीच पहले विकेट के लिए 34 रनों की साझेदारी हुई जिसे आमिर ने तोड़ा। उन्होंने उथप्पा को अपना शिकार बनाया। वह सिर्फ 10 रन बना सके। सुरेश रैना कुछ खास कमाल नहीं दिखा पाए और चार रन बनाकर पवेलियन लौट गए। इसके बाद मोर्चा गुरकीरत सिंह मान ने संभाला। उन्होंने रायडू के साथ तीसरे विकेट के लिए 25 रनों की साझेदारी की। रायडू इस मुकाबले में अर्धशतक लगाने में कामयाब हुए। उन्होंने 166.66 के स्ट्राइक रेट से पांच चौके और दो छक्के लगाए। वहीं, मान दो चौकों और एक छक्के की मदद से 34 रनों की पारी खेलकर आउट हुए। इस मुकाबले में यूसुफ पठान ने 30 रन बनाए। वहीं, युवराज 15 और इरफान पांच रन बनाकर नाबाद रहे।

## ओलंपिक अभियान का जश्न मनाने मैराथन का आयोजन

**नई दिल्ली।** भारत के ओलंपिक अभियान और अंतरराष्ट्रीय ओलंपिक समिति से ईस्पोर्ट्स को मान्यता मिलने का जश्न मनाने के लिए रविवार को यहां 'पेरिस में भारत' मैराथन को हरी झंडी दिखाई गई। केंद्रीय कपड़ा मंत्री गिरिराज सिंह और सांसद मनोज तिवारी ने मैराथन को हरी झंडी दिखाई। भारत के कुल 118 खिलाड़ी 26 जुलाई से शुरू होने वाले पेरिस ओलंपिक में भाग लेंगे।



इनमें भाला फेंक के स्टार खिलाड़ी नीरज चोपड़ा भी शामिल हैं। आइओसी ने हाल में ईस्पोर्ट्स को मान्यता प्रदान की थी। आईओसी और सऊदी अरब सरकार के बीच अगले साल सऊदी अरब में ईस्पोर्ट्स ओलंपिक के आयोजन को लेकर करार भी हुआ है। यहां जारी एक विज्ञप्ति में कहा गया, 'पेरिस में भारत कार्यक्रम पारंपरिक खेलों के बीच ईस्पोर्ट्स को मान्यता प्रदान करता है। इस दौड़ का उद्देश्य पारंपरिक खेलों को तेजी से बढ़ते भारतीय ईस्पोर्ट्स के साथ जोड़ना है।'

## कनाडा को हराकर तीसरे स्थान पर रहा उरुग्वे



**चार्लोट।** स्टार स्ट्राइकर लुइस सुआरेज के दूसरे हाफ के इंजरी टाइम में किए गए गोल की मदद से बराबरी करने वाले उरुग्वे ने कनाडा को पेनल्टी शूटआउट में 4-3 से हराकर कोपा अमेरिका फुटबॉल टूर्नामेंट में तीसरा स्थान हासिल किया। उरुग्वे निर्धारित समय से कुछ मिनट पहले तक एक गोल से पीछे था लेकिन सुआरेज के गोल की मदद से वह 2-2 से बराबरी करने में सफल रहा।

पेनल्टी शूट आउट में उरुग्वे की तरफ से फेडेरिको वाल्वरडे, रोड्रिगो बेंटानकुर, जियोर्जियन डी अर्रास्काएटा और सुआरेज़ ने जबकि कनाडा की तरफ से जोनाथन डेविड, मोइज़ बॉम्बिटो और मैथ्यू चोइनियर ने गोल किए। इससे पहले बेंटानकुर ने आठवें मिनट में उरुग्वे को बढ़त दिला दी थी लेकिन कनाडा ने 22वें मिनट में इस्माइल कोने और 80वें मिनट में डेविड के गोल से 2-1 की बढ़त हासिल कर ली।

प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना
भारत सरकार एवं छत्तीसगढ शासन द्वारा संचालित
मौसम - खरीफ 2024
फसल बीमा कराओ, सुरक्षा कवच पाओ!
HDFC ERGO

अधिसुचित फसलें:
खरीफ: धान असिंचित, धान सिंचित, उड़द, मूंग, मूंगफली, कोदो, कुटकी, मक्का, अरहर/तुअर, रागी, सोयाबीन

जरूरी दस्तावेज:
• नवीनतम आधार कार्ड कॉपी • नवीनतम भूमि प्रमाण पत्र (बी-1, पी-2) की कॉपी • बैंक पासबुक के पहले पन्ने की कॉपी जिस पर एकाउंट नंबर/आईएफएससी कोड/बैंक का पता साफ दिख रहा हो • फसल बुवाई प्रमाण-पत्र अथवा प्रस्तावित फसल बोने के आशय का स्वघोषणा पत्र • किसान का वैध मोबाईल नंबर • बटाईदार/कास्तकार/साझेदार किसानों के लिए फसल साझा/कास्तकार का घोषणा पत्र।

• किसान भाईयों से आग्रह है कि फसल बीमा की खरीफ मौसम के लिए अंतिम तिथि **31.07.2024** से पूर्व निकटतम राष्ट्रीयकृत बैंक शाखा/क्षेत्रीय ग्रामीण बैंक/जिला सहकारी बैंक/प्राथमिक सहकारी समितियाँ/लोक सेवा केन्द्र (CSC)/भारत सरकार की बीमा पोर्टल के माध्यम से फसल का बीमा करा सकते हैं।
• योजना के संबंध में अधिक जानकारी के लिए कृषि अधिकारी/राजस्व अधिकारी/बैंक/CSC एवं एचडीएफसी क्षेत्रीय/जिला/तहसील कार्यालय से संपर्क करें।



प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना मौसम खरीफ 2024 के अन्तर्गत जिलावार/फसलवार बीमित राशि एवं कृषक द्वारा देय प्रीमियम राशि (रु./हे.)
(खरीफ 2024 मौसम के अन्तर्गत एचडीएफसी एर्गो को अधिकृत जिलों के अधिसूचित फसलों में बीमा के लिए देय प्रीमियम दर बीमित राशि का 2%)



स्थानीय आपदाएँ एवं फसल कटाई उपरान्त नुकसान होने पर 72 घंटों के भीतर अपनी फसल के नुकसान की सूचना यहाँ दें:
• राष्ट्रीयकृत बैंक शाखा/क्षेत्रिय ग्रामीण बैंक/जिला सहकारी बैंक/प्राथमिक सहकारी समितियाँ • लोक सेवा केन्द्र (CSC) • भारत सरकार की क्रॉप इंश्योरेंस ऐप।
• जिला/विकसखण्ड/तहसील स्तर के कृषि/राजस्व कार्यालय • शिकायत निवारण पोर्टल टोल फ्री नम्बर 14447

टोल फ्री नंबर: 14447 ई-मेल: pmfbychhattisgarh@hdfcergo.com वेबसाइट: https://pmfby.gov.in/farmer

एचडीएफसी एर्गो जनरल इंश्योरेन्स कंपनी लिमिटेड. आईआरडीएआई रजि. नं. 146, CIN: U66030MH2007PLC177117. पंजीकृत व कार्पोरेट कार्यालय: पहली मंजिल, एचडीएफसी हाउस, 165-166 बैकबे रेक्लेमेशन, एच.टी. पारेख मार्ग, चर्चगेट, मुंबई-400020. जोखिम घटकों, नियमों व शर्तों के बारे में अधिक जानकारी के लिए, कृपया बिक्री के समापन से पूर्व सेल्स ब्रोशर/प्रॉसपैक्टस को पढ़ लें. यूआईएन: Pradhan Mantri Fasal Bima Yojana - IRDAN125P0003V01201617 | CSC - Pradhan Mantri Fasal Bima Yojana - HDE-AG-P18-25-V01-17-18. UID:15492.




# दुनिया का सबसे महंगा कीड़ा, कीमत 75 लाख, रातों रात बदल देता है लोगों की किस्मत

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

आपने तरह-तरह के कीड़े देखे होंगे, लेकिन क्या आपने किसी कीड़े की कीमत 75 लाख रुपए सुनी है। बता दें ये कीड़ा स्टैग बीटल है जो दुनिया के सबसे महंगे कीड़ों में से एक है। स्टैग बीटल पृथ्वी पर सबसे दुर्लभ प्रजातियों में से एक है। स्टैग बीटल रातों रात लोगों की किस्मत बदल देता है। इसलिए, यह दुनिया का सबसे महंगा कीड़ा है। गुड लक के लिए इसे ताबीज बनाकर गले में पहना जाता है। स्टैग बीटल का सड़ी गली लकड़ी पर पूरा जीवन निर्भर रहता हैं। इसकी मुख्य पहचान इसके ब्लैक शाइनी सिर से निकलने वाले सींगों से की जाती है।

### हानिकारक नहीं होते

सागर में गर्ल्स डिग्री कॉलेज के प्राणी शास्त्र विज्ञान विभाग के प्रोफेसर मनीष जैन ने बताया कि स्टैग बीटल संकटग्रस्त प्रजाति के कीट मकोड़े हैं। मीडिया रिपोर्ट के अनुसार इनकी कीमत 75 लाख तक बताई जा रही है। बिटल प्रजाति के आधार पर यह हरे, गहरे भूरे, स्लेटी, लाल भूरे या काले रंग के भी हो सकते हैं। इनका डरावना रूप जरूर होता है पर यह मनुष्य और अन्य जानवरों के लिए कोई हानिकारक नहीं होते।



### बीटल की 1200 प्रजातियों का एक परिवार

स्टैग बीटल ल्यकेनीडे परिवार में बीटल की लगभग 1200 प्रजातियों का एक परिवार है। यूरोप के अधिकांश हिस्सों में एक प्रसिद्ध प्रजाति ल्युकेनस सर्वस (लाल काले रंग का ) हैं। जिसका जबड़ा लंबा होता है जो हिरणों के सींगो से मिलते जुलते हैं। अंग्रेजी में हिरण को स्टैग कहा जाता है। इसलिए इसके लक्षण की कारण इस बीटल का नाम स्टैग बीटल प्रचलित है।

### 2 से 6 ग्राम के बीच होता है वजन

उन्होंने बताया कि यूरोपीय देशों में इस ड लक के रूप में माना जाता है और इस मृत कीट की माला पहन कर गली में धारण करते हैं। इटली के लुकानिया में इस कीट को ताबीज के रूप में उपयोग किया जाता है। इसको अच्छी किस्मत का प्रतीक माना जाता है। इन कीड़ों का वजन 2-6 ग्राम के बीच होता है। इनका औसत जीवनकाल 3-7 साल का होता है। जहां मेल कीड़े 35-75 मिमी लंबे होते हैं। वहीं, फीमेल कीड़े की बात करें तो ये 30-50 मिमी लंबे होते हैं।

**करोड़ों में बिकने की आशंका**

# 15 करोड़ वर्ष पुराने सबसे बड़े स्टेगोसॉरस डायनासोर के कंकाल की 17 को होगी नीलामी

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

अब तक पाया गया दुनिया का सबसे बड़ा स्टेगोसॉरस डायनासोर का कंकाल अगले सप्ताह अमेरिका के न्यूयॉर्क में नीलम होने वाला है। इसकी अनुमानित कीमत करीब 60 लाख डॉलर (करीब 50 करोड़ रुपये) तक लगाई जा सकती है। इस स्टेगोसॉरस कंकाल का नाम एपेक्स है और यह करीब 15 करोड़ वर्ष पुराना बताया जा रहा है। यह कंकाल 11 फीट (3.3 मीटर) लंबा और लगभग 27 फीट (8.2 मीटर) चौड़ा है। बता दें कि इसे सोथबी नामक नीलामी घर में प्रदर्शित करने के लिए रखा गया था और 17 जुलाई को इसकी बिक्री तक इसे प्रदर्शित किया जाएगा।

### डायनासोर का 70-80 प्रतिशत हिस्सा है मौजूद

सोथबी के विज्ञान और लोकप्रिय संस्कृति के वैश्विक प्रमुख कैसंड्रा हैटन ने इसे दुर्लभ बताया। उन्होंने कहा, अगर आपको डायनासोर का आधा हिस्सा मिल जाए, तो यह एक महत्वपूर्ण वैज्ञानिक खोज मानी जाएगी। 60 प्रतिशत मिलना अविश्वसनीय है और जब आप 70-80 प्रतिशत तक पहुंच जाते हैं, तो पूरी दुनिया ध्यान देती है।


### वैज्ञानिक समुदाय ने नीलामी पर उठाए सवाल

इसे एपेक्स नाम स्टेगोसॉरस परिवार के भीतर इसकी प्रमुखता को उजागर करने के लिए दिया गया था। नीलामी घर ने एपेक्स का मूल्य 40-60 लाख (करीब 33-50 करोड़ रुपये) होने का अनुमान लगाया है, जो कि बढ़ भी सकता है। हालांकि, प्रतिष्ठित डायनासोर जीवाश्मों की बिक्री की वैज्ञानिक समुदाय ने आलोचना की है। उनका कहना है कि अवशेषों को संग्रहालयों या अन्य सार्वजनिक स्थानों पर संरक्षित किया जाना चाहिए और निजी बोलीदाताओं को नहीं बेचा जाना चाहिए।




### बुढ़ापे के कारण हुई होगी एपेक्स की मृत्यु

हैटन ने कहा, एपेक्स एक वयस्क उम्र का डायनासोर था और उसने शांतिपूर्ण जीवन जिया था। उन्होंने आगे कहा, उसकी हड्डियां जुड़ी हुई हैं, जो हमें बताती है कि उसे गठिया था। उसपर काटने का निशान या लड़ाई का कोई अन्य निशान नहीं है, इसलिए यह माना जा रहा है कि इसकी मृत्यु बुढ़ापे के कारण हुई होगी। विशेषज्ञ यह सुनिश्चित करने में सक्षम थे कि जानवर ने मृत्यु के वक्त अपनी पूंछ को शरीर के नीचे दबाया था।



### मई 2022 में पाया गया था स्टेगोसॉरस कंकाल

एपेक्स की खोज मई 2022 में अमेरिका स्थित कोलोराडो के मॉरिसन फॉर्मेशन में जीवाश्म विज्ञानी जेसन कूपर की निजी भूमि पर की गई थी। सोथबी ने खोज, उत्खनन, पुनर्स्थापन, तैयारी और स्थापना की पूरी प्रक्रिया का दस्तावेजीकरण करने के लिए कूपर के साथ मिलकर काम किया था। हैटन ने कहा, हम इसकी प्रामाणिकता की गारंटी लेने में सक्षम हैं। हमने इसे जमीन से बाहर आने से लेकर इसे यहां लाने तक की गई सभी प्रक्रियाओं को देखा है।

# अब जागा खाद्य अमला, वृद्धा के घर पहुंचा सात माह का राशन

**कोतबा (हरिभूमि न्यूज)।** विशेष संरक्षित जनजातीय समुदाय की 75 वर्षीय वृद्धा महिला को कई महीने से सरकारी राशन नहीं मिल रहा था। राशन दुकान की गड़बड़ी की जांच में पहुंचे खाद्य निरीक्षक ने उसे 7 माह का राशन उपलब्ध कराया और अब उसके आधार कार्ड में नॉमिनी जोड़ने की प्रक्रिया पूरी की गई है।



मामला जिले के पत्थलगांव ब्लाक के ग्राम पंचायत झिमकी के आश्रित गांव नया खूंटापानी गांव का है। जंगल के किनारे स्थित इस छोटे से गांव के एक मिट्टी के कच्चे मकान में दिन गुजार रही 75 वर्षिय धनकुंवर हसदा ने हरिभूमि को बताया कि उसके पति सुखीराम का लगभग 3 साल पहले लंबी बीमारी के बाद निधन हो गया था।








# टिटियन की पेंटिंग हुई थी चोरी, वापस मिलने के बाद 1.8 अरब रुपए में बिकी

**नई दिल्ली।** दुनियाभर में कला के कई प्रशंसक मौजूद हैं, जो पुश्तैनी और नायाब पेंटिंग्स को खरीदने के लिए करोड़ों रुपये खर्च कर देते हैं। इसी कड़ी में अब बेहद मशहूर पेंटर टिटियन की एक खूबसूरत पेंटिंग नीलम हुई है। उनकी इस पेंटिंग का नाम 'रेस्ट ऑन दा फ्लाइट इंटू इजिप्ट' है, जिसे साल 1510 में बनाया गया था। यह दुर्लभ पेंटिंग चोरी हो गई थी और इसके दोबारा मिलने के बाद हाल ही में इसे लंदन में नीलाम किया गया। यह पेंटिंग 1.8 अरब रुपए में बिकी।



### 1995 में चोरी हुई थी यह नायाब पेंटिंग

इस दुर्लभ पेंटिंग को विल्टशायर के लॉन्गलेट हाउस से साल 1995 में चुरा लिया गया था। हालांकि, सौभाग्य से 7 साल बाद यह पेंटिंग दोबारा ढूंढ़ ली गई थी। यह एक प्लास्टिक से बने थैले में रखी हुई पाई गई थी और इसका फ्रेम गायब था। इसे एक होनहार जासूस ने अपनी चतुराई और सूझ-बूझ से 2002 में ढूंढ़ निकाला था। खोजे जाने के करीब 23 साल बाद इसे नीलाम किया गया है।

### पेंटिंग पर बना है यह मनलुभावन दृश्य

इस पेंटिंग में एक कोमल दृश्य दर्शाया गया है, जिसमें मैरी यीशु को गोद में सुला रही हैं और जोसेफ उन्हें देख रहे हैं। यह पेंटिंग 2 फीट चौड़ी है और लकड़ी पर बनाई गई है। सालों से यह ऑस्ट्रियाई सम्राट जोसेफ द्वितीय जैसी कई प्रमुख हस्तियों के संग्रह का हिस्सा रही है और इसे वियेना के बेल्वेडियर महल में भी प्रदर्शित किया जा चुका है। फ्रांस के सैनिकों ने इसे 1809 में नेपोलियन के संग्रहालय से चुरा लिया था।





## मकान के पास जाते ही मजदूर हो जाते हैं बीमार, फट जाता है जेसीबी का टायर

■ मिट्टी के नीचे से निकली काली माता की मूर्ति

**नई दिल्ली।** कहां, कब, क्या हो जाए, पता ही नहीं चलता! मकान को तोड़ते हुए कोई सोचेगा कि उसके नीचे से काली माता की मूर्ति निकलेगी. पर ऐसा हुआ है। यह घटना बुधवार को बोलपुर के रथतला इलाके में हुई। मकान टूटने के बाद जैसे ही मूर्ति निकली, देखने के लिए लोगों की भीड़ उमड़ पड़ी। लोकल सोर्स की मानें तो ब्रिटिश काल के दौरान संतों ने काली मंदिर में ध्यान और जप किया था। तभी मंदिर में मां काली माता की मूर्ति स्थापित की गई थी। स्थानीय निवासी देबब्रत दुबे ने कहा, 'हर कोई जानता था कि यहां माता का मंदिर है और कुछ खास है, जिसने भी इस जगह को बनाने का सपना देखा है वह बीमार पड़ गया।' लोगों ने बताया कि इस बार भी मशीनों के साथ मजदूरों को बुलाया गया। घर तोड़ने के लिए जा रही जेसीबी का टायर फट गया और धमाके जैसी आवाज भी आई।







हरिभूमि कम्यूनिकेशन्स प्राइवेट लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक अनिल कुमार द्वारा हरिभूमि पब्लिकेशन्स, टिकरापारा, धमतरी रोड, रायपुर (छत्तीसगढ़)-492001 से मुद्रित एवं हरिभूमि काम्पलेक्स, टिकरापारा, धमतरी रोड, रायपुर (छत्तीसगढ़)-492001 से प्रकाशित। प्रधान संपादक : डॉ. हिमांशु द्विवेदी, स्थानीय संपादक धनंजय वर्मा, संपादक (समन्वय) ब्रह्मवीर सिंह। RNI No. CHHHIN/2002/07457, फोन : 0771-4242222, e-mail:raipur@haribhoomi.com